राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 शतरंज ओलंपियाडः गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक जंगलराज का प्रमाण.....12

वर्ष : 12 | अंक : 159 | पटना, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.0°C
न्यूनतम तापमान 17.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## जम्मू-कश्मीर फिर से बनेगा राज्य, भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को करेगी पूरा : मोदी

प्रात : किरण



श्रीनगर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इन तीन खानदानों का सियासी एजेंडा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भारतय जनता पार्टी ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर को सिर्फ तशद्दुद यानी डर और इंतशार यानी अराजकता ही दी है। उन्होंने कहा, लेकिन अब जम्मू-कश्मीर, इन तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद से आजाद करना, जम्मू कश्मीर के खिलाफ साजिश करने वाली हर ताकत को हराना और यहां के नौजवानों को यहीं पर रोजगार के मौके दिलाना, यह मोदी का इरादा है और मोदी का वादा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर की वर्तमान पीढ़ी को तीन खानदानों के हाथों तबाह नहीं होने देंगे और इसलिए वह यहां अमन की बहाली के लिए पूरी ईमानदारी से जुटे हैं। उन्होंने कहा, आज देखिए, पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बंपर मतदान ने पत्थरबाजी और दहशतगर्दी की हमदर्द पार्टियों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, यहां की अवाम को मोदी की सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। चुनाव में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने के प्रमुख मुद्दे पर भी मोदी ने अपना पक्ष रखा और कहा कि उन्होंने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा। उन्होंने कहा, भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। हम जो कहते हैं, वह करते हैं।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए व्यापक सुधार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में कई सुधार किए हैं। इन कदमों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करे। प्रधानमंत्री का संदेश विश्व खाद्य भारत 2024 के तीसरे संस्करण में पढ़ा गया। यह कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देश हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने कहा, आधुनिक युग में प्रगतिशील कृषि पद्धतियों, मजबूत प्रशासनिक ढांचे और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के जरिये हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए व्यापक सुधार लागू किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, खाद्य प्रसंस्करण में 100 प्रतिशत एफडीआई, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के जरिये हम देश भर में आधुनिक बुनियादी ढांचे, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का मजबूत परिवेश तैयार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में कोई कानून-व्यवस्था नहीं : लालू

नई दिल्ली। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के नवादा में कई लोगों के घरों में आग लगाए जाने की घटना को लेकर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रदेश में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है और मुख्यमंत्री विफल हो गए हैं। प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के उस बयान को लेकर उन पर भी निशाना साधा जिसमें उन्होंने दावा किया है कि नवादा घटना में गिरफ्तार किए गए 90 प्रतिशत लोग एक विशेष जाति के हैं और राजद समर्थक हैं। लालू प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, जीतन राम मांझी पूरी तरह से गुमराह हैं और वह देश के लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं पता लगाऊंगा कि वहां (नवादा) क्या हुआ है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने बाद में कहा, यह बहुत गलत है। बिहार में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है। नीतीश कुमार विफल हो गए हैं। नवादा के मांझी टोला में 21 मकानों में आग लगाने की घटना के एक दिन बाद पुलिस ने अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा की घटना की निंदा की और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) को व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल का दौरा करने तथा जांच की निगरानी करने का निर्देश दिया।

### मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन चार एक्सप्रेस-वे व हाईवे से संबंधित की उच्चस्तरीय समीक्षा

## एक्सप्रेस वे के निर्माण से राज्य में आवागमन को और मिलेगी गति : नीतीश

● बोलें-राज्य के किसी कोने से राजधानी पटना 5 घंटे में पहुंचने का लक्ष्य

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार राज्य में प्रस्तावित एवं निमाणार्धीन चार एक्सप्रेस-वे व हाईवे गोरखपुर-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया, पटना-पूर्णिया ग्रीनफील्ड तथा आमस-दरभंगा पथ से बोधगया, राजगीर की संपर्कता से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन एक्सप्रेस-वे के निर्माण से राज्य में आवागमन को और गति मिलेगी। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर आने-जाने में समय की काफी बचत होगी। वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से आवागमन को बेहतर करने के लिए सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। राज्य के किसी कोने से राजधानी पटना 5 घंटे में पहुंचने के लिए पथों का नेटवर्क विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के लिए भू-अर्जन का काम ठीक ढंग से ससमय सुनिश्चित करायें और इस कार्य में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे तथा हाईवे से संबंधित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संजीव पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक तथा एनएचएआई के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 1,575 किमी एक्सप्रेस-वे पथ के निर्माण पर 84 हजार 734 करोड़ होंगे खर्च

समीक्षा के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गयी कि इन चार प्रमुख परियोजनाओं के तहत 1,575 किमी एक्सप्रेस-वे पथ के निर्माण पर 84 हजार 734 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें बिहार में पथों की लंबाई 1,063 कि०मी० होगी और इस पर 59 हजार 173 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के अनुरूप आज राज्य के किसी भी कोने से 05 घंटे में राजधानी पटना पहुँचने हेतु पथों का नेटवर्क विकसित किया गया है। अब आगामी 05 वर्षों में राज्य के किसी भी कोने से 04 घंटे में पटना पहुँचने के लक्ष्य की कार्य योजना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत राज्य में नये एक्सप्रेस-वे/हाईवे के निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे, बिहार राज्य के आठ जिलों यथा-पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया तथा किशनगंज से होकर गुजरेगा जिसकी कुल लंबाई 600 किमी होगी। इसमें बिहार राज्य में 415 किमी लंबा पथांश शामिल होगा। इसके लिए 100 मी चौड़ाई में भू-अर्जन किया जाना है। रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे रक्सौल अवस्थित अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट से निकटतम बंदरगाह, हल्दिया से त्वरित सम्पर्कता प्रदान करने के दृष्टिकोण से इस परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसकी कुल लंबाई 702 किमी है जिसमें बिहार राज्य में 367 किमी हिस्सा पड़ेगा। यह बिहार राज्य में पूर्वी चंपारण, शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई तथा बांका जिलों से होकर गुजरेगा। इसके लिए 100 मी चौड़ाई में भू-अर्जन किया जाना है। पटना-पूर्णियाँ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, पटना रिंग रोड में प्रस्तावित दिघवारा ब्रिज से प्रारंभ होकर यह पथ पूर्णियाँ तक बनाया जायेगा जिसकी कुल लंबाई 250 किमी होगी। यह पथ सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा एवं पूर्णियाँ जिलों से होकर गुजरेगा। इसके लिए 100 मी चौड़ाई में भू-अर्जन किया जाना है। आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे पथ से बोधगया, राजगीर की सम्पर्कता हेतु 4 लेन स्पर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 45 मी चौड़ाई में भू-अर्जन किया जाना है।

### फेसबुक अकाउंट पर इस्तीफे की जानकारी को किया साझा

## आईपीएस शिवदीप लांडे ने दिया इस्तीफा



प्रात : किरण

पटना/नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार कैडर के चर्चित आईपीएस अफसर शिवदीप लांडे ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से दी। उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे कोई खास वजह नहीं बताई है। लेकिन, उन्होंने साफ कहा कि वह आगे बिहार में ही रहेंगे और बिहार ही उनकी कर्मभूमि होगी। पूर्णिया रेंज के आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने गुरुवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर इस्तीफा देने की जानकारी साझा करते हुए लिखा, मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षों से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षों में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस से त्यागपत्र दिया है, परंतु मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी। वहीं, मीडिया से बात करते हुए आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने इस्तीफा देने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि मैंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। बता दें कि आईपीएस अफसर शिवदीप लांडे की पहचान लोगों के बीच सिंघम के नाम से भी मशहूर है। वह मूलतः महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। हालांकि, उनका अधिकांश समय बिहार में गुजरा है। साल 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे बिहार के कई जिलों में अपनी सेवा दे चुके हैं। वह पटना, अररिया, मुंगेर के एसपी भी रहे हैं। शिवदीप लांडे के इस्तीफा देने के बाद सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा होने लगी है कि अब वो किस क्षेत्र की ओर रुख करेंगे। सबसे ज्यादा इस बात पर चर्चा हो रही है कि वह राजनीति में अपनी अगली पारी की शुरूआत कर सकते हैं। बीते कुछ सालों में कई ऐसे नौकरशाह रहे हैं, जिन्होंने राजनीति में कदम रखा है। इनमें डीजीपी रहे डीपी ओझा हों या फिर गुप्तेश्वर पांडेय, यहां तक कि आशीष रंजन, अशोक गुप्ता तक ने राजनीति में कदम रखा। हालांकि, सियासत में इन्हें कोई खास पहचान नहीं मिल सकी।

## नवादा कांड : मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 15 गिरफ्तार



प्रात : किरण

पटना। नवादा जिले के मुफस्सिल थाना के अंतर्गत कृष्णा नगर गांव में 18 सितंबर को कुछ लोगों के द्वारा कई घरों में आग लगा दी गई। इस घटना की सूचना मिलते ही बिहार पुलिस हरकत में आ गई और मामले में मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर लयिा। इनके पास से तीन कट्टा एवं खोखा बरामद हुआ है। अन्य आरोपियों एवं संदिग्धों की गरिफ्तारी के लएि पुलसि छापेमारी कर रही है। बता दें कि 18 सितंबर को नवादा पुलिस को सूचना मिली थी कि शाम करीब सात बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णानगर में कुछ लोगों ने कई घरों में आग लगा दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, तो पता चला कि यह मामला जमीन के विवाद का है। घटना के संबंध में बिहार पुलिस ने एक बयान जारी किया है। पुलिस ने बताया, बुधवार को हुई घटना की सूचना मिलते ही नवादा पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। जिलाधिकारी व नवादा पुलिस अधीक्षक ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। इस घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। घटना को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस द्वारा जगह-जगह छापेमारी की गई। नवादा एवं पास के जिले से घटना के मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बिहार पुलिस के अनुसार, घटना का कारण वर्ष 1995 से ही लंबित जमीन के विवाद माना जा रहा है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। घटना से संबंधित कोई जानकारी होने पर पुलिस से शेयर करने का आग्रह भी कयिा गया है।

## पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की छापेमारी

प्रात : किरण



गया/एजेंसी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के कार्यकताओं के साथ गैरकानूनी गतिविधियों में कथित संलिप्तता की जांच को लेकर गया जिले में बिहार विधान परिषद की एक पूर्व सदस्य सहित दो लोगों के परिसरों पर बृहस्पतिवार को तलाशी ली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और गोइंथा गांव में द्वारिका यादव के परिसरों में तलाशी ली। सूत्रों ने कहा कि यह तलाशी अभियान बिहार के मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को फिर से खड़ा करने और सशक्त करने की भाकपा माओवादी की साजिश के संदर्भ में एनआईए की जांच का हिस्सा है। यह मामला 2023 में रोहित राय और प्रमोद यादव नामक आरोपियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद के साथ भाकपा माओवादी मगध क्षेत्रीय संगठन समिति से संबंधित दो पुस्तिकाओं की बरामदगी और जब्ती से संबंधित है। दोनों अपने सहयोगियों के साथ कथित तौर पर गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे और भाकपा माओवादी की हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठेकेदारों और ईंट भट्ठा मालिकों से अवैध तौर पर राशि की उगाही भी कर रहे थे। अधिकारी एनआईए की कार्रवाई के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। मनोरमा देवी से जुड़े परिवार के सदस्यों को पहले भी भाकपा माओवादी के कैडरों के साथ संबंध के आरोप में जांच एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था। कई बार प्रयास किये जाने के बावजूद मनोरमा देवी इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सकीं। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने पत्रकारों से कहा, एनआईए ने गया में अपने तलाशी अभियान के लिए जिला पुलिस से सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिसे केंद्रीय जांच एजेंसी को मुहैया कराया गया था।

### पेपर लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल पेपर लीक मामले में पुलिस ने बिहार के दानापुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम वीरेंद्र कुमार शर्मा और शंकेश हैं। रांची से दानापुर गई पुलिस की स्पेशल टीम ने बिहार पुलिस के सहयोग से इन दोनों को शनिचरा स्थान में छापेमारी करके गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। इस मामले में जुलाई महीने में बिहार के आरा से अमन सिंह नामक शख्स को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से कई परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड, पेपर उपलब्ध कराने के एवज में मनी ट्रांजैक्शन के साक्ष्य, लैपटॉप और मोबाइल बरामद किए गए थे। अमन सिंह से पूछताछ में दानापुर में छिपे दो आरोपियों के बारे में सुराग मिले थे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 28 जनवरी को आयोजित कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था।

**सम्मेलन** | रक्षा मंत्री ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को किया संबोधित ............

## हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना : राजनाथ

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूत नौसैनिक क्षमता की जरूरत पर बल देते हुए नौसेना के शीर्ष कमांडरों से मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। राजनाथ सिंह ने गुरूवार को यहां नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में कमांडरों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए और कमांडरों को समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की और इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से संवेदनशील बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक समय समुद्र तटों से घिरा हुआ देश था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीप देश के रूप में देखा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में प्रथम उत्तरदाता के रूप में विश्वसनीयता के लिए भारतीय नौसेना की तत्परता की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो इसे मूल्यवान बनाता है। वहीं, समुद्र में समुद्री डकैती, अपहरण, ड्रोन हमले, मिसाइल हमले और समुद्री केबल कनेक्शन में व्यवधान जैसी घटनाएं इसे बेहद संवेदनशील बनाती हैं। हमारी नौसेना ने इंडो-पैसिफिक के सभी हितधारक देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके समुद्री डकैती विरोधी अभियानों को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है। जब भी जरूरत होगी, हम क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षमता विकास के लिए अत्याधुनिक जहाजों, पनडुब्बियों आदि को शामिल करके भारतीय नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाने के सरकार के प्रयास को दोहराया। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय शिपयार्डों में 64 जहाज और पनडुब्बियां निमाणार्धीन हैं, और 24 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के लिए ऑर्डर दिए गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि, पिछले पांच वर्षों में, नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का त्वरित विकास हुआ है। नौसेना के स्वदेशीकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कमांडरों को आत्मनिर्भरता हासिल करने के संकल्प को और मजबूत बनाने के तरीके तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नौसेना को खरीदार से निमार्ता में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।

## कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक हैं : शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आर्टिकल-370 पर ख्वाजा आसिफ के बयान को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल-370 और 35(ए) पर कांग्रेस और जेकेएनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान के बहाने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और वरिष्ठ पत्रकार हामिद मीर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आर्टिकल-370 को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसे लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस भाजपा के निशाने पर आ गई है। इस वीडियो में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने जियो टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा कि आर्टिकल-370 की बहाली पर पाकिस्तान कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लपाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल-370 और 35 (ए) पर कांग्रेस और जेकेएनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुनः यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करनी हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल-370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ किशोर पकड़ाया

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने सौ लीटर देसी शराब के साथ एक किशोर को पकड़ा है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि स्कूटी पर किशोर शराब ले जा रहा था। मारूफगंज मंडी के पास वाहन जांच के दौरान उसे पकड़ा गया। पुलिस पकड़े गए किशोर से पूछताछ कर धंधे से जुड़े अन्य की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### विश्वकर्मा भगवान की पूजा के बाद विसर्जन जारी

पटना सिटी (प्राकि)। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना दादर मंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर, चौकशिकारपुर व गुड़ की मंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर के साथ मंगल तालाब, मीना बाजार सहित अन्य सब-स्टेशनों में की गई। गैराज, कल-कारखाना, निजी वाहन आदि की पूजा की गई। भारतीय मजदूर संघ की ओर जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी की अध्यक्षता में विश्वकर्मा पूजा की गई। वहीं विश्वकर्मा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई थी। उन प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को भी किया गया।

### श्री गांधी स्मारक पूजा समिति, बौली मोड़ दशहरा पर पूजा

पटना सिटी (प्राकि)। श्री गांधी स्मारक पूजा समिति, बौली मोड़ पर दशहरा पूजा, 2024 की वार्षिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष बलराम चौधरी ने किया। बैठक में पिछले वर्ष दशहरा पूजा में आय एवं व्यय पर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष श्री शिव गुप्ता ने बताया कि पिछले दशहरा पूजा में बचे हुए का हिसाब लगभग 7,250 रुपया है। अध्यक्ष बलराम चौधरी ने कहा कि इस साल भी श्री गांधी स्मारक पूजा समिति अच्छे से पर्व मनाएगी। दस दिवसीय पूजा एवं पांच दिवसीय सेवा शिवर और आने वाले बड़ी देवी जी एवं काली पूजा समिति, रानीपुर का भव्य स्वागत भी किया जाएगा। बैठक में महासचिव विक्की अवस्थी, पप्पू गुप्ता, मनोज सिंह, शक्ति गुप्ता, आको अवस्थी, मनोज मेहता, टोनी चौधरी, विशाल कुमार, भूषण माली, कुंदन माली आदि उपस्थित थे।

### नेत्रदानी परिवार का किया गया सम्मान

पटना सिटी (प्राकि)। दधीचि देहदान समिति बिहार के जागरुकता अभियान के तहत पटना सिटी के काली स्थान के निवासी सुधीर मोहन शारदा की धर्मपत्नी स्व श्रीमती कमला देवी शारदा जी के देहांत के बाद परिवार ने नेत्रदान कराया था। उन सबों ने समाज को मानवता का संदेश दिया है। गुरुवार को उनके आवास पर समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन, उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव एवं समिति के सदस्यों द्वारा परिवार को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं तुलसी पौधा देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती कमला देवी शारदा जी की आंखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। मृत्यु सुनिश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण अरुण सत्यमूर्ति, गोविंद कानोडिया, सौरव शारदा, संजीव देवड़ा, संतोष सराफ, प्रभात भरतिया, प्रदीप बड़ेलिया, पारस जैन आदि ने पुष्पांजलि की। समिति के महासचिव ने उपस्थित परिवार के सदस्यों का आह्वान किया की महर्षि दधीचि की इस अंगदान की परम्परा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान करें।

# बीमार नवजातों को एसएनसीयू दे रहा सांसे

- विविध प्राणरक्षक उपकरण एवं दवाएं हैं उपलब्ध
- रेफरल स्थानों पर रखी जा रही नजर

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य में जीरो से 28 दिन तक के नवजातों को सांस देने में एसएनसीयू काफी मददगार साबित हो रहा है। यह बातें पिछले एक वर्ष के दौरान राज्य के एसएनसीयू में नवजातों की देख रेख और सेवा की गुणवत्ता के कारण मृत्यु दर 5 से 3 पर आ गयी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों में नवजातों की मृत्यु दर 5 से कम होनी चाहिए। इस बात में राज्य के आंकड़े सुकून देने वाले हैं। एसएनसीयू में नवजातों की उचित देखरेख तथा उनके उपचार में मानव संसाधन एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके मद्देनजर राज्य के 45 एसएनसीयू में लगभग 150 चिकित्सक पदस्थापित हैं। एसआरएस 2020 के अनुसार राज्य में नवजातों की मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित बच्चों में 21 है। वहीं एक हफ्ते तक के नवजातों में मृत्यु दर प्रति एक हजार 16 है।

**चार बीमारियों के उपचार पर दिया जा रहा विशेष बल**

एसएनसीयू की गुणवत्ता और प्रमाणिकता को बनाने के लिए एसएनसीयू से उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफरल केस को कम से कम रखने की जरूरत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए हाल ही में हुए विभागीय रिव्यू के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने भी एसएनसीयू के तहत रेफरल प्वाइंट को 10 प्रतिशत से कम करने का भी लक्ष्य रखा है। राज्य में संचालित एसएनसीयू में चार बीमारियों के उपचार पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिनमें एक्नेम्सिया, प्री मेच्योर बर्थ, कम वजनी बच्चे और हाइपोथर्मिया है। नवजात की बीमारियों में सहायक उपकरणों की भी आवश्यकता पड़ती है, जिसके निराकरण के लिए रेडिएंट वार्मर, फोटोथेरेपी मशीन, अम्बु बैग, ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम, सक्शन मशीन, सी-पैप, ऑक्सीमीटर जैसे मशीन लगायी गयी है, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटा जा सके।

**मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप पर दिया जा रहा ध्यान**

किसी भी कार्यक्रम की सफलता मॉनिटरिंग एवं उसके निरंतर फॉलोअप पर निर्भर करती है। आंकड़ों का सत्यापन और निरंतरता भी कार्यक्रम संचालन के लिए महत्वपूर्ण होती है। इसे ध्यान में रखते हुए जिलों से एसएनसीयू में भर्ती बच्चों की संख्या, उपलब्ध बेड पर नवजातों की भर्ती और लक्ष्य के अनुरूप नवजातों के डिस्चार्ज रेट पर भी लगातार ध्यान दिया जा रहा है। नवजातों के मृत्यु दर में दो प्रतिशत की कमी भी सतत मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण का ही प्रतिफल है।

## तीन नाबालिग को पुलिस ने पटना जंक्शन के पास से किया बरामद

**मोबाइल दुकान में चोरी नागड़वा रिपेयरिंग किया मोबाइल गायब**



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

घर से लापता हुए तीन बच्चों को आलमगंज थाना की पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। सभी इसी थाना क्षेत्र के मीरशिकार टोली के रहने वाले हैं। दूसरी और इसी थाना क्षेत्र के मोबाइल दुकान से 10 हजार नगद और मरम्मत किया हुआ मोबाइल चोरी कर ली गई है।

इस संबंध में मीर शिकार टोली के रहने वाले परिजनों के द्वारा 18 सितंबर को आलमगंज थाना की पुलिस को सूचना दी गई थी। तीनों ही नाबालिग बच्चे आपस में दोस्त हैं और परिवार में बिना बताए ही घर से कहीं निकल गए थे। सूचना के आधार पर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए छानबीन में लग गई। पुलिस ने बच्चों के घर से लेकर उसके जाने के रूट में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालना शुरू किया। पुलिस की माने, तो बच्चे खेलने के क्रम में रास्ता भटक कर निकल गए थे। पुलिस ने बच्चों को पटना जंक्शन के पास से बरामद किया है। पुलिस ने बच्चों को परिजनों को सौंप दिया है। परिजन भी अपने बच्चों को सही सलामत पाकर खुश हैं और पुलिस को साधुवाद दे रहे हैं। दूसरी ओर आलमगंज थाना क्षेत्र के जानकी मोबाइल केयर दुकान से 60 हजार की संपत्ति चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

दुकानदार राजन कुमार ने बताया कि सुबह में जब वह दुकान खोला, तो अंदर में सामान बिखरा पड़ा था। दुकानदार ने जब काउंटर चेक किया, तो दस हजार रुपया गायब पाया। ग्राहक का बनाया हुआ 40 हजार मूल्य का मोबाइल और 10 हजार के मरम्मत वाले पार्ट्स गायब थे। दुकानदार ने बाहर लगे क्लोज सर्किट कैमरा देखा, तो उसमें दिखा कि एक अज्ञात व्यक्ति रात करीब तीन बजे दुकान की छत से चढ़ रहा है। दुकानदार का मानना है कि दुकान पर चढ़े व्यक्ति ने ही चोरी किया होगा।

## संतो के दर्शन से मिलाता है सारे तीर्थ का फल - मंहत ब्रजेश मुनि महाराज



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। स्थानीय कबीरपंथी आश्रम सद्गुरु कबीर साईं मंदिर मीठापुर में मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर जगदीश धाम कोल्हापुर महाराष्ट्र से धार्मिक यात्रा पर निकले श्री हिंदूराव शिंदे, श्री जयसिंह मुगदम, श्री शिवाजी माने , श्री शिवाजी उगले सहित श्रद्धालु भक्तजनों ने कबीर साईं मंदिर एवं आचार्य महंत ब्रजेश मुनि महाराज जी का दर्शन किया। इस अवसर पर महंत ब्रजेश मुनि महाराज जी ने कहा कि तीर्थ गए एक फल संत मिल फल चार। सद्गुरू मिले अनेक फल कहै कबीर विचार संत के दर्शन से परमात्मा की याद आती है। यह ध्यान यज्ञ है। संत से ज्ञान चर्चा करने से ज्ञान यज्ञ का फल मिलता है। यह दूसरा फल है। तीसरा फल जब संत घर पर आएगा तो सेवा का फल मिलेगा तथा चौथा फल यदि इस प्रकार संत मिले फल चार। जब सत्गुरू मिल गए तो सर्व मिल गए, मोक्ष भी मिल जाता है और संतो के दर्शन से सारे तीरथ का फल मिल जाता है। इसी कड़ी में युवाचार्य संत श्री विवेक मुनि महाराज जी ने कहा कि संत मिलन को जाइए तज माय अभिमान, ज्यों-ज्यों पग आगे बढ़े कोटि यज्ञ समान संतों के दर्शन से पहले अभिमान त्याग देना चाहिए। संतों के दर्शन के लिए चलने वाले व्यक्ति के हर कदम का फल यज्ञ के समान होता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र से पधारे भक्तों ने गुरु पूजन किया और कोल्हापुर से पधारे हिंदूराव शिंदे जी ने कहा कि विश्व का यह पहला मंदिर है जहां पर सदगुरु कबीर और साईं बाबा एक स्थान पर प्रतिष्ठित है। हम इस मंदिर का दर्शन करके धन्य हो गए। इस दौरान मंहत किशोरी दास, मंहत डी भास्कर, मंहत परमानंद शास्त्री की उपस्थिति थी। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर साईं मंदिर के महिला मंडल की प्रधान रुबी देवी, उषा देवी, रिंकु देवी, चंदनेश्वर कमलेश आदि ने कबीर और साईं के भजन गाकर वातावरण को भक्ति मय बनाए।

## पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण**

प्रात :किरण संवाददाता




पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन किया किया जा रहा है । इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों तथा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों आदि स्थानों पर सुरक्षा पीपीई किट एवं अन्य उपकरणों का वितरण किया गया । दानापुर मंडल के पटना, राजेन्द्र नगर, पटना सिटी, मोकामा, बक्सर, पाटलिपुत्र एवं अन्य स्टेशनों पर लगभग 520 पीपीई किट का वितरण किया गया। साथ ही 248 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। धनबाद मंडल के गोमो, कोडरमा, बरकाकाना, पतरातु, बड़वाडीह एवं चोपन में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 155 सफाई मित्रों ने भाग लिया जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही साथ 91 कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किया गया। इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मंडल के गया एवं डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर सफाई सुरक्षा मित्र शिविर का आयोजन कर 41 सफाई मित्रों ने का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सोनपुर मंडल के अंतर्गत नाले की साफ-सफाई, बरौनी एवं गढ़हरा में पौधारोपन किया गया । मंडल द्वारा एक पेड़ माँ के नामह्यह्य अभियान के तहत अधिकारियों द्वारा 45000 पौधे लगाये गये। हाजीपुर एवं मुजफ्फरपुर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 43 सफाई मित्रों ने भाग लिया जिनके द्वारा मानसी, सोनपुर एवं बेगुसराय के रेल खण्डों में रेलवे ट्रैक की साफ-सफाई की गई। समस्तीपुर मंडल में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया । इसके तहत मंडल के नरकटियागंज, दरभंगा, मोतिहारी, समस्तीपुर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 186 सफाई मित्रों ने भाग लिया जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही समस्तीपुर मंडल के स्काउट एवं गाइड के बच्चों एवं कर्मचारियों ने जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया एवं कॉलोनी एवं स्टेशन परिसर में लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा के दौरान श्रमदान, स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता एवं पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधन की साफ-सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता रेल परिसर से उत्पन्न कचरे का निष्पादन, एनजीओ एवं चैरिटेबल संस्था के सहयोग से आम लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।

## सिटी उपकारा में एसपी ईस्ट व एसडीओ ने तलाशी अभियान चलाया

- नहीं मिला आपत्तिजनक सामान, जेल सुरक्षा में लगे पदा. व वार्डन को पढ़ाया पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शुभांक मिश्र, एसडीओ सत्यम सहाय, एएसपी अतुलेश झा के साथ पुलिस टीम ने गुरुवार को पटना सिटी उपकारा में छापेमारी की। इस दौरान बंदियों के बीच तलाशी अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह और डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र के निर्देश पर चले तलाशी अभियान के दौरान किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री उपकारा के अंदर से नहीं मिला। सिटी एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान नशीला पदार्थ व आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। इस दौरान जेलकर्मियों को परिसर में निगरानी रखने और जेल नियमावली के अनुपालन का निर्देश दिया गया है। जेल के प्रभारी उपाधीक्षक जेलर नीतीश कुमार ने बताया कि जेल प्रशासन नियमानुसार बंदियों को रखा जाता है। छापेमारी के दौरान जेल में 116 बंदी यहां थे, जबकि इसकी क्षमता महज 36 बंदियों की है।

## राहुल गांधी के बयान पर भड़का सिख समुदाय

**कांग्रेस के चाल चरित्र में है देश का करना अपमान**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सिख धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर सिख समुदाय के लोगों में खासा गुस्सा है। उन सबों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका और उनके विरुद्ध जमकर नाराबाजी की। सिखों ने कहा कि पगड़ी, कड़ा और कटार का उनका जीवन और धर्म से सीधा संबंध है। इसकी मयार्दा भंग करने वाले राहुल गांधी को सिख समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा के पास एकत्रित हुए और सभी लोग पदयात्रा करते हुए भगत सिंह चौक पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी के विरोध में जम कर नाराबाजी की गई। इसके बाद भगत सिंह तिराहा पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी भी देखी गई। वक्ताओं ने कहा कि कुछ दिनों पहले अमेरिका में एक इंटरव्यू के दौरान राहुल गांधी ने सिख धर्म पर जो आपत्तिजनक टिप्पणी की है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। कांग्रेस के चाल चरित्र में विदेश में जाकर अपने देश का अपमान करना। और यह ताजा प्रकरण इस बात का प्रमाण है। वक्ताओं ने कहा कि 1984 के सिख दंगे को आज भी सिख समुदाय भुला नहीं है। राहुल गांधी के इस बयान ने यह साबित कर दिया कि वे सिख समुदाय के कितने विरोधी हैं। तेजिंदर सिंह बंटी ने तो यहां तक कहा कि वह सब देश के पांच प्रमुख तख्त के जत्थेदार सिंह साहिबान से निवेदन करेंगे कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को गुरुद्वारा में प्रवेश नहीं करने दिया जाए। प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में सरदार महाराजा सोनू सिंह, तजिंदर सिंह बंटी, दया सिंह, गुरविंदर सिंह, अजय सिंह ह्यचप्पूह्न, इकबाल सिंह, दीपक सिंह, यशवंत सिंह खालसा, सत्यम सिंह, अवधेश सिंह, ग्रंथी अजय सिंह, मिथिलेश सिंह, रेखा कौर, रेणु कौर, प्रीति कौर, शोभा कौर , कुंती कौर सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल थे।

### चोरी के सामान व तीन लाख नगद के साथ चोर गिरफ्तार

पटना सिटी, सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने घघा रोड के रहने वाले भोलानाथ ज्ञानी के बंद घर में 23 अगस्त की रात हुई चोरी के मामले में उपलब्धि हासिल की है। दरअसल चोरों ने घर का ताला तोड़कर 30 लाख नगद और अन्य सम्मान की चोरी की थी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपी को तीन लाख नगद और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर गुलबी घाट का रहने वाला अप्राथमिक अभियुक्त साहिल उर्फ टिलकू है। पुलिस ने उसके पास से तीन लाख रुपया नगद और एक मोबाइल जब्त किया है। दरअसल घघा रोड के रहने वाले भोलानाथ यानी के बंद घर में 23 अगस्त की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तब घर के लोग मुंगेर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगद और दौरान सामान्य की चोरी कर ली थी। इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में मामला दर्ज कराया गया था। वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसने पूछताछ में चोरी की घटना में शामिल तीन अन्य लोगों के नाम और पता की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस उसके द्वारा बताए गए आधार पर अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## बाइक चालक व सवार हेलमेट नहीं पहना तो बुलेट ऑनर को भेजा चालान

**पटना ट्रेफिक पुलिस के अजीब कारनामे, पगड़ीधारी सिखों को भी हेलमेट नहीं पहनने पर चालान**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बाइक चला रहे और पीछे बैठा सवार दोनों हेलमेट नहीं लगा रखा था और गाड़ी चला रहा था ट्रैफिक पुलिस ने उसकी तस्वीर उतारी और चलाने दिया गया मगर यहां गलती हो गई चालान भेजने में जिस मोटरसाइकिल नंबर का जिक्र करना चाहिए था वह तो है मगर एक अक्षर की अंतर के कारण चालान बुलेट मोटरसाइकिल के मालिक के पास चला गया वह परेशान हैं। दरअसल रफी पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक और सवार को बिना हेलमेट पहनने पर चालान भेजा है। चालान में रहा फोटो में मोटरसाइकिल चालाक और सवार को बिना हेलमेट का दिखाया जा रहा है मोटरसाइकिल पर आगे में नंबर प्लेट पर नंबर बीआर 01सीजी 0754 है। मगर कल टोल रूम में बैठकर फोटो खींचकर चालान भेजने वाले पुलिस कर्मियों ने से यहां गलती हो गई। चालान बुलेट मोटरसाइकिल बीआर 01सीसी 0754 के ऑनर उपेंद्र कुमार को भेज दिया गया है। श्री उपेंद्र पटना साहिब स्टेशन पर स्टेशन मास्टर जी रूप में पद स्थापित है वह बताते हैं कि वह जब से मोटरसाइकिल का इस्तमाल कर रहे हैं बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाते हैं फिर भी उनके मोबाइल पर चालान यातायात पुलिस के द्वारा भेजा गया है। मगर उसमें त्रुटि रह गई है अब उन्हें हर जा खर्चा सहते हुए यातायात के अधीक्षक के कार्यालय में जाकर इसे शुद्धि कराना होगा उसके लिए आवेदन देना होगा पता नहीं ठीक हो पाएगा भी या नहीं। इसके पूर्व जी हेलमेट नहीं पहने ने यह आरोप में कार मालिक को चालान भेजा गया था। यही नहीं, पगड़ीधारी सिखों को भी दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के चलाने पर चालान भेज दिया जा रहा है। हालाकि सिक्खों को हेलमेट पहनने से छूट दी गई है कारण की जो वह 10 साल मांगते हैं वह खाता बड़े और लंबे कपड़े का होता है। दो पिया वाहन चलाते समय राष्ट्रीय स्तर पर पगड़ीधारी सिखों को हेलमेट पहनने से छूट दी गई है।

## सीमा शुल्क ने लाखों रुपए के तस्करी कर लाये जा रहे चाइनीज लहसून और रेडीमेड गारमेंट्स को किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता




पटना ।सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क प्रमंडल फारबिसगंज के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सुपौल जिला के इशाक चौक, बलुआ के समीप स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीन मोटर साईकिल पर अवैध रूप से तस्करी कर लाये जा रहे 23 बोरा चाइनीज लहसून जिसका कुल वजन 460 किलोग्राम है को मोटर साईकिल सहित जब्त किया गया।

साथ ही बुधवार को सिलीगुड़ी से पटना आ रही यात्री बस न्याय रथ संख्या( इफ 06ढ्ढक्र 1555) से अवैध रूप से तस्करी लाये जा रहे विदेशी मूल के 4023 पिस रेडीमेड गारमेंट्स को फायरिंग गोला चेक पोस्ट किशनगंज के समीप सीमा शुल्क प्रमंडल फारबिसगंज के अधिकारियों के द्वारा जब्त किया गया। सभी जब्त सामग्रियों का कुल अनुमानित मूल्य 14.24 लाख है। जब्त किये गये सामग्री चाइना एवं विदेशी मूल के हैं जिन्हें बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से भारत में लाया जा रहा था। भारत सरकार द्वारा विदेशी मूल के सामग्री का आयात विभिन्न नियमों के पालन किए बिना लाना एवं इसका बिक्री भारतीय बाजारों में प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री नियमों के विरुद्ध तस्करी कर भारत में लाया जा रहा था। यशोवर्धन पाठक, आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) पटना ने बताया कि जब्त सामग्री तस्करी कर लाया जा रहा था, क्योंकि इन सामग्री को सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किए बगैर हमारे देश में तस्करी कर लाए जा रहे थे।

फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के समानों को लाया जा रहा है तथा बिहार एवं झारखंड के इलाकों में इसकी बिक्री की सूचना है। हालांकि इसको रोकने के लिए पटना कस्टम पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है जिसके परिणाम स्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी। साथ ही संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वयव और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

इस संबंध में आयुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है। पिछले कुछ समय से यशोवर्धन पाठक, आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) पटना के दिशा-निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं।

## रक्तदान कर लोगों को हिंसा से दूर रहने का संदेश दे रहा : विस अध्यक्ष



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की स्थानीय शाखा तेरापंथ युवक परिषद के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुनः एक बार मानव सेवा को समर्पित रक्तदान चौक स्थित मारवाड़ी उच्च विद्यालय में किया गया था। इसका उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने जैन णमोकार महामंत्र के उच्चारण के साथ किया। उन्होंने रक्तदान करने से संबंधित अनेक बातें लोगों को समझाईं। साथ ही यह भी कहा कि ऐसे कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। मानव सेवा में इससे बड़ा आज कोई कार्य नहीं है। आज की सामाजिक स्थिति में जहां एक ओर लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं, वहीं तेरापंथ युवक परिषद रक्तदान कर लोगों को हिंसा के क्षेत्र से दूर होने का संदेश भी दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी संस्था को उनकी आवश्यकता होगी, वह हर तरह से मदद को तैयार हैं। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष अरिहंत चौरडिया ने रक्तदान की विशेषता बताई एवं अतिथियों का स्वागत किया। परिषद के मंत्री चेतन चंडालिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा पटना सिटी के उपाध्यक्ष हेमराज जैन, तेरापंथ महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभव छज्जर, विशाल डुग्गर, विकास जैन, विशाल बोथरा, हर्ष डुग्गर, नीतेश जैन, प्रकाश कोठारी और पियूष मनोत मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। ब्लड का कलेक्शन मां वैष्णो देवी सेवा समिति के द्वारा किया गया।

## क्षेत्रीय समस्या व आने वाले पर्व को ले एसडीओ को कराया अवगत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शांति समिति के कुछ सदस्यों ने गुरुवार को एसडीओ सत्यम सहाय से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। इस दौरान उन्हें बुके, अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उसके बाद शांति समिति के सदस्यों में सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से गणेश कुमार, आलमगंज थाना क्षेत्र से मनोज शर्मा, मुकेश कुमार ठाकुर और खाजेकलां थाना क्षेत्र से शाहिद अंसारी, बाबू भाई ने नवपदस्थापित एसडीओ को यहां की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही आगे में रहे त्योहार खासकर दशहरा, दीपावली, छठ, कार्तिक पूर्णिमा जैसे अवसर पर किए जाने वाले आयोजन एवं पूर्व में की जाने वाली तैयारी से अवगत कराया गया। साथ ही कहा गया कि गंगा नदी का जलस्तर तेजी के साथ हाल के दो-तीन दिनों में बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भद्र घाट से लेकर दमराही घाट के बीच गंगा किनारे पाथवे पर पानी आ गया है। इस कारण से वाहनों का परिचालन बाधित है। वहीं गंगा पथ से सटे दक्षिण की ओर बसे लोगों के झोपड़ी, मकान, दुकान में भी गंगा का पानी प्रवेश कर गया है। दूसरी और बालू घाट और लॉ कॉलेज घाट में भी गंगा का पानी किनारे में स्थित झोपड़ी व मकान को खतरा पैदा कर रहा है। लोग बेहाल हैं। खासकर घाट किनारे मवेशी पलकों को परेशानी हो रही है। पटना सिटी के अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ के साथ ही शेरशाह पथ, लिंक रोड का काम करने वाला नवाब बहादुर रोड, सदर गली, लोदीकटरा, नून की चौराहा, गुरु गोविंद सिंह पथ, मोर्चा रोड में अतिक्रमण हटाने की बात कही गई, ताकि वाहनों का परिचालन सही ढंग से हो सके और लोग आसानी से फुटपाथ पर चल सकें। इस दौरान कुछ स्थानों पर बिजली का तार लटक रहा है। उसे ठीक कराए जाने की जरूरत है। अबाधित बिजली और पानी की आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# महादलित टोले में आगजनी की घटना पर सियासी बयानबाजी शुरू, आरोप-प्रत्यारोप जारी

## दलित समुदाय पर अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं : जनक राम



पटना। बिहार के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने नवादा जिले में दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना को दुखद बताते हुए इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दलित समुदाय को इस अमानवीय कृत्य का शिकार बनाया गया है, वह न केवल समाज की नैतिकता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि हमारे संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के खिलाफ भी है। मंत्री जनक राम ने कहा कि हमारा देश और संविधान सभी नागरिकों को समानता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करता है, और इस घटना ने इन मूल्यों को ठेस पहुँचाई है। दलित समुदाय के साथ इस प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस मामले के दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और तुरंत एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की है। उन्होंने प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच की जाए। उनकी त्वरित कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने दोषियों की पहचान कर कई गिरफ्तारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस घृणित अपराध में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जाएगी। साथ ही, पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और मुआवजा प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे इस कठिन समय से उभर सकें। मंत्री जनक राम ने कहा कि मुख्यमंत्री जहां दोषियों पर कारवाई की बात कर रहे वहीं राहुल गांधी और विपक्ष द्वारा इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की घटनाओं पर राजनीतिक लाभ उठाने के बजाय, सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए और दोषियों को सजा दिलाने में सरकार का साथ देना चाहिए। यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि समाज के हित में एकजुट होकर काम करने का है।

## राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त :भाकपा



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि नवादा में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। नीतीश सरकार में ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार से जघन्य अपराध करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई करने और सभी पीड़ितों का प्रधानमंत्री आवास योजना देने, 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने, वासगीत का पर्चा देने और समुचित पुनर्वास की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि नवादा जिले के देदौर गांव के कृष्णानगर टोले में बुधवार रात दबंगों ने महादलित परिवारों के 80 से ज्यादा घरों को फूंक दिया। इस घटना में महादलितों के मिट्टी, बांस व फूस से बने घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। दबंगों ने घरों में आग लगाने के साथ-साथ फायरिंग भी की। सभी महादलित परिवार सरकारी जमीन पर वर्षों से बसे हुए हैं। इस जमीन पर भू माफियाओं की नजर है। बिहार की एनडीए सरकार में भू माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। राज्य के कई जिलों में दलितों के घर को आगे के हवाले कर दिया गया है। हाल ही में पटना जिले में महालित बस्ती में आग लगा दी गई थी। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में दलित उजारों अभियान चला रही है। बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण से इस तरह की घटनाओं में और इजाफा होगी। सरकार दलितों को उजाड़ने पर तत्काल रोक लगाए और नवादा की घटना को अंजाम देने वाले पर सख्त करवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवारों को पुनर्वासित की जाए।

## नवादा आगजनी घटना के पीछे बड़ी साजिश : मांझी



पटना। बिहार के नवादा में दलित समुदाय के दर्जनों लोगों के घरों में आग लगाने कि घटना पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे एक बड़ी साजिश करार दिया है। उन्होंने इस घटना के पीछे विपक्षी दल के समर्थकों का हाथ होने का कथित दावा किया है। उन्होंने राजद पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि शुरू से ही इनके समर्थकों द्वारा दलितों की जमीनों पर कब्जा किया जाता रहा है। इसे लेकर बिहार विधानसभा में भी उन्होंने अपनी बातें रखी थी। अब वही घटना नवादा में हुई है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमारे देश में विपक्ष की विचित्र लीला है, विपक्ष के लोग पहले दलितों पर अत्याचार करवातें हैं फिर उस घटना को मुद्दा बनाकर सरकार के कार्यशैली पर सवाल उठाते हैं। नवादा की घटना में जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है उसमें 90 फीसदी लोग एक जाति विशेष के हैं और राजद समर्थक हैं। राहुल गांधी जी अब इस पर कुछ बोलेंगें या फिर चुप्पी साध लेंगें। मांझी ने कहा कि मैंने अभी नवादा डीएम और एसपी से बात की है। घटना में शामिल अपराधी गिरफ़्तार किए जा चुके हैं,जो फरार हैं वह भी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगें। पीड़ितों को राहत दी गई हैं,पुलिस वहां कैंप कर रही है। साथ ही उन्होंने 22 सितम्बर को नवादा जाने कि घोषणा की।

## दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए : चिराग



पटना। केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बिहार के नवादा में दबंगो और अपराधियों द्वारा महादलित टोले के लगभग 80 घरों में आग लगाने की खबर बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। एनडीए सरकार का प्रमुख सहयोगी होने के नाते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग करता हूं कि ऐसे दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी जाए और पीड़ितों की आर्थिक मदद का हर संभव प्रावधान करें। साथ ही, मामले की न्यायिक जांच की भी मांग करता हूं ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घटना करने की हिमाकत भी न करे। पीड़ित परिजनों के प्रति मेरी और मेरी पार्टी की गहरी संवेदना है, मैं जल्द ही घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिजनों से मुलाकात करूंगा। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## दबंगों का मनोबल सर चढ़कर बोल रहा : भाकपा माले

### हमलावरों पर धारा 302 का भी मुकदमा दर्ज हो



पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ददौर स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती पर आग्नेयास्त्रों से लैस नंदू पासवान अपराधी गिरोह द्वारा हमले, आगजनी और पशु संपदा की लूट की भयावह घटना की कड़ी भर्त्सना की है। कहा कि भाजपा-जदयू शासन में दबंगों-ठेकेदारों का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है। गया से लेकर नवादा तक दलित समुदाय खासकर मुसहर लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि उस इलाके के कद्दावर नेता माने जाने वाले श्री जीतनराम मांझी आज केंद्रीय मंत्री हैं लेकिन दलितों पर हमले की घटनाएं कम होने की बजाए लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही माले के पूर्व विधायक का मनोज मंजिल नवादा रवाना चुके हैं। इस बीच स्थानीय पार्टी नेता का। भोला राम के नेतृत्व में एक जांच दल घटनास्थल पर पहुंचा जिसमें अजीत कुमार मेहता और सुदामा देवी शामिल हैं। माले नेताओं ने सबसे पहले पीड़ितों के भोजन की व्यवस्था करवाई। उन्होंने कल रात से ही कुछ नहीं खाया था। बच्चे-बूढ़े-महिलाएं खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। माले जांच दल ने कहा है कि उक्त गांव की 15 एकड़ 59 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन पर कुल 80 परिवार (67 घर मुसहर, 12 घर रविदास व एक घर रमानी) बसे हुए हैं। ये लोग कुछ जमीन पर खेती का भी काम करते हैं। स्थानीय ठेकेदार और इलाके की सामंती ताकतों से गठजोड़ रखने वाला नंदू पासवान की लंबे समय से इस जमीन पर निगाह रही है। जमीन पर कब्जा करने के ही उद्देश्य से उक्त गिरोह ने आग्नेयास्त्रों से लैस होकर बीती रात दलित टोले पर हमला किया।

# बिहार न्याय यात्रा स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ : अखिलेश

### पहले दिन पटना से नौबतपुर तक निकली बिहार न्याय यात्रा



- कहा- सेवा दल की न्याय यात्रा को जनता का मिला जोरदार समर्थन

**पटना, प्रात: किरण संवाददाता**

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित बिहार न्याय यात्रा का पहला दिन संपन्न हुआ। यह यात्रा सुबह 9:00 बजे पटना स्थित सातमूर्ति शहीद स्थल से प्रारंभ हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति में यह पदयात्रा जनता के अधिकारों और स्मार्ट मीटर (प्रीपेड मीटर) योजना के विरोध में आयोजित की गई है। यात्रा की शुरूआत बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा झंडोत्तोलन से की गई, जबकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव तारिक अनवर ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कांग्रेस सेवादल बिहार के मुख्य संगठक डॉ संजय यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता इस पदयात्रा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवादल की यह न्याय यात्रा जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने वाली स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ है। राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस अन्याय के खिलाफ खड़ा है और हम इस संघर्ष को हर हाल में जीतेंगे। श्री तारिक अनवर ने हरी झंडी दिखाते हुए कहा, स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से जनविरोधी है और इसे लागू करके सरकार जनता का आर्थिक शोषण कर रही है।

यह यात्रा बिहार की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में पूरी तरह से साथ है। डॉ संजय यादव ने पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा, यह यात्रा केवल विरोध का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प का प्रतीक है कि हम जनता की आवाज को बुलंद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता। यात्रा के दौरान पदयात्री गर्दनीबाग, चितकोहरा, फुलवारी होते हुए एम्स के रास्ते नौबतपुर पहुंचे। रास्ते में कई स्थानों पर आम जनता ने यात्रा का स्वागत किया और अपना जोरदार समर्थन दिया। नौबतपुर पहुंचने पर सभा का आयोजन किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं ने जनता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध जताया और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने की मांग की। पहले दिन की यात्रा का समापन नौबतपुर में हुआ, जहां पदयात्रियों ने इस आंदोलन को और तेज करने की शपथ ली। बिहार न्याय यात्रा 25 सितंबर 2024 तक जारी रहेगी और इसका समापन बोधगया में होगा। यात्रा के दूसरे दिन की शुरूआत कल नौबतपुर से होगी और यह पालीगंज तक पहुंचेगी।

# बीमा पर जीएसटी घटाने या इसे कर-मुक्त करने का प्रस्ताव विचाराधीन : सम्राट

- डिप्टी सीएम ने कहा ,आयुष्मान कार्ड के लिए जागरूकता अभियान की जरूरत
- केंद्र सरकार के फ्री हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठाने में बिहार को आगे बढाना जरूरी



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार बीमा योजना पर जीएसटी 18 फीसद से घटा कर 5 फीसद करने या इससे कर-मुक्त करने पर विचार कर रही है।

श्री चौधरी ने कहा कि बिहार को बीमा योजनाओं से 1100 करोड़ की बड़ी राशि राजस्व के रूप में प्राप्त होती है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से बिहार के अधिक से अधिक लोग पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकें, इसके लिए इस स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार में 6 करोड़ 36 लाख लोगों के हेल्थ इंश्योरेंस का शेयर दिया गया था, लेकिन जीरो प्रीमियम वाली इस आयुष्मान भारत योजना के लिए मात्र 40 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। यह स्थित जागरुकता अभियान चलाने से ही बदल सकती है। पटना नगर निगम के मिशन टोटल सेग्रीगेशन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया और स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। उसी मिशन को आगे बढाने और उसे धरातल पर लागू करने के लिए पटना नगर निगम ने मिशन टोटल सेग्रीगेशन की शुरूआत की है। श्री चौधरी ने कहा कि इस मिशन में सफाई इंस्पेक्टर, ड्राइवर, हेल्पर जैसे 5000 निगम कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शैक्षिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग लिया जाएगा।

# एक देश एक चुनाव प्रस्ताव पर शिवानंद ने उठाया सवाल

- कहा- सामाजिक न्याय पर यकीन करने वालों के लिए अग्निपरीक्षा का समय

**पटना, प्रात: किरण संवाददाता**



राजद नेता शिवानंद तिवारी ने केन्द्र के एक देश एक चुनाव प्रस्ताव पर सवाल उठाया है। साथ ही उन्होंने भाजपा के सहयोगी दलों की भूमिका को भी कठघरे में खड़ा किया है। श्री तिवारी ने कहा कि देश में सभी चुनाव एक साथ हों। केंद्रीय मंत्री मंडल ने इस पर मुहर लगा दिया है। सरकार की ओर से इस निर्णय की घोषणा करने वाले मंत्री ने यह भी कहा कि चुनाव में बहुत खर्च होता है। यानी लोकतंत्र चलाना महँगा होता है। इसलिए हम लोकतंत्र से आगे की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। जिस सरकार ने कारपोरेट जगत का बकाया पंद्रह लाख करोड़ रुपया माफ कर दिया है, वह चुनाव में साढ़े चार पाँच हजार करोड़ रूपया बचाने के लिए देश में लोकतंत्र को पीछे ढकेलकर एक चुनाव की ओर आगे बढ़ा रही है। कश्मीर में लगा नारा एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की दिशा में उठाया गया यह निर्णायक कदम है। ये लोग इसकी कितनी भी सफाई दें, लोकतंत्र की कितनी भी कसमें खायें लेकिन इस पर यकीन करना ऐतिहासिक चूक होगी। श्री तिवारी ने कहा कि 2019 के चुनाव में बहुमत में आने के बाद प्रधानमंत्री ने संविधान की किताब पर अपना माथा टेक कर क्या कहा था! यही हमारे लिए सबसे पवित्र ग्रंथ है। लेकिन इसकी असलियत क्या है यह भी हमारी नजरों के सामने है। विगत लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने देश के अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों के विरुद्ध किस तरह विषवमन किया था वह तो कल्पनातीत था। राजस्थान की सभा में तो प्रधानमंत्री ने स्वयं इंतहा कर दी थी। जिस तरह की भाषा का प्रयोग उन्होंने किया वैसी भाषा का इस्तेमाल करने में राजनीति का साधारण कार्यकर्ता भी लजाएगा। जब कि प्रधानमंत्री ने उस संविधान की शपथ ली थी जो देश के सभी नागरिकों को एक नजर से देखने का निर्देश देता है। ऐसे नेता और ऐसे संगठन पर कोई कैसे यकीन कर सकता है ! एक देश और एक चुनाव का निर्णय एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की दिशा में निर्णायक कदम है। जिन लोगों के कंधों पर सरकार चल रही है और जिनका दावा है कि वे धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय पर यकीन करते हैं उनके लिए यह अग्निपरीक्षा का समय है।

# लालू व तेजस्वी ने राजद सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

- राजद ने एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य किया निर्धारित

**पटना, प्रात: किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय जनता दल की ओर से गुरूवार को सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यालय राबड़ी भवन से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने एवं पटना राजद के प्रदेश कार्यालय कपूरी सभागार से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने दिल्ली से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय जनता दल 20 से अधिक प्रान्तों में अपने संगठन के माध्यम से जनता की जनसमस्याओं के निदान के प्रति पूरे संकल्पों के साथ संगठन के स्तर से उन राज्यों में कार्यरत है। पार्टी संगठन के माध्यम से आम लोगों के साथ जुड़ाव करके हर स्तरपर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया और लालू के विचार को आगे बढ़ाने और सदस्यता अभियान के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में आज से राष्ट्रीय जनता दल का एक-एक नेता कार्यकर्ता लोगों के बीच सदस्यता अभियान चलायेगा। तेजस्वीने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए संगठन के स्तर से सदस्यता अभियान का जो कार्यक्रम जारी किया जायेगा। इसके लिए एक-एक कार्यकर्ता हर घरों तक सदस्यता अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि नवादा की घटना की जांच के लिए राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल कल नवादा जायेगा।

**सदस्यता अभियान की शुरूआत :**

राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान रसीद सबसे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातिमी ने संयुक्त रूप से सदस्यता ग्रहण करायी। प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह को सदस्यता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने दिलायी।

नेता प्रतिपक्ष के द्वारा जिन नेताओं को सदस्यता दिलायी गई उनमें उदय नारायण चौधरी, अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातिमी, भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव, विजय कृष्ण, सतीश कुमार, अशोक कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह से सदस्यता ग्रहण की। बिहार में सदस्यता अभियान के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानन्द सिंह ने की तथा संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने की।

# भाजपा एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए प्रतिबद्ध : जायसवाल

### कहा-देश के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा

पटना। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के सिद्धांत का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक संगठित, पारदर्शी और कारगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव ह्य से देश के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। बार-बार चुनाव कराने से जो समय, पैसा और ऊर्जा खर्च होती है, उसे बचाकर विकास के कार्यों में लगाया जा सकता है। यही नहीं इससे प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी और राजनीतिक स्थिरता का माहौल भी बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह नीति न केवल सरकार और प्रशासन के कामकाज को बेहतर बनाएगी बल्कि जनता के हित में भी होगी। बार-बार चुनावों की प्रक्रिया से छुटकारा मिलने पर जनता पर होने वाला अतिरिक्त बोझ भी समाप्त होगा। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव देश को एकजुट रखने की दिशा में भी एक ठोस प्रयास है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि बिहार भाजपा इस मुद्दे पर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और केंद्र सरकार को इस पहल का पूर्ण समर्थन करती है। उन्होंने जनता से इस महत्वपूर्ण बदलाव के प्रति जागरूक होने और देश की प्रगति के लिए इसे स्वीकार करने का आह्वान किया।

# इस्सयोग की शक्तिपात-दीक्षा 28 सितम्बर को

पटना। अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में आगामी 28 सितम्बर को अपराहन 4 बजे गोला रोड स्थित इस्सयोग के उत्सव-भवन ह्यएम एस एम बी भवन में शक्तिपात-दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें संस्था की अध्यक्ष और ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया जी द्वारा, सैकड़ों नव-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषों को इस्सयोग की सूक्ष्म आंतरिक साधना आरंभ करने के लिए आवश्यक शक्तिपात-दीक्षा दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया है कि, विशेष आध्यात्मिक महत्त्व के इस कार्यक्रम में अनेक स्थानों से, सैकड़ों की संख्या में दीक्षा के अभिलाषियों और इस्सयोगियों की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम का आरंभ इस्सयोग की विशिष्ट शैली में होने वाले अखण्ड भजन-संकीर्तन से होगा तथा दीक्षा के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन होगा। इस अवसर पर संस्था के संयुक्त सचिव ई उमेश कुमार, सरोज गुटगुटिया, लक्ष्मी प्रसाद साहू, श्रीप्रकाश सिंह, शिवम् झा, कपिलेश्वर मण्डल,किरण प्रसाद, बीरेन्द्र राय, प्रभात चंद्र झा, रविकान्त, पीयूष कुमार आदि संस्था के अधिकारी एवं स्वयं-सेवक उपस्थित रहेंगे।


**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1**
**भवन निर्माण विभाग, पटना**

**अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–10 वर्ष 2024–25**

निम्नलिखित कार्य हेतु निबंधित संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–30.09.2024 के 03:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है ।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state/prdbihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विवरणी निम्नलिखित है:–

| S.No. | Name of work | Period |
|---|---|---|
| 1. | Operation of 02 No. 17 Passenger lift installed at Newly Built (G+7) Tower, Vishweshwraiya Bhawan Patna (make- KONE) | From Work Order to 31.12.2025 |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**विद्युत कार्यपालक अभियंता,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना**

PR. No.008378 (BCD) 2024-25

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# अच्छा नागरिक बनें और राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करें : दिलीप

### सेवा पखवारे पर सरकारी स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान, पठनीय सामग्री बांटी गई

**पीएम मोदी की प्राथमिकता में स्वच्छता : सम्राट**

**पटना, प्रात: किरण संवाददाता**



बिहार भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत आज बिहार भाजपा द्वारा पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर शिव चंद्र माध्यमिक विद्यालय कुर्जी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया ने स्कूल परिसर में झाड़ू लगाये। इस दौरान इकट्ठे कचरे को डस्टबिन में डालकर कचरे को डस्टबिन में डालने का संदेश भी दिया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज सरकारी स्कूल के विद्यार्थी कम संसाधन में अच्छा परिणाम दे रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा ने सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों को आने वाला भविष्य बताते हुए कहा कि आप अच्छा नागरिक बनें और राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करें। उन्होंने बच्चों से आसपास स्वच्छ रखने की भी अपील की। उपस्थित बच्चों से उन्होंने अपने देश के गौरव करने को लेकर नारे भी लगवाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी देश की मयार्दा समझ में आती है, लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ऐसे नेता हैं, जिन्हें देश की मयार्दा भी समझ में नहीं आती है। उन्होंने कहा कि वे विदेश में देश का संविधान का भी अपमान करने से नहीं चूकते हैं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी की प्राथमिकता में स्वच्छता है। सही अर्थों में देश स्वच्छता को भूल चुका था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को गांव -गांव तक पहुंचाने का काम किया। आज शहर से लेकर गांव तक मे स्वच्छता की बात होती है। इस मौके पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज देश विकास के पथ पर आगे बढ़ चुका है। बुनियादी सुविधाओं के अलावा हम स्वच्छता की बात भी करने लगे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के बीच कॉपी-कलम और स्टैंड बोर्ड बैग का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु ,प्रभात मालाकार, वार्ड पार्षद सुचित्रा देवी, पंकज गुड्डू सहित कई कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

# मनेर प्रखंड को बाढ़ग्रस्त घोषित किया जाए : निखिल



पटना। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ निखिल आनंद ने बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन को संदेश भेजकर पटना जिला के बाढ़ग्रस्त इलाकों की रिपोर्ट लेने का आग्रह किया है। साथ ही निखिल ने पटना के जिलाधिकारी से मनेर के बाढ़ग्रस्त पंचायतों के लिए कम से कम तीन जगह राहत कैंप लगाने और खाद्य एवं भोजन सामग्री वितरित करने की अपील की है। पशुओं के लिए चारे की दिक्कत हो गई है जिसकी व्यवस्था भी करने की अविलंब जरूरत है। निखिल आनंद ने कहा कि मनेर के दियारा क्षेत्र स्थित सभी पंचायत बाढ़ के पानी में डूब गए हैं जिसके कारण आवाजाही पूरी तरह बाधित है। दियारा क्षेत्र में मवेशियों को चारे की दिक्कत हो गई है और लोगों को रोजमर्रा की दिनचर्या एवं खाने-पीने की परेशानी हो रही है। इसके साथ ही खेत- खलिहान - घर आदि डूबने से घरों को क्षति पहुंची है और अनाज भी बर्बाद हो गए है।

निखिल आनंद पटना जिलाधिकारी से सरकार द्वारा किए गए प्रावधान के तहत क्षतिपूर्ति का आकलन कर उचित मुआवजा देने की भी प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग**
बुद्धमार्ग, पटना–800001
बिहार सरकार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/प.भ.प्र./2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 04.10.2024 के 11:00 बजे पूर्वाहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 05.10.2024 के 3:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय — दिनांक 05.10.2024 को 3:30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर/राजेन्द्रनगर/चिकित्सा भवनअवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Barricading work for Traffic control, drop gate and other work on the eve of Dushara(Durga Puja -2024 at Gandhi maidan, Patna for the year 2024-25 | 14.00 | 28000.00 | 2500.00 | Up to 10.10.2024 |
| 2 | Barricading work for security arrangement & other work on the eve of Durga Puja -2024(Ravan Vadh) at Gandhi maidan, Patna for the year 2024-25 | 4.00 | 8000.00 | 750.00 | Up to 10.10.2024 |
| 3 | Provision of water supply, and sanitary facilities and V.V.I.P toilet at Gandhi maidan on the eve ofDurga Puja 2024 and Ravan Vadh, under patna Building Division, B.C.D., Patna for the year 2024 -25 | 4.38 | 8800.00 | 750.00 | Up to 10.10.2024 |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

PR- 008538 (BCD) 2024-25

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

मुजफ्फरपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। 1500 वोटर के आधार पर मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के पश्चात 18 नये मतदान केंद्र का प्रस्ताव है। निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप नये मतदान केंद्र के प्रस्ताव से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया जाना है। तदनुसार बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सत्यप्रिय कुमार द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण तथा उसके पश्चात 18 नये मतदान केंद्र की अद्यतन स्थिति से बैठक में सभी प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री का ध्यान कराया आकृष्ट

मुजफ्फरपुर। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपाल भारती ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिख कर औराई प्रखंड के एक गांव में एक बालिका के दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी पर अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि यह मामला पूरी तरह एक अति पिछड़ी समाज के नाबालिक लड़की के साथ हुई दुष्कर्म के प्रयास का मामला है घटना के 20 दिन बाद आज तक कारवाई नहीं होने से परिजनों तथा ग्रामीणों में भारी असंतोष है। उन्होंने कहा है कि इस मामले का अभियुक्त गांव का डीलर के साथ ही दबंग प्रवृति का है। अभियुक्त द्वारा पीड़ित परिवार को धमकाया जा रहा है। पुलिस द्वारा आरोपी पर कारवाई नहीं करने से पीड़ित परिवार दहशत में हैं।

### रात में घुमनेवालों की खैर नहीं, धारा 128 के तहत की जा रही है कार्रवाई

मनीगाछी(दरभंगा)।नेहरा थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान नारायणपुर में सड़क पर घुम रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को धारा 128 के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी सदर दरभंगा के न्यायालय में कार्रवाई के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि बढ़ते चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए ऐसा कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान नारायणपुर गाँव में पुलिस गाड़ी को देखते ही सड़क पर खड़े चार युवक इधर उधर भागकर छिप गए। पुलिस के जवानों ने जब उन चारों युवकों को पकड़ कर उनसे पूछताछ की तो एक भी युवक सही सही जबाव नहीं दे पाए। पकड़े गए युवकों में बहेड़ा थाना क्षेत्र के फरदाहा गाँव निवासी अर्जुन साह के पुत्र विक्रम कुमार, मनीगाछी थाना क्षेत्र के नारायणपुर गाँव निवासी राम सेवक साहु के पुत्र पंकज कुमार एवं नेहरा थाना क्षेत्र के कायस्थ कबई सरस्वती टोल निवासी रामदेव महतो के पुत्र मनीष कुमार तथा मोहन महतो के पुत्र श्रवण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार चारों युवकों को अनुमंडल दंडाधिकारी सदर दरभंगा के न्यायालय में कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

### भ्रष्टाचारी मुखिया फिल्म की हुई शूटिंग

विभूतिपुर/समस्तीपुर पंचायत स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार के ऊपर बन रही शॉर्ट फिल्म भ्रष्टाचारी मुखिया की शूटिंग टभका में हुई फिल्म के संबंध में इस फिल्म के डायरेक्टर केशव सिंह ने बताया कि लगातार तेजी से बढ़ते भ्रष्टाचार जैसे दंश के खिलाफ अब जनता भी मुखर होकर बोल नहीं पा रही है जिसका खामियां जनबुनियाद से जुड़े कार्यों की गुणवत्ता में खुले तौर पे दिखाई देती है जनता प्रतिकार करना भूल गई है लोकतंत्र की ताकत का आभास दिलाने के लिए हमलोगो ने एक छोटा सा प्रयास जनभावनाओं में अपने हक और हकूक के प्रति जागृति पैदा करने हेतु इस फिल्म का निर्माण किया है इस फिल्म का निर्माण सीबी न्यूज बिहार की फिल्मी संस्थान सीबी इंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के यू ट्यूब चैनल सीबी इंटरटेनमेंट के तहत किया गया है इस शॉर्ट फिल्म में काम कर रहे हैं ये कलाकार अभिमन्यु ठाकुर, सुमन भारद्वाज, शिवम सिंह सौरभ, अभिनंदन कुमार, नीतीश कश्यप,गोविंद ठाकुर,आनंद ठाकुर,अविनाश ठाकुर, आयुष कुमार, विवेक मुस्कान आदि मौजूद रहे।

### जितिया की नहाय खाय सोमवार और पारण बुधवार संध्या 5 बजे के बाद : पंडित अनंत कुमार ठाकुर

विभूतिपुर/समस्तीपुर जीवित्पुत्रिका व्रत जितिया को लेकर प्रखंड क्षेत्रके टभका निवासी सह आचार्य सह शोभार्थी समर्थक विद्वान पंडित अनंत कुमार ठाकुर ने बताया कि जितिया का नहाय खाय सोमवार को होगी वहीं रात्रि के अंत में ओठगन भी होगा। संतान की सुरक्षा, स्वास्थ्य दीर्घायु, संतान की समृद्धि की मंगलकामना को पूर्ण करने वाला लोक पर्व जिवित्पुत्रिका यानि जितिया वर्त करने वाली महिला मंगलवार को पूर्ण उपवास में रहेंगी। बुधवार की संध्या 5 बजकर 5 मिनट के बाद पारण होगा।

# विकास योजना में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा : प्रो विनय चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता



बेनीपुर (दरभंगा)। स्थानीय विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने सड़क निर्माण अभियंता एवं संवेदक को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विकास योजना में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है खासकर सड़क निर्माण में किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे गुरुवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अनुरक्षण योजना अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के हावीडीह आर ई ओ सड़क से दलित टोला तक एवं बच्चा ठाकुर घर से मध्य विद्यालय तक निर्माणाधीन लगभग एक करोड़ की लागत से दो अलग-अलग सड़कों का आधारशिला रखते हुए उक्त बातें कहीं । इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में दो दशक पूर्व जो बिहार के विकास की खाका तैयार की गई जिस पर आज बिहार निरंतर अग्रसर है और आगे भी जारी रहेगा उन्होंने कहा कि आज बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ गया है केवल ग्रामीण कार्य विभाग से ही चार दर्जन से अधिक ग्रामीण सड़कों का अनुरक्षण एवं उन्नयन कार्य कराई जा रहे हैं जो आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की समस्याका समूल निदान हो जाएगा साथ ही पथ निर्माण विभाग द्वारा सभी मुख्य सड़कों यथा बहेड़ी- बहेड़ा ,बहेड़ा -सकरी,बहेड़ा- झंझारपुर ,बहेड़ा- दरभंगा,बहेड़ा- कुशेश्वरस्थान सड़क का दोहरीकरण कार्य तेजी से चल रही है ।जबकि बेनीपुर- बिशनपुर पथ दोहरीकरण कार्य की स्वीकृति जल्द ही मिलने वाली है। श्री चौधरी ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन एवं कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है चाहे वह सड़क का मामला हो ,शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं और आगे भी जारी रहेंगे ।

इस मौके पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विपिन कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, ग्रामीण कार्य विभाग के जेई विश्वप्रताप सिंह,सज्जनपुरा मुखिया कुन्दन सिंह,विकास यादव, मुखिया प्रतिनिधि कन्हैया यादव, अंशु राय, राघवेंद्र प्रसाद,कृष्ण कुमार भगत, संतोष साह, पप्पू सिंह,फूलकुमारी देवी,बेचन सिंह, अमिताभ कुमार, बजरंगी यादव, लक्ष्मण ठाकुर सुनील कुमार सिंह, राम उदगार यादव,सुधेश्वर दास, नंद कुमार यादव, बैजनाथ प्रसाद बैजू, मनीष राय, बैजनाथ मंडल, अमरजीत कुमार,राजनारायण मंडल, कैलाश कुमार,रामचतुर यादव,दुखी चौपाल, अरुण चौधरी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजयुमो दरभंगा ने लगाया रक्तदान शिविर। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर, राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशिला गुप्ता, डीएमसीएच प्रिंसिपल के एन मिश्रा, जिला अध्यक्ष जीवछ साहनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालेन्दु झा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया रक्तदान शिविर की शुरूआत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज युवा मोर्चा दरभंगा ने डीएमसीएच के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में काफी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर मोदी जी के यशस्वी और दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम में बततोर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि मोदी जी के प्रति देश के युवाओं में एक अजब की आस्था है। युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रक्तदान कर मोदी जी के दिघार्यु होने की कामना की है। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी जिस प्रकार देश में युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट स्वरोजगार डिजिटल क्रांति के माध्यम से आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं उसे युवाओं में उनके प्रति उत्साह और लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही जा रही है। रक्तदान शिविर के संबंध में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बालेन्दु झा ने कहा सभी साल की तरह इस साल भी युवा मोर्चा की टीम ने रतदान शिविर का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दिघार्यु होने की कामना की है साथ ही रक्तदान कर युवाओं नेकिसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त के माध्यम से सेवा का भी पुनीत कार्य युवाओं ने किया है। रक्तदान करने वालों में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गजेंद्र मंडल जिला मंत्री मो ताविश गुलशन चौधरी राजीव कुमार राकेश कुमार सिंह दरभंगा भाजपा के जिला प्रवक्ता अधिवक्ता तनवीर हसन आदि प्रमुख थे। रक्तदान शिविर में भाजपा के जिला महामंत्री अभयानंद झा, अंकुर गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष ज्योति कृष्ण झा, लवली प्रदेश प्रवक्ता राजेश यादव ,अशोक अमर ,प्रेम कुमार मिश्रा,महिला मोर्चा अध्यक्ष सपना भारती, युवा मोर्चा के महामंत्री रवि प्रकाश झा, रवि चंद्रवंशी, रक्तदान शिविर के संयोजक संगीत शाह ,सह संयोजक मणिकांत ठाकुर, आनंद मोहन राजा, रुद्र चौधरी, पवन कुमार, कुंदन मिश्रा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सूरज मिश्रा, विकास चौधरी,आशुतोष झा आयुष यादव,आदि उपस्थित थे।

# केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों ने किया कृषि विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में केंद्रीय विद्यालय कंकडबाग के करीब 110 विद्यार्थियों ने शैक्षाणिक भ्रमण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने छात्रों से मुलाकात की। कुलपति डॉ. पांडेय ने छात्रों को कृषि शिक्षा की ओर आने के लिए प्रेरित किया और विश्वविद्यालय में एडमिशन, स्कालरशिप आदि के बारे में भी बताया। छात्रों ने इस दौरान कुलपति डॉ. पी एस पांडेय से कई प्रश्न भी पूछे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. मृत्युंजय कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। छात्रों के साथ केंद्रीय विद्यालय कंकड़बाग के शिक्षक मनोज कुमार, अजय कुमार, मनीष कुमार, प्रमोद रजक, निवेदिता एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस शैक्षाणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अवसरों के बारे में जानकारी देना था। विश्वविद्यालय ने छात्रों को अपने अनुसंधान कार्यक्रमों और सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी।कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा, ह्लछात्रों के शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें नई जानकारी मिलती है ।और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है ।छात्रों ने संग्रहालय, बायोडायवर्सिटी पार्क, मशरूम केंद्र, बायोटेक्नोलॉजी लैब आदि का भ्रमण किया। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक श्री अजय कुमार ने कहा कि छात्रों को अपने अनुसंधान कार्यक्रमों और सुविधाओं के बारे में जानकारी देने के लिए इस शैक्षाणिक भ्रमण का आयोजन किया था। विश्वविद्यालय ने छात्रों को कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अपने करियर के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी।

# बास्केट बॉल टीम के सदस्य मिले सांसद से, सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भोजन वस्त्र आवास शिक्षा के बाद खेल मानव जीवन की पांचवी मौलिक आवश्यकताओं की सूचि में शामिल हैं। खेल हर व्यक्ति के मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिऐ अति आवश्यक है। खेल भावना का विकास और देश स्तर पर खेल व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।।दरभंगा में भी हर तरह से खेल और खिलाड़ियों के विकाश के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ने अपने आवासीय कार्यालय में बॉस्केट बॉल की जिला टीम के सदस्यों को भेंट के दौरान कही। सांसद डा ठाकुर ने खेल के लिए उचित वातावरण को जरूरी बताते हुए खेल के लिए उचित मैदान खिलाड़ियों को आवश्यक सभी सुविधाओं को अनिवार्य बताते हुए कहा कि युवाओं में खेल भावना को विकसित करना आवश्यक साथ है जिसके लिए उन्हे हर तरह से मदद किया जायेगा। सांसद डा ठाकुर ने बास्केटबॉल टीम के प्रतिनिधिमंडल से दिए गए ज्ञापन में वर्णित समस्यायों पर गंभीरता से पहल की जाएगी सांसद डा ठाकुर ने खिलाड़ियों को आश्वस्त करते हुए कहा की युवाओं को खेल का अभ्यास, प्रतियोगिता के लिए सरकार के स्तर पर आर्थिक सहायता जेसे अन्य सभी मुद्दो पर खिलाड़ियों का उत्शवर्धन किया जायेगा।

# तेजस्वी यादव ने की अल्पसंख्यक समुदाय के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राजद नेता, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के तीन दिवसीय मुजफ्फरपुर यात्रा के क्रम में सर्किट हाउस में मुजफ्फरपुर जिला के अल्पसंख्यक समुदाय के विशिष्ट लोगो ,बुद्धिजीवियों ,प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं के साथ बैठक किया ।बैठक मे ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस ए मुशावरत के राज्य अध्यक्ष प्रो डॉ सैय्यद अबूजर कमालुद्दीन और जिला मुशावरत के महासचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने सुझाव एवं मांगो से नेता प्रतिपक्ष को अवगत कराया । मोहम्मद इश्तेयाक ने ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस ए मुशावरत का एक स्मारपत्र तजस्वी यादव को सौंपा, जो मुसलमानो के आर्थिक , शैक्षणिक , सामाजिक , अन्याय , उत्पीड़न एवं राजनैतिक नेतृत्व और राजनीतिक हिस्सेदारी के विषय से संबंधित है । उन्होंने ने भारत के मुस्लिम एवं अल्पसंख्यक समुदाय के संवैधानिक अधिकार,धार्मिक पहचान, संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता एवं पर्सनल लॉ को खत्म करने, संविधान के मूल प्रस्तावना को निरस्त करने,पूरे भारत में जगह जगह ( देशव्यापी षड्यंत्र के तहत ) और खास कर भाजपा शासित राज्यों में एवं बिहार में भी मुसलमानो का मॉब लिंचिंग, उत्पीड़न, हिंसा एवं आम जनों में डर का माहौल बना कर देश / प्रदेश का माहौल सांप्रदायिक करने के विरोध में राजद द्वारा प्रखरता एवं प्रबलता से आवाज बुलंद करने का राजद के शीर्ष नेतृत्व से मांग किया । प्रो डॉ सैय्यद अबूजर कमालुद्दीन ने अपने विश्लेषणात्मक विमर्श द्वारा तेजस्वी यादव से शैक्षणिक , आर्थिक ,और सामाजिक - राजीतिक पिछड़ेपन और राजद के अब तक सत्ता और विपक्ष के इतिहास में अपसंख्यक कल्याणार्थ किए गए कार्यों में कमी, कोताही, बहुत सारे अल्पसंख्यक मामलो में असफलता और भविष्य में राजद के अल्पसंख्यक कल्याणार्थ इक्षाशक्ति, कार्योजना और विजन पर सवाल पूछा । प्रो अबूजर कमालुद्दीन ने तेजस्वी यादव से उर्दू बंगला टीईटी नियोजन, उर्दू अनुवादक ,आयुष ( यूनानी) चिकित्सकों के बहाली मामलो पर हाल के अपने सत्ता काल में एवं विपक्ष में रहते हुए भी जोरदार वकालत और पहल नहीं करने पर सवाल किए । तेजस्वी यादव ने राजद जिला एवं महानगर इकाई को आदेश दिया कि जिला एवं महानगर नगर के सभी अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों , गणमान्य एवं विशिष्ट लोगो का सूची बना कर एक कमिटी बनाई जाए और समय समय पर इस समिति में अल्पसंख्यक मामलो , कल्याणकारी सुझाव एवं मिल्लत के समसामयिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाए ।

# विद्यालय में योगदान नहीं, ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर चढ़ा है नाम

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर शिक्षक नियोजन को लेकर फजीवाड़ा में एक से एक प्रमुख बातें जांच के क्रम में उजागर होने लगा है। प्रखंड क्षेत्र में कुछ ऐसे भी शिक्षकों का नाम सामने आया है जिन्होंने विद्यालय में योगदान किया ही नहीं परंतु ई शिक्षा कोष पोर्टल पर उनका नाम भी है और कुछ दिनों तक उस पर अपना उपस्थिति भी बनाया है। कुछ ऐसे भी शिक्षक हैं जिनका भी योगदान विद्यालय में नहीं है फिर भी उनके बारे में जांच पड़ताल जारी है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने ऐसे शिक्षकों से जवाब तलब किया। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बलहा -2 की शिक्षिका बेबी कुमारी और समीदा खातून ने आज तक विद्यालय में योगदान नहीं किया परंतु इनका नाम उक्त विद्यालय के ई शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी ने शिक्षक नियुक्ति जांच कमेटी के अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता समस्तीपुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि प्राथमिक विद्यालय बलहा -2 में दो शिक्षिका बेबी कुमारी एवं समीदा खातून ने कभी भी योगदान नहीं किया परंतु मेरे विद्यालय के ई शिक्षा कोष पोर्टल पर नाम अंकित है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि अभी तक दोनों शिक्षिका में से किसी ने भी मेरे विद्यालय में योगदान नहीं किया है। ई शिक्षा कोष पर इन दोनों का नाम कैसे अंकित हुआ उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय बड़कुरबा मुरिया स्थान की शिक्षिका मंजू कुमारी ने भी यहां योगदान नहीं की है बावजूद ई शिक्षा कोष पर इसका भी नाम दर्ज है। कुछ दिनों तक ई शिक्षा कोष पर इन्होंने अपना उपस्थिति भी दर्ज कराई है परंतु आज तक विद्यालय में नहीं आई है। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की इससे संबंधित जानकारी जांच पदाधिकारी से लेकर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को दी गई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में प्राथमिक विद्यालय तरुनिया की शिक्षिका सीमा कुमारी और नेहा कुमारी से संबंधित जांच विद्यालय के प्रधानाध्यापक से साक्ष्य और अभिलेख उपास्थापित करने को कहा था। इस संबंध में प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने बताया की सीमा कुमारी और नेहा कुमारी नाम की कोई शिक्षिका मेरे विद्यालय में नहीं है, और न ही इन दोनों शिक्षिका का नाम ई शिक्षा कोष पोर्टल पर है। उन्होंने बताया कि मेरे यहां सोमी कुमारी नाम की शिक्षिका है। सीमा कुमारी और नेहा कुमारी नाम से कोई शिक्षिका नहीं है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय बरियारपुर में प्रियांशु कुमार नाम से कोई भी शिक्षक कार्यरत नहीं है। यह जानकारी प्रधानाध्यापक चंदन कुमार ने देते हुए बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना द्वारा जारी पत्र की सूची में प्रियांशु कुमार का नाम था ।

# हर्षोल्लास से विश्वकर्मा पुजा मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायतों एवं खजौली बाजार में विभिन्न जगहों पर भगवान विश्वकर्मा जी का पूजा अर्चना विधि विधान व हर्षोल्लास से की गयी. इस विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर खजौली हॉस्पिटल चौक दातुआर रोड स्थित अमित टेडर्स भवन साम्रगी विकेता द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना करके विद्वान पंडित काली कांत झा द्वारा पुजारी प्रोपराइटर अमित सिंह को वैदिक मंत्र उच्चारण करके भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा कराया गया.वही प्रोपराइटर अमित सिंह ने कहा कि जो व्यवसायिक प्रतिष्ठान या अन्य श्रधालु भक्तजनो द्वारा सच्चे दिल से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने पर कार्य क्षेत्र में आ रही बाधा से मुक्ति मिलती है.उन्होने कहा कि जो श्रद्धालु भक्त भगवान विश्वकर्मा की पूजा के दौरान मंत्र जप करने से शुभ फल प्राप्ति होती है. वही रेलवे माल गोदाम परिसर में मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने लगमा के विद्वान पंडित से विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की.वही भगवान विश्वकर्मा पूजा अर्चना से समस्त खजौली बाजार में भक्ति की माहौल में गूंज उठी. इस विश्वकर्मा पूजा के दौरान समस्त थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ सभी पूजा पंडाल का जायजा लिया गया. उन्होंने कहा कि सभी आम जनता शांति पूर्ण माहौल में भगवान विश्वकर्मा पूजा मनाने कि अपील की.इस पूजा के अवसर पर श्रद्धालु भक्त प्रोपराइटर अमित सिंह, उदय सिंह,गणेश सिंह, अमल सिंह,यश कुमार,रोहित सिंह,वैभव सिंह,पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह,प्रमोद कुमार सिंह, बीरू सिंह,ओमप्रकाश सिंह उर्फ बबलू सिंह,राजू सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्रीनाथ नाग मणि सहित दर्जनों श्रद्धालु भक्तजनों पूजा में शामिल थे।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आधारभूत एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा किया गया । कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने छात्रों और वैज्ञानिकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कई चरणों में पेड़ लगाए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पेड़ का महत्व काफी बढ़ गया है। पेड़ न सिर्फ हमें आक्सीजन देते हैं बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं।ह्लकालेज आफ बेसिक साइंस के डीन डॉ अमरेश चंद्रा ने कहा, ह्लविश्वविद्यालय में पेड़ों को योजनाबद्ध तरीके से लगाया जा रहा है ताकि सबमें एकरूपता रहे।ह्लइस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। विश्वविद्यालय पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी काम कर रहा है।कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी ने भी संबोधित किया और अपने विचार रखे।कार्यक्रम का आयोजन वरीय वैज्ञानिक डॉ महेश कुमार की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एस्टेट आफिसर डॉ सी के झा, उपकुलसचिव डॉ संजय तिवारी, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार लाने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बुधवार को मुशहरी प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रहलादपुर, राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रहलादपुर तथा राजकीय मध्य विद्यालय प्रहलादपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में नामांकित बच्चों की संख्या, उपस्थित बच्चों की संख्या, शिक्षकों की संख्या ,शिक्षकों की उपस्थिति ,एमडीएम का संचालन , विद्यालय की साफ सफाई,बेंच डेस्क, बोरिंग की स्थिति आदि का निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में शिक्षण कार्य कर रहे बच्चों से पूछताछ कर विद्यालय कार्य की गुणवत्ता की जानकारी ली। राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रहलादपुर में 13 शिक्षक तथा 286 बच्चे हैं जिलाधिकारी ने पोषक क्षेत्र में नामांकन नहीं कराने वाले बच्चों को चिह्नित करने हेतु स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर वैसे बच्चों का नामांकन कराने पर बल दिया। राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रहलादपुर के निरीक्षण में पाया गया कि वर्ग 9 से 12 तक में 15 शिक्षक कार्यरत तथा 672 विद्यार्थी नामांकित हैं। उन्होंने बच्चियों के लिए मनरेगा से खेल का मैदान बनाने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। साथ ही एक शारीरिक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने तथा विद्यालय में नियमानुकूल एक शिक्षक को प्रभारी बनाने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया है। 11वीं कक्षा में बच्चों की संख्या स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर बढ़ाने को कहा। राजकीय मध्य विद्यालय प्रहलादपुर में भी जिलाधिकारी ने अभिभावक शिक्षक मीटिंग का सप्ताहिक आयोजन कराने का निर्देश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालय में वर्ग कक्ष में जाकर बच्चों के पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछताछ की तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुसहरी को विद्यालयों का भ्रमण करने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

# बीडीओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण, प्रभारी डॉक्टर गायब मिले

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। सीएचसी कुशेश्वरस्थान का औचक निरीक्षण गुरुवार को बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु ने किया ,निरीक्षण के दौरान बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बताया कि बिना सूचना का चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० सोहराब गायब मिले , साथ ही उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कर्मियों का उपस्थिति पंची भी उपलब्ध नही कराया गया। वहीं अस्पताल में दो मरीज भर्ती थे, जब मरीज से पूछा गया तो उसने बताया कि यहां जो मरीजो को फल और खाना दिया जाता है ऐसा कुछ भी नही मिल रहा मरीजो को। इस मामले में जब स्वास्थ्य प्रबंधक लोकेश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ओम शांति एंटरप्राइजेज के द्वारा नियमित रूप से फल एवं खाने की व्यवस्था नही कराई जा रही है। इस अस्पताल में 25 कर्मी 22 एएनएम और 09 गार्ड कार्यरत है। जिसमे से 3 गार्ड रोस्टर के हिसाब से उपस्थित थे वो भी बिना ड्रेस का। इस पर बीडीओ श्री जिज्ञासु ने उपस्थित गार्ड को ड्रेस में रहने की हिदायत दी उन्होंने कहा कि ड्रेस में नही रहने से कैसे पहचान पायेगा की गार्ड है या फिर कौन? निरीक्षण के क्रम में सबसे बड़ी बात ये सामने आई कि यहां कुल 09 डॉक्टर है, जिसमे से 07 बीएचएमएस और सर्फ दो एमबीबीएस है।और दोनों एमबीबीएस अनुपस्थित थे। जानकारों का कहना है कि चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सोहराब जब से यहां के प्रभारी बने है तब से बहुत कम यहां आते है। इनका निजी नर्सिंगहोम बिरौल में जहां के अपना अधिक समय देते है। इस मामले में बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बताया कि इस मामले में जिला में विभाग को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है।

# पंडौल अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र पर वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सदर अनुमंडल के 20 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया जिसमे से 12 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण अऊर आशीष अमन के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया।वितरण के पहले लाभुकों को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। साथ ही लाभुकों को वऊक्र्रू बनाने हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में वऊक्र्रूदिव्यांगों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा जिसके उपरांत पेंशन एवं अन्य लाभ मिल पाएंगे। बैटरी चालित ट्राइसाइकिल हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है जिसके लिए न्यूनतम 60% दिव्यांगता अनिवार्य है तथा आय 2 लाख रुपए से कम एवं निवास प्रमाण पत्र रोजगार अध्ययन प्रमाण पत्र के साथ भी देना होगा।

# कबाड़ी व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर देने के विरोध में आक्रोशित लोगों ने किया शव के साथ सड़क जाम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के नीम गली में बीते बुधवार की देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों के द्वारा एक कबाड़ी व्यवसायी को गोली मारकर हत्या कर देने के विरोध में आक्रोशित लोगों गुरुवार की सुबह मगरदही घाट पर बांस-बल्ला लगाकर मृतक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। लोग घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने सड़क पर कई जगह टायर जलाकर आगजनी करते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर जाम लगने के कारण मथुरापुर घाट की तरफ जाने वाले, ओवरब्रिज, बांध बाईपास व शहर में वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। हालांकि इसकी सूचना मिलने पर नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार दलबल के साथ लोगों को समझाने-बुझाने में लगे हुए थे। वहीं एएसपी संजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर मथुरापुर पुलिस को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में मृतक के भाई मोहन कुमार सेठ ने कहा कि पुलिस को बदमाशों की पहचान को लेकर उनकी तस्वीर व नाम भी बताया गया था, लेकिन पुलिस ने उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। बता दें कि घटना के बाद पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया था। वहीं थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार के द्वारा एक संदिग्ध को हिरासत में लेने व बाकी बचे बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया था। वहीं इस संबंध में एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जो भी बदमाश इस घटना में संलिप्त हैं उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क जाम करने वाले लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक मां ने अपने बेटे और बहु के खिलाफ थाना में आवेदन देकर कराया प्राथमिकी दर्ज

जमुई [ झाझा ] एक मां ने अपने बेटे और बहु के खिलाफ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के चांय गांव की रहने वाली मीना देवी ने दर्ज आवेदन में बताया कि मै अपने बेटी के साथ घर पर बैठकर वातार्लाप कर रही थी कि तभी मेरा बेटा साजन कुमार सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका कुमारी घर पर आया और मुझे पांच लाख रूपए मांगने लगा। बेटा ने अपनी साली की शादी के लिए रूपए मांगा जिसका विरोध किया तो बेटा और बहु ने गाली गलौज करने लगा और रूपए नही देने पर अंजाम ठीक नही होने की धमकी दिया।

### जमीन विवाद में बेटी ने मां पर दर्ज कराई प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद को लेकर एक पुत्री ने अपनी मां के खिलाफ थाना में आवेदन देते हुए मारपीट किए जाने का आरोप लगाई है। नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या दो महावीर चैक की रहने वाली नीतू कुमारी ने दर्ज आवेदन में बताया कि मेरी मां नीरो देवी जमीन विवाद को लेकर मेरे साथ गाली गलौज किया और जब मैने गाली गलौज दिए जाने का विरोध किया तो मेरी मां मेरे साथ मारपीट कि घटना को अंजाम दिया।

### रफ्तार के कहर से राहगीर भयभीत

असरगंज (मुंगेर)। प्रखंड अंतर्गत दो पहिया व 4 पहिया वाहन चालकों के द्वारा काफी तेज रफ्तार से वाहनों का परिचालन किया जा रहा है। तेज रफ्तार के कारण सड़क पर चलने वाले आम लोग अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वाहन के रफ्तार से ऐसा लगता है कि मरने मारने के उद्देश्य से सड़क पर वाहन चला रहा है। स्कूली बच्चे सहित महिलायें व बुजुर्ग लोगों के लिए भी जो सड़क पार कर रहे हो उनके लिए भी वो नहीं रूकते हैं। महंगी गाड़ी का तेज रफ्तार का जूनून अक्सर हादसे को बढ़ावा दे रहा है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को तेज रफ्तार के परिचालन को रोकने हेतु आर्थिक जुमार्ना लगाने की आवश्यकता है।

# महज 2 घंटे में पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया बरामद परिजनों को सौंपा

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो/जमुई : सोनो थाना क्षेत्र के मटिहाना गाँव निवासी मोहम्मद निजामुदीन ने अपने पोते के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। निजामुदीन ने बताया कि उनका पोता अचानक लापता हो गया है, जिससे पूरा परिवार चिंतित था। सूचना मिलते ही सोनो थाना प्रभारी संतोष कुमार सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और खोजबीन के लिए अपनी टीम के साथ मौके पर रवाना हो गए। प्रभारी थानाध्यक्ष ने की तेज कार्रवाई पु.नि. सह प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा, पुलिस उपनिरीक्षक विशाल कुमार सिंह और सशस्त्र बल की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर जानकारी इकट्ठा की और आसपास के इलाकों में खोजबीन शुरू कर दी। इस दौरान, पुलिस ने मटिहाना गाँव के चकाई मोड़ के पास बालक को बरामद किया। महज 02 घंटों के भीतर पुलिस ने बालक को सुरक्षित ढूँढ निकाला, जिससे परिवारजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बालक को सकुशल परिजनों को सौंपा गया गुमशुदा बालक को सुरक्षित बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे उसके परिजनों को सौंपा। परिजन अपने बालक को देखकर भावुक हो उठे और पुलिस की इस तत्परता की सराहना की। पुलिस की इस तेजी से कार्रवाई ने न केवल परिवार को राहत दी, बल्कि पूरे इलाके में पुलिस की कार्यकुशलता की तारीफ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने की पुलिस की सराहना पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में यह संदेश गया कि स्थानीय प्रशासन हर स्थिति में जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। मटिहाना और आसपास के गाँवों के लोगों ने भी पुलिस की इस सफलता को सराहा। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा ने इस मामले में कहा, स्थानीय लोगों के सहयोग और टीम की मेहनत से हम बच्चे को जल्दी खोजने में सफल रहे। हमारा उद्देश्य हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस की तत्परता ने पेश की मिसाल इस घटना ने पुलिस की मुस्तैदी और कुशलता की एक मिसाल पेश की है। ऐसे मामलों में जहाँ लापता बच्चों की खोजबीन अक्सर लंबी प्रक्रिया बन जाती है, सोनो पुलिस ने दिखा दिया कि सही समय पर सही कदम उठाए जाएँ तो परिणाम जल्दी और सकारात्मक मिल सकते हैं।

## एक युवक हुआ ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा स्टेशन के आउट सिग्नल दादपुर हॉल्ट के समीप गुरूवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक 33 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ने के बाद तुरंत डायल 112 की पुलिस टीम को घटना की जानकारी दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम के द्वारा घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल युवक का बांया पैर घटना में अत्यधिक रूप से जख्मी हो गया था जिसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर के द्वारा किया गया। पैर से अधिक रक्त निकलने के कारण घायल युवक की स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल युवक से मौजूद पुलिस ने नाम पता पूछने की कोशिश किया लेकिन घायल युवक की स्थिति नाजुक रहने पर वह कुछ भी स्पष्ट नही बता पा रहा था। वही घटना स्थल पर आरपीएफ एवं जीआरपी पुलिस भी पहुंची और घायल युवक के परिजनों का पता लगाने में जुट गई।

## बस स्टैंड के विवादास्पद आबंटन को रद्द करे जिलाधिकारी : केशरी



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित कर सारे अवैध आबंटन की हो जांच चंद चांदी के सिक्कों की खातिर जब नगर निगम के द्वारा ठीक सामने की प्लॉट बेच दी जाती है तो पूरे नगर निगम क्षेत्र की कितनी सम्पत्ति बेच दी गई होगी इसकी जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित की जानी चाहिए। उपर्युक्त बातें एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने पांच सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा। श्री केशरी ने डीएम से बस स्टैंड के मुख्य द्वार खास महाल की जमीन को नगर निगम प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से आबंटन को अविलंब रद्द करने की मांग करते हुए कहा नगर निगम इसका केयर-टेकर मात्र है। इसके अलावा अवैध रूप से आबंटित खास महाल की जमीन पर गैरकानूनी तरीके से बनाए जा रहे स्टॉल स्थानीय दलित आबादी, राहगीरों एवं यात्रियों के लिए बनाए गए समरसेबुल के सिस्टम को भी घेर रहा है। श्री केशरी ने जिला पदाधिकारी को आगाह किया कि इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए इस अवैध आबंटन को रद्द नहीं किया गया तो बाध्य होकर एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के कार्यकताओं को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। शिष्टमंडल में श्री केशरी के अलावा प्रदेश सचिव मो० आलम नेता, सखीचंद यादव, रामविनय मालाकार एवं आजाद शर्मा शामिल थे।

### ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ कि मारपीट, जहर पिलाने की हुई कोशिश

जमुई [ झाझा ] बाइक की मांग मायके वालों के द्वारा नही किए जाने से नाराज ससुराल वालों ने अपनी बहु के साथ मारपीट करते हुए उसे जहर देकर मारने की कोशिश किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इधर घायल बेटी को उसके मां- पिता के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान थानाक्षेत्र के खैरन गांव की रहने वाली अंजू देवी के रूप में हुई है। घायल महिला की मां लक्ष्मीपुर थानाक्षेत्र के मग्ही गांव की रहने वाली बबीता देवी ने बताया कि पांच साल पहले मैने अपनी बेटी की शादी किया और तब से मेरा दामाद रंजन यादव बाइक की मांग दहेज के रूप में करते हुए बेटी को प्रताड़ित करते रहता है। दहेज के रूप में बाइक की मांग करते हुए मेरी बेटी की सास चंपा देवी, ससुर बहादुर यादव और उसका पति मारपीट करते हुए जहर पिलाकर जान मारने की कोशिश किया जिसके बाद हमलोगों को जानकारी मिली तो बेटी के घर पहुंचकर किसी तरह बेटी को बचाकर वहां से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल लाया। घायल महिला दो बच्चों की मां है।

## स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन

### 73 लाभुकों के बीच विभिन्न उपकरणों का किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार) प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जमालपुर प्रखंड के रामनगर पंचायत स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जहां उन्होंने वृक्षारोपण किया, वहीं स्वच्छता ही सेवा का भी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। इसके पूर्व समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर एवं गुब्बारा का गुच्छ उड़ाकर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, डायरेक्टर डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमालपुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छता अत्यंत ही जरूरी है। जिस प्रकार आप अपने घरों को साफ-सूथरा रखते हैं, वैसे ही अपने वार्ड एवं आस पास के इलाकों को भी स्वच्छ बनाए रखें। इससे न सिर्फ आपके स्वास्थ को लाभ मिलेगा, बल्कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण भी हो सकेगा। इस लिए सरकार के इस अभियान में अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दें तथा स्वच्छता के प्रति अपने दायित्वों को समझें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आप सबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आप सभी उसका लाभ ले लाभान्वित हो सकते हैं। सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी आप अपने निकट के प्रखंड कार्यालय, पंचायत के मुखिया से ले सकते हैं। जरूरत पड़े तो आप जिला मुख्यालय से भी अधिकारियों से सम्पर्क कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। किसी भी सूरत में बिचैलियों के चक्कर में न पड़ें और यदि कोई बिचैलिया अथवा कर्मी आपसे योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग करें तो उसकी शिकायत सीधे मुझ से करें, तत्काल संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सात लाभूकों उषा देवी, रानी देवी, वन्दना देवी, सोनी देवी, शोभा देवी, सुनीता देवी एवं मीना देवी को जहां स्वीकृति पत्र वितरित किया, वहीं इसी योजना के पांच लाभूकों सविता देवी, विभा देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी एवं सुलेखा देवी को आवास की चाभी भेंट किया। इसके अलावे सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तहत जिलाधिकारी ने पांच व्हील चेयर, 18 ट्राय साइकिल, पांच मोटराइज्ड ट्राइ साइकिल सहित कुल 73 दिव्यांगजन लाभूकों को विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराए।

## बरमसिया पुल की मरम्मती को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

### 48 घंटे के बाद अलग अलग तिथियों में होगा संवैधानिक ढंग से प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पंचायत और नगर परिषद को जोड़ने वाली बरमसिया पुल की जर्जर अवस्था को देखकर विभिन्न राजनीति एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने एकजुट होकर गुरूवार को बरमसिया पुल के पास प्रदर्शन करते हुए पुल मरम्मती की मांग किया। मौके पर मौजूद जनसंघर्ष मोर्चा संयोजक सह बिहार किसान समिति के जिलाध्यक्ष बिनोद यादव, मानव सेवा संघ के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्यावत्स, बीडी राम आदि ने कहा कि बरमसिया पुल की स्थिति बीते एक वर्ष से काफी जर्जर हो चुका है। लेकिन इस पुल की न मरम्मती करवाई जा रही है न इसपर किसी भी पदाधिकारी का कोई विचार किया जा रहा है जिसके कारण यह पुल धीरे धीरे और भी जर्जर की स्थिति में पहुंच रहा है। लोगों ने कहा कि कई बार पुल की जर्जर को लेकर आवाज उठाया गया परंतु जिला से लेकर स्थानीय पदाधिकारी कुंभकर्ण की नींद सोई हुई है। लोगों ने कहा कि अगर 48 घंटा के अंदर पुल मरम्मती के संदर्भ में पदाधिकारी कोई ठोस कदम नही उठाता है तो हमलोग संवैधानिक ढंग से 22 सितंबर को पुल के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, 25 सितंबर को बरमसिया पुल पर पुतला दहन और 30 सितंबर को बरमसिया पुल पर मुख्य मार्ग को जाम कर अपनी मांगों को रखने का काम करेंगे। वही लोगों ने बरमसिया पुल की मरम्मती को लेकर जिलाधिकारी जमुई, झाझा बीडीओ सहित बिहार के सीएम को भी पत्र भेजा है।

### गंगा के जलस्तर वृद्धि को लेकर ग्रामीण कर रहे हैं रातजग्गा

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पुर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 8,9,10, के लोगों को रतजगा करने को मजबुर है। गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से रघुनाथपुर के ग्रामीणों मे भय व्याप्त है। यहां के तीन वार्ड के लोगों के लिये आफत हो गया है।ग्रामीणों के माने तो अशोक मंडल ने बताया 40 वर्ष पूर्व हमारे गांव बंगाली टोला जो दियारा का अभिन्न अंग था जहां हमारे पूर्वजों ने अपनी गाढ़ी कमाई संयोज कर रखे थे जिसे मॉ गंगा नदी के धार मे बहने से हमारे परिजनों ने पलायन करने को वेबस हो गया। हमारे परिजनों के साथ अपनी परिसम्पती को देख नही सके थे।

किसी तरह यहां आकर जमीन खरीद कर अपना झोंपड़ी निर्माण कर जीवन यापन करने लगे। इधर चार दिनों से गंगा अपनी रौद्र रूप दिखाया हम सभी भय व्याप्त हो सरकार के पदाधिकारियों के सम्पर्क किया । आपदा प्रबंधन विभाग के सहायक अभियंता घटना स्थल पर आकर देखा।उन्होंने कुछ जियो बैग लेकर आये जिससे हाथी के मुंह में जीरा के फौरन डालकर चले गए।

## सात निश्चय योजना की समीक्षा बैठक डीएम अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर (बिहार)। सात निश्चय योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा हुई, जिसमें सभी नगर निकायों के तहत सभी वार्डो में शत प्रतिशत पेयजलापूर्ति का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने सात निश्चय योजना की प्रगति की जानकारी ली, बताया गया कि इसके तहत 58 में से 27 योजना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें अब तक 22 योजना पूर्ण हो चुका है। साथ ही काली घाटी योजना के कार्य को नवंबर माह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जितनी भी शेष योजना का कार्य चल रहा है, उसे भी निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि योजना का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करें तथा अधिक से अधिक लाभूकओं को उसका लाभ दें। वहीं सभी नगर निकायों के सभी वार्डो में पेय जलापूर्ति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब भी कई नगर निकायों में शत प्रतिशत पेय जलापूर्ति नहीं की जा रही है, जो खेदजनक है। उन्होंने इस ओर सभी संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्रताशीघ्र पेय जलापूर्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने बूडको को शत प्रतिशत पेय जलापूर्ति पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा प्रारंभ होने में अब कुछ ही समय शेष बचे हैं, इस लिए जितने भी जर्जर सड़क हैं, उसे पूजा प्रारंभ होने के पूर्व ही मरम्मत कर पूर्ण कर लें। पूजा के समय या उस दौरान किसी तरह की कोई समस्या अथवा विवाद न हो इस लिए इसे गंभीरता से लें। सड़क मरम्मती के संदर्भ में बताया गया कि आईओसीएल द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने का जो कार्य किया जा रहा है, उसी वजह से बारिश के दौरान सड़क धंसने की शिकायत सामने आ रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल आईओसीएल को पूरे पर्व के दौरान पाइप लाइन बिछाने के कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद पुनः वे कार्य प्रारंभ करेंगे। इसके अलावे ठोस एवं तरह अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंडल कारा में छापेमारी कि, दिये दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश के द्वारा गुरुवार 19 सितम्बर को संयुक्त रूप से जमुई मंडल कारा में छापेमारी की गई। इस क्रम में जेल के सभी वार्डों की जांच की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कारा मंडल से किसी भी तरह का कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। जांच के क्रम में मंडल कारा स्थित किचन की भी जांच की गई एवं कारा अधीक्षक को जेल मैन्युअल का पालन करने एवं साफ सफाई का समुचित ध्यान रखने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में जेल में प्रतिनियुक्त चिकित्सक के सम्बन्ध में जानकारी ली गई और उनके अनुपस्थित पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को अपने निर्धारित समयानुसार उपस्थिति रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का सख्त निर्देश दिया गया। उक्त छापेमारी के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## शहर के मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर सपा उतरा सड़क पर

- सत्ता मद में धृतराष्ट्र हो गया शासन प्रशासन के लोग : पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर (बिहार)। शहर के मुख्य सड़क के निर्माण सहित बिगड़ती विधि व्यवस्था विद्युत की अनियमित आपूर्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कुव्यवस्था प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त लुट खसोट जमालपुर कारखाना को बदनाम करने की साजिश स्मार्ट मीटर लगाने की तुगलकी फरमान वापस लेने आदि कई अन्य सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी नगर इकाई जमालपुर के कार्यकताओं ने शहर के जुबली बेल चौक पर नगर अध्यक्ष अमर शक्ति के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना पर रहा और सरकार व जिला प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को जमकर कोसा। धरना पर बतौर मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव एवं लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे । धरना की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष अमर शक्ति ने कहा कि जमालपुर की जनता सड़क स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विद्युत की अनियमित आपूर्ति से त्रस्त है और क्षेत्रीय विधायक सांसद और जिला प्रशासन को जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं है।

ऐसे सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है ऐसी निकम्मी सरकार को हम सपाई रसातल में पहुंचा कर ही दम लेंगे। धरना पर बतौर मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने अकर्मण्य शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि पर जमकर बरसते हुए कहा कि सत्ता मद में धृतराष्ट्र बने शासन प्रशासन के लोग विकास के नाम पर राजनीति कर रहे हैं और अपनी डफली अपना राग अलाप रहे है लेकिन जनता यह जानना चाहती रही है की 20 वर्षो से शहर के मुख्य सड़क का निर्माण क्यों नहीं लेकिन इसका जवाब न शासन के पास है ना प्रशासन के पास और अगर जनता ऐसी व्यवस्था के विरुद्ध सड़क पर नहीं उतरती है तो फिर अपनी दुर्गति के लिए तैयार रहे। वही लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा यहां के प्रशासन निकम्मी है सांसद विधायक निकम्मी है।

और सरकार का मुखिया को बस कुर्सी प्यारी है ऐसी परिस्थितियों मे भी जनता सजग नहीं हुई तो सुशासन की राग अलापने वाली है यह सरकारी गुण्डा जनता को जीने नहीं देगी । धरना को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति नगर उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता प्रधान महासचिव रूपेश कुमार छोटू आदि ने संबोधित करते हुए सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली धरना के उपरांत पार्टी द्वारा सात सूत्री मांगों का एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी को सोपा गया जो मुख्य मंत्री के नाम था । धरना में प्रमुख रूप से सचिव दिनेश साहू, राजीव पटवा मीडिया प्रभारी कुमार प्रभाकर मनिष यादव आशिष कुमार अशोक शर्मा सुरेंद्र साव सदानंद शर्मा विकास यादव संजय चौरसिया राजकुमार कुणाल रंजन गोपीनाथ अजय कुमार विकास यादव रिंकू दास सहित दर्जनों सपाई उपस्थित थे।

## नवादा में अस्सी दलित घरों को जलाना क्रूर व अमानवीय घटना: प्रो. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई : बिहार राज्य के नवादा जिला स्थित कृष्णा नगर में असामाजिक तत्वों तथा दबंगों के द्वारा गत 28 सितंबर की रात करीब 80 दलित घरों को जलाकर खा खाक कर दिया गया। इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि नवादा में 80 दलित घरों को जलाना बहुत ही क्रूर और अमानवीय घटना है। यह मानवाधिकार के घोर उल्लंघन का एक ज्वलंत उदाहरण है। यह वीभत्स घटना सामाजिक समानता,आंतरिक संघर्ष और समाज में व्याप्त असहिष्णुता का प्रतीक है। दबंगों द्वारा मांझी समुदाय के 80 से अधिक घरों को जलाकर खाक करना मानवाधिकार का हनान के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक दोनों दृष्टिकोण से गलत है। प्रो.पासवान ने कहा कि कृष्णा नगर बस्ती की अग्नि घटना यह स्पष्ट करती है कि सिर्फ कानून और संवैधानिक सुरक्षा उपायों से सामाजिक न्याय प्राप्त नहीं होता है,बल्कि इसके लिए जागरूकता और सामाजिक सुधारो की आवश्यकता होती है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम ही होगी। राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस घटना की भर्त्सना करते हुए प्रभावी स्टेप उठावे। कानूनी कार्रवाई करें ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सके तथा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि नवादा के जिन 80 घरों को जलाया गया है उसमें समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति रहते थे जो अब घर विहीन हो गए हैं। यह अग्नि घटना हर समाज और व्यक्ति को सोचने के लिए विवश करती है कि पीड़ित दलित समूह के बीच भी हिंसा होती है,जो सामाजिक, राजनीतिक विघटन का परिचायक है। इस तरह की अत्याचारों को रोकने और दंडित करने के लिए एससी /एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 बनाए गए हैं। विडंबना है कि दलित बस्ती को उजाड़ने वालों में दलितों की भी गिरफ्तारियां हुई हैं। इस दर्दनाक घटना में लिप्त चाहे कोई भी कितनी बड़ी शक्ति क्यों ना हो, उस पर न्यायोचित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## लोजपा रामविलास के लेबर प्रकोष्ठ की संगठन की हुई समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। सर्वकल्याण दुर्गा मन्दिर प्रांगन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता लेबर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नवल पासवान ने किया । मुख्य अतिथि के रूप में लेबर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर रामप्रवेश यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता विनय कुमार उर्फ गुड्डू साह तथा लेबर प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव आत्माराम पासवान उपस्थित थे । मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामप्रवेश यादव ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान के लिए हमेशा संगठन के संगठन कार्य को करते रहना चाहिए जिससे कार्यकताओं में ऊर्जा प्रदान होती है । केन्द्रीय बजट में श्रमिकों के हितों की रक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में लाना । ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करना ' सरकार अपनी नीति में लाकर श्रमिकों की हित को सुनिश्चित किया। संगठन को विस्तार करते हुए बुथ स्तर तक ले जाना है जिससे कि विधानसभा में मजबूती प्रदान होगी। जबकि विशिष्ट अतिथि विनय कुमार गुड्डू ने कहा कि 28 नंबर को पटना के गांधी मैदान में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाना है ' सभी कार्यकर्ता आगामी विधानसभा की तैयारी में जुट जाएं ' इसके लिए सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ते हुए मजबूती प्रदान करें । बैठक में संगठन की विस्तार को लेकर चर्चा की गई । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान ,मनोहर दास , आत्माराम पासवान ,सतीश कुमार झा, जोशना रानी, सुमित पासवान, सुनील यादव ,शीला कुमारी, उत्तम कुमार दास, मुनी लाल यादव ,आशीष उपाध्याय ,फूलचंद पासवान आदि उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## 'आप' की आतिशी पारी



दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। अब आम आदमी पार्टी (आप) में आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। उन्हें विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना, क्योंकि वह केजरीवाल की पसंद थीं। आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। जैसे ही आतिशी मुख्यमंत्री पद और कैबिनेट के अन्य चेहरे शपथ ग्रहण करेंगे, उसी के साथ दिल्ली में 'आतिशी पारी' का आगाज होगा। भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। सुषमा तो मात्र 52 दिन ही मुख्यमंत्री रहीं, जबकि शीला दीक्षित ने 15 साल 25 दिन तक राजधानी शहर पर शासन किया। आतिशी की ताजपोशी भी अल्पकालिक व्यवस्था है। यदि 'आप' लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में विजयी रही, तो उसके बाद केजरीवाल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्या तब उन पर सर्वोच्च अदालत की शर्तें लागू नहीं होंगी ? क्या नए जनादेश के साथ न्यायिक आदेश के दायरे भी बदल जाते हैं ?

बहरहाल आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का समझौता मानसिक तौर पर किया गया है, लिहाजा विधायक दल का नेता चुने जाने के बावजूद आतिशी ने साफ तौर पर बयान दिया है कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है-केजरीवाल। वह मेरे राजनीतिक गुरु और बड़े भाई हैं। हमें पूरी ताकत और एकजुटता से प्रयास करना है कि नया जनादेश भी 'आप' को ही मिले और केजरीवाल एक बार फिर मुख्यमंत्री बन सकें। आतिशी ने यह भी कहा कि वह खुश भी हैं और दुखी भी हैं, क्योंकि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया है। वह दुखी मन से ही सत्ता संभालेंगी। दिल्ली के लोग भी व्यथित हैं और रो रहे हैं कि केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया ?" राजनीतिक विरोधी और विश्लेषक, बेशक, आतिशी को 'रबर स्टांप', 'रिमोट कंट्रोल' या 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' करार दें, लेकिन वह नाकाबिल नहीं हैं। आतिशी बहुशिक्षित हैं और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उन्होंने दो मास्टर्स डिग्रियां हासिल की हैं। इसके लिए उन्हें अलग-अलग छात्रवृत्ति दी गई। आतिशी सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों की नेता हैं। उन्होंने जल-सत्याग्रह में भी भाग लिया। कई साल अध्यापन का कार्य भी किया। वह अन्ना हजारे के 'भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन और अनशन' की देन हैं। हालांकि राजनीतिक क्षितिज पर आतिशी का उदय बाद में हुआ। यदि उन्हें 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' मान भी लिया जाए, तो ऐसा कौनसा विरला मुख्यमंत्री या मंत्री है, जो आलाकमान की तय लकीर पर न चलता हो ?

# खत्म होती नदियों की अविरलता

**1960 और 70 के दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बांधों का निर्माण हुआ। लेकिन हाल के वर्षों में बांधों के निर्माण की वैश्विक स्तर पर आलोचना हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में नदियों की पंचायत बिहार शोध संवाद द्वारा मुक्तिधाम, सिकन्दरपुर (बूढ़ी गण्डक) नदी के तट पर, मुजफ्फरपुर में प्रीति कुमारी के अध्यक्षता में की गई। नदियों की पंचायत में अक्टूबर में 10 जिलों से सक्रिय नदी समस्याओं के चिंतकों एवं सक्रिय कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का फैसला लिया गया जिसमें युवाओं एवं महिलाओं की अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा नदी मुक्ति आभियान की शुरूआत की गई। नदियों की समस्याओं एवं निराकरण को लेकर पुस्तक का प्रकाशन अविलंब करने का निर्णय लिया गया।**





**-कुमार कृष्णन-**
**(स्वतंत्र पत्रकार)**

नदियों का शोषण एक खतरनाक स्तर तक कर चुके हैं। हमारी नदियाँ अपना मूल रूप खो चुकी हैं और बुरी तरह से अस्त-व्यस्त दशा में हैं। सिंचाई और हाइड्रोपावर के लिए बांध बने हैं, पानी को मनचाही दिशा में ले जाने के लिए बैराज बनाए गए हैं। फरक्का बराज के दुष्परिणाम को देख चुके हैं। फिर भी बिहार सरकार चेत नहीं रही है।

बिहार सरकार कोई भी बराज बनाने से पहले फरक्का बराज के दुष्परिणामों से सीख ले। गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रमुख अनिल प्रकाश ने बिहार की नदियों पर इन बराजों के निर्माण पर आपत्ति जतायी है और कहा है कि – बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सात नदियों पर बराज बनाने की हड़बडी करनें से पहले गंगा पर बने फरक्का बराज से उत्पन्न विनाशकारी बाढ़, कटाव, जल जमाव, भूमियों के उसर होने, मछलियों के अकाल आदि भीषण स्थितियों का वैज्ञानिक आंकलन अवश्य करा लेना चाहिए। सरकार के बिहार की नदियों पर बराज बनाने फैसले से व्यापक आंदोलन की तैयारी आरंभ हो गयी है। इस फैसले के विरोध में बिहार, बंगाल और उत्तरप्रदेश में प्रथम चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके उपरांत साथी संगठनों की बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। अब तो मुजफ्फरपुर यानी तिरहुत में नारा गूंजने लगा है बागमती की धारा पर तटबंध बनाने आये हो, विश्वबैंक से कर्जा उठाकर हमें डूबाने आये हो। दरअसल में नेपाल में होने वाली बारिश से बिहार में होने वाली तबाही को रोकने के लिए बिहार सरकार ने चार बराज बनाने का निर्णय लिया है। ऐसे में फरक्का बैराज के निर्माण में दिखाई गई अदूरदर्शिता को एक सीख की तरह देखा जाना चाहिए। बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी के अनुसार नेपाल में हाई डैम बनने का प्रस्ताव कई सालों से है, लेकिन वहां फिलहाल हाई डैम बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है। कारण नेपाल में हाई डैम का मामला इसलिए अटका पड़ा है। कोई भी जल संधि तभी लागू की जाएगी जबतक कि वहां की संसद दो तिहाई बहुमत से मामले के पारित न कर दे।

नेपाल के संसद के पेंच के कारण बिहार सरकार को बराज बनाने का फैसला लेना पड़ा। लिए गए फैसले के तहत नेपाल से आने वाली चार नदियों में चार जगह पर बराज बनाए जाएंगे।

यह बराज कोसी नदी पर डगमारा में, गंडक नदी पर अरेराज में, महानंदा नदी पर मसान में और बागमती नदी पर डिंग में बराज बनाया जाएगा। डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी राशि दी है और हम लोग सोच रहे हैं कि नेपाल से आने वाले बाढ़ के पानी से जो नुकसान होता है उसे रोकने के लिए इन चार जगह पर बड़े बराज बनाया जाएं, जिससे कि बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए विश्व बैंक से 4400 करोड़ रुपये की सहायता ली जा रही है। यह डीपीआर मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा।

नेपाल सरकार से भारत सरकार की कई बार हाई डैम बनाने को लेकर बातचीत हुई है वर्ष 2004 में वहां संयुक्त रूप से विराटनगर में कार्यालय भी खोले गए हैं, लेकिन जहां भी सर्वे करने जाती है लोग हंगामा करने लगते हैं। यही कारण है कि नेपाल में हाई डैम बनाना मुश्किल हो रहा है। यही सोचकर बिहार सरकार ने अब बिहार में ही नेपाल से आने वाली चार नदियों पर बराज बनाने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के लिए प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 11, 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में भारत ने नेपाल में कोसी, बागमती और कमला नदी पर उच्च-स्तरीय बांध बनाने और संबंधित डीपीआर तैयार करने के लिए 2004 में विराटनगर (नेपाल) में एक संयुक्त परियोजना कार्यालय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार के बाढ़ को लेकर एक वैज्ञानिक ढंग से व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है उसके बाद नदी जोड़ योजना का काम हो या फिर बराज बनाने का काम हो।

विकास योजनाएं बनाते समय उसके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय दुष्परिणामों को नजरअंदाज करने का क्या नतीजा हो सकता है, इसे समझने के लिए फरक्का बैराज को एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए।

फरक्का बैराज 1975 में बनकर तैयार हुआ। मकसद था कि इसके जरिए 40 हजार क्यूसेक पानी का रुख बदल दिया जाये, ताकि कोलकोता बंदरगाह बाढ़ से बच सके। यह अनुमान करते नदी में आने वाले तलछट का अनुमान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, आवश्यकतानुरूप मात्रा में पानी का रुख नहीं बदला जा सका। दुष्परिणाम आज सामने है। बैराज का जलाश्य तलछट से ऊपर तक भरा है। पीछे से आनी वाली विशाल जलराशि पलटकर साल में कई-कई बार विनाश लाती है। ऊंची भूमि भी डूब का शिकार होने को विवश है। हजारों वर्ग किलोमीटर की फसल इससे नष्ट हो जाती हैं। फरक्का बैराज के बनने के बाद से समुद्र से चलकर धारा के विपरीत ऊपर की ओर आने वाली ढाई हजार रुपये प्रति किलो मूल्य वाली कीमती हिल्सा मछली की बडी मात्रा से हम हर साल खो रहे हैं, सो अलग। नदी किनारे की गरीब-गुरबा आबादी फरक्का को अपना दुर्भाग्य मानकर हर रोज कोसती है। फरक्का बराज के बनने के बाद से बिहार में बाढ़ की आपदा बढ़ी है।

मगर जानकार यह भी मानते हैं कि बिहार में बाढ़ को नियंत्रित करने वाली तटबंध आधारित नीति ने भी बाढ़ के संकट को बढ़ाने का काम किया है। उत्तर बिहार की नदियों के जानकार दिनेश कुमार मिश्र के अनुसार आजादी के वक्त जब राज्य में तटबंधों की कुल लंबाई 160 किमी थी तब राज्य का सिर्फ 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ पीड़ित था। अब जब तटबंधों की लंबाई 3760 किमी हो गयी है तो राज्य की लगभग तीन चौथाई जमीन यानी 72.95 लाख हेक्टेयर भूमि बाढ़ प्रभावित है। यानी जैसे-जैसे तटबंध बढ़े बिहार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रफल भी बढ़ता चला गया।

सरकार का भी रवैया विचित्र है। एक ओर तो बिहार की बाढ़ के लिए फरक्का बराज को जिम्मेदार ठहराते हैं, तो दूसरी तरफ नए की वकालत भी करते हैं। अनिल प्रकाश के अनुसार फरक्का बराज के अनुभवों से ही समझ लेना चाहिए था कि नदियों को रोककर बाढ़ का मुकाबला नहीं किया जा सकता।

1870-75 से पहले बिहार में बाढ़ का जिक्र नहीं मिलता था। जबसे यहां रेलवे की शुरूआत हुई और नदियों के स्वतंत्र बहाव में बाधा उत्पन्न होने लगी बाढ़ की समस्या सामने आने लगी। इसके बावजूद उत्तर बिहार में नदियों का अपना बेहतरीन तंत्र विकसित था। बड़ी नदियां, छोटी नदियों और चौरों से जुड़ी थीं और पूरे इलाके में पोखरों का जाल बिछा था। जब बारिश के दिनों में बड़ी नदियों में अधिक पानी होता था तो वह अपना अतिरिक्त पानी छोटी नदियों, चौरों और तालाबों में बांट देती थीं। इससे बाढ़ की समस्या नहीं होती थी। फिर जब गर्मियों में बड़ी नदियों में पानी घटने लगता तो छोटी नदियां और चौर इन्हें अपना पानी वापस कर देतीं। इससे ये नदियां सदानीरा बनी रहतीं।

## शास्त्रों के अनुसार श्राद्धकर्म न करने से होनेवाली हानि



**श्रीमती प्राची जुवेकर**

हिन्दू धर्मशास्त्र के अनुसार मृत व्यक्ति के श्राद्धविधि प्रतिवर्ष करने के लिए कहा गया है। कुछ निरीश्वरवादी इसे विरोध करते हैं। श्राद्ध-विधि न करने पर क्या हो सकता है और जीवन में साधना का महत्त्व इस लेख द्वारा समझ लेते है।

### शास्त्रों के अनुसार विशिष्ट दिन विशिष्ट श्राद्धविधि करना आवश्यक होना

आजकल वर्षश्राद्ध के स्थान पर बारहवें दिन ही सपिंडीकरण श्राद्ध करते हैं। यह उचित नहीं है। बारहवें दिन सपिंडीकरण श्राद्ध करना पर्याप्त न होने के कारण :

अ. सामान्य जीव द्वारा की जानेवाली प्रत्येक विधि में यदि भाव न हो, तो फलप्राप्ति मात्र 10 प्रतिशत ही होती है।

आ. लिंगदेह, साधना न करते हों, तो उनके सर्व ओर व्याप्त वासनात्मक कोषों द्वारा प्रक्षेपित रज-तमात्मक तरंगों की मात्रा उनकी आसक्ति के अनुपात में परिवर्तित होती रहती है। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष श्राद्ध कर साधना न करनेवाले जीव को आगे जाने के लिए बल उत्पन्न करवाना, यह पितृऋण चुकानेवाले जीव का प्राथमिक कर्तव्य है।

### शास्त्रों के अनुसार श्राद्धविधि न करने से संभावित हानि

अ. लिंगदेह एक ही स्थिर कक्षा में अनेक वर्षों तक अटकी रहती है।

आ. अटकी हुई लिंगदेह मांत्रिकों के वश में फंसकर उनकी आज्ञानुसार परिवार के सदस्यों को कष्ट दे सकती है। लिंगदेह आगे न जाकर एक नियत कक्षा में अटके रहने से उनके कोष से प्रक्षेपित परिजनों से संबंधित आसक्तिदर्शक लेन-देन युक्त तरंगों के प्रादुर्भाव में परिवार के सदस्य होते हैं। इसके कारण उन्हें कष्ट होने की आशंका अधिक होती है।

### सनातन धमार्नुसार मृत व्यक्ति का बारहवें दिन श्राद्ध करते हैं। आर्य समाज में चौथे दिन ही श्राद्ध करते हैं और उसके उपरांत श्राद्ध नहीं करते। यह कहां तक उचित है?

चौथे दिन श्राद्ध की फलप्राप्ति शून्य प्रतिशत होती है; क्योंकि चौथे दिन मृतदेह पर उसके जीवित होने का संस्कार दृढ रहता है। इसलिए उसके सर्व ओर विद्यमान वासनात्मक कोष 100 प्रतिशत कार्यरत अवस्था में रहता है। ऐसे में श्राद्धादि विधिकर्म करने पर, उससे निर्मित मंत्रशक्ति की तरंगें ग्रहण करने में लिंगदेह पूर्णतः असमर्थ अवस्था में, अर्थात कर्मविधि के आकलन और भान के परे होती है। इसलिए उसके लिए श्राद्ध कर कोई लाभ नहीं होता। इसके विपरीत 12वें दिन लिंगदेह द्वारा पृथ्वी की वातावरण-कक्षा भेदने पर उसकी पृथ्वीतत्त्व से संलग्नता न्यून होकर उसका जडत्व भी न्यून होता है और उसके सर्व ओर विद्यमान कोषों की संवेदन क्षमता बढती है। इस कारण श्राद्धादि विधिकर्म के स्पंदन ग्रहण करने में वह अग्रसर होने के कारण उस काल में विधि करने से वह अधिक फलदायी प्रमाणित होती है।

हिन्दू धर्म ने प्रत्येक विषय का कितना गहन विचार किया है, यह ज्ञात होता है। प्रत्येक वर्ष श्राद्ध कर उन विशिष्ट लिंगदेहों के सर्व ओर विद्यमान वासनात्मक कोषों का आवरण न्यून करना, उन्हें हलकापन प्राप्त कराना और मंत्रशक्ति की ऊर्जा से उन्हें गति देना, यह पितृऋण चुकाने का प्रमुख साधन है। सभी लिंगदेह साधना नहीं करतीं, इसलिए श्राद्धादि कर्म कर उन्हें बाह्यऊर्जा के बल पर आगे भेजना पडता है; इसी कारण प्रतिवर्ष श्राद्ध करना महत्त्वपूर्ण होता है। नामसाधना करनेवाला जीव स्वयं ही सात्त्विक ऊर्जा के बल पर उत्तरोत्तर गति प्राप्त कर आगे बढता रहता है; इसलिए साधना करने का अनन्य महत्त्व है।

**संदर्भ : सनातन का ग्रंथ श्राद्ध ( भाग 2 ) श्राद्धविधि का अध्यात्मशास्त्रीय आधार**

# डिजिटली चुनाव प्रचार, शक्तिशाली हथियार

**डिजिटल प्लेटफॉर्म अकसर पर्याप्त तथ्य-जांच उपायों को लागू करने में विफल रहते हैं, जिससे झूठे दावे जारी रहते हैं एवं संभावित रूप से गलत या जानबूझकर हेरफेर की गई जानकारी के साथ मतदाताओं को गुमराह किया जाता है। भारत के वर्ष 2019 चुनाव के दौरान ऐसा हो चुका है। कैम्ब्रिज एनालिटिका ने इसका खुलासा किया। इसलिए सरकारों एवं चुनाव निकायों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों को गलत सूचना के लिए जिम्मेदार ठहराने तथा झूठे कंटेंट के प्रसार के लिए दंड लागू करने के लिए सख्त नियम लागू करने चाहिए।**





**-प्रियंका सौरभ-**
**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )**

गूगल विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, राजनीतिक दलों एवं उनके सहयोगियों ने पहली जनवरी से 10 अप्रैल के बीच अकेले गूगल के विज्ञापनों पर लगभग 117 करोड़ रुपये खर्च किये।

डिजिटल अभियान खर्च में यह वृद्धि चुनावों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जबकि राजनीतिक दलों के बीच कंटेंट विनियमन तथा निष्पक्षता के बारे में चिंता बढ़ाती है। अब चुनाव में डिजिटल अभियान एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। मतदाताओं तक इसकी व्यापक पहुंच है। डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों सहित लाखों मतदाताओं तक पहुंचने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी जनसांख्यिकीय अभियान से वंचित न रह जाए। वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान व्हाट्स ऐप के व्यापक उपयोग ने राजनीतिक दलों को पूरे भारत में ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ने में मदद की। इससे चुनाव परिणाम काफी हद तक प्रभावित हुए। डिजिटल अभियान पारंपरिक मीडिया की तुलना में कहीं अधिक किफायती है, जिससे सीमित बजट वाले छोटे लोगों को भी प्रतिस्पर्धा करने एवं मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने की अनुमति मिलती है।

वर्ष 2015 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की डिजिटल रणनीति बड़ी पार्टियों की तुलना में न्यूनतम खर्च के बावजूद सफल साबित हुई। डेटा एनालिटिक्स पार्टियों को विशिष्ट मतदाता वर्गों के लिए अनुरूपित संदेश बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके मूल्यों एवं चिंताओं से मेल खाने वाले संदेशों के साथ सही दर्शकों तक पहुंचने की संभावना में सुधार होता है। ब्रेक्सिट सहित वैश्विक चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका की सूक्ष्म-लक्ष्यीकरण रणनीतियों ने दिखाया है कि कैसे लक्षित डिजिटल संदेश मतदाता व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। सोशल मीडिया मतदाताओं के साथ वास्तविक समय पर बातचीत करने में सक्षम बनाता है, जिससे राजनीतिक नेताओं को चिंताओं को तेजी से संबोधित करने, जनता की राय को आकार देने एवं तत्काल प्रतिक्रिया के आधार पर अभियान रणनीतियों को समायोजित करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री की सक्रिय हैंडल (पुराना नाम ट्विटर) उपस्थिति ने उन्हें अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मतदाताओं के साथ सीधा एवं निरंतर संवाद बनाए रखने की अनुमति दी है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म विशेष रूप से सोशल मीडिया और युवा मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जो राजनीतिक कंटेंट का ऑनलाइन उपभोग करने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे महत्वपूर्ण मतदाता आधार के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। वर्ष 2024 के चुनाव में राजनीतिक दलों की इंस्टाग्राम रणनीति विशेष रूप से युवा मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई थी। डिजिटल अभियान, जब जिम्मेदारी से उपयोग किए जाते हैं, तो मतदाताओं को सीधे नीतियों के बारे में सूचित करके, उन्हें सूचित विकल्प चुनने में मदद करके एवं समग्र चुनावी भागीदारी को बढ़ाकर अधिक पारदर्शिता प्रदान कर सकते हैं। वर्ष 2020 के अमेरिकी चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के डिजिटल टाउन हॉल ने महामारी प्रतिबंधों के बावजूद मतदाताओं को उनके साथ सीधे बातचीत करने की अनुमति दी। आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म अकसर बड़े बजट वाले दलों के विज्ञापनों को अधिक दृश्यता देकर उनका पक्ष लेते हैं, अभियान को अमीर राजनीतिक संस्थाओं के पक्ष में झुकाते हैं, जिससे चुनावी निष्पक्षता कम हो जाती है। गूगल के विज्ञापन वैश्विक चुनाव के दौरान उच्च-बजट वाली पार्टियों के पक्ष में पाए गए, जिससे उन्हें मतदाता पहुंच में लाभ मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक विचारों का ध्रुवीकरण हो सकता है एवं अधिक खंडित तथा शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे रचनात्मक बहस कम हो सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है एवं अधिक खंडित, शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल बन सकता है, जो रचनात्मक बहस को कम कर देता है। 2019 में फेसबुक विज्ञापनों पर राष्ट्रीय पार्टियों का भारी खर्च छोटे क्षेत्रीय दलों के बजट से कहीं अधिक हो गया। डार्क विज्ञापनों एवं अत्यधिक लक्षित राजनीतिक संदेशों के उपयोग से नियामकों तथा जनता के लिए यह ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है कि विशिष्ट मतदाता समूहों को कौन सी जानकारी प्रसारित की जा रही है, जिससे पारदर्शिता कम हो जाती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म अकसर पर्याप्त तथ्य-जांच उपायों को लागू करने में विफल रहते हैं, जिससे झूठे दावे जारी रहते हैं एवं संभावित रूप से गलत या जानबूझकर हेरफेर की गई जानकारी के साथ मतदाताओं को गुमराह किया जाता है। भारत के वर्ष 2019 चुनाव के दौरान ऐसा हो चुका है। कैम्ब्रिज एनालिटिका ने इसका खुलासा किया। इसलिए सरकारों एवं चुनाव निकायों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों को गलत सूचना के लिए जिम्मेदार ठहराने तथा झूठे कंटेंट के प्रसार के लिए दंड लागू करने के लिए सख्त नियम लागू करने चाहिए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अनियमित खर्च के माध्यम से प्राप्त अनुचित लाभ को रोकने के लिए राजनीतिक दलों को अपने डिजिटल विज्ञापन व्यय का पूरी तरह से खुलासा करने की आवश्यकता होनी चाहिए। राजनीतिक कंटेंट की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए, तृतीय पक्ष के तथ्य-जांचकताओं के साथ फेसबुक की मौजूदा साझेदारी का विस्तार किया जा सकता है। चुनावी समानता बनाए रखने के लिए, राजनीतिक दलों द्वारा डिजिटल विज्ञापनों पर खर्च की जाने वाली राशि पर सीमाएं लगाई जानी चाहिए, जिससे अमीर पार्टियों को डिजिटल क्षेत्र पर हावी होने से रोका जा सके। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एल्गोरिदम को यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, कि सभी पार्टियों के राजनीतिक विज्ञापनों को पार्टी के वित्तीय संसाधनों की परवाह किए बिना समान प्रदर्शन मिले। लोकतांत्रिक निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए गूगल जैसे प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे दलों के विज्ञापनों को बड़े दलों के समान दृश्यता मिले। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चलने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों वाला एक केंद्रीकृत डेटाबेस जनता के लिए सुलभ होना चाहिए, जिससे संदेश भेजने में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके एवं गुप्त अभियानों को रोका जा सके।

गूगल का विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र एक अच्छी शुरूआत है, लेकिन इसे सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर अधिक व्यापक डेटा की आवश्यकता है। सरकारों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्मों को हानिकारक राजनीतिक कंटेंट के प्रसार को रोकने तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए सहयोगी ढाँचे के साथ निगरानी को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए।

# राहुल की बातें मजाक की नहीं, चिंता का विषय

**-एस. सुनील-**

पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगाइ। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहींइ। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है। कांग्रेस पार्टी के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमति स्मृति ईरानी ने एक बहुत पते की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि, राहुल गांधी जो कहते हैं, हम भले उसे बचकाना मानें या हंसी उड़ाएं लेकिन वे अलग तरह की राजनीति कर रहे होते हैंइ। उनके कहने का मतलब था कि राहुल की बातें सुनने में बचकानी या बेसिरपैर की लग सकती हैं लेकिन वे किसी न किसी राजनीतिक मकसद से अपनी बातें कहते हैं। वह उनके, उनकी पार्टी के और व्यापक गठबंधन की वृहत्तर राजनीति को साधने के लिए कही गई बात होती है। इसलिए उनकी बातों को और जिस संदर्भ में वे अपनी बात कहते हैं उसको गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उनकी बातें मजाक की नहीं, बल्कि चिंता का विषय हैं। तीन दिन की अपनी अमेरिका यात्रा में वे जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी गए और नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जो बातें कहीं या इनसे अलग जिन लोगों से बेहद आत्मीय मुलाकात की है उसको पूरे संदर्भ के साथ देखेंगे तो एक बड़े खतरे का आभास होगा। इससे कांग्रेस और पूरे विपक्ष की मानसिकता समझ में आएगी और उनकी विभाजनकारी राजनीति की वास्तविक तस्वीर भी दिखेगी। अमेरिका यात्रा में राहुल की दो बातें और एक मुलाकात विवाद के केंद्र में हैं। पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगाइ। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहींइ। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है। राहुल और विपक्ष के राजनीतिक डिजाइन को समझने के लिए शुरूआत उनकी पहली बात से करते हैं। आरक्षण समाप्त करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में अभी बहुत भेदभाव और असमानता है, जब सबके लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे यानी असमानता खत्म हो जाएगी तभी आरक्षण खत्म होगा। इस बात के दो पहलू हैं। एक पहलू को लेकर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने राहुल पर हमला किया। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण खत्म करने की साजिश का खुलासा है। बाद में दूसरी पार्टियों ने भी यह चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता जाहिर हो गई। कहने की जरुरत नहीं है कि आजादी के बाद से कांग्रेस हमेशा आरक्षण विरोधी रही है। उसके शासन में काका कालेलकर आयोग बना था, जिसकी सिफारिशें उसने नहीं लागू कीं और बीपी मंडल की अध्यक्षता में बनी मंडल आयोग की रिपोर्ट भी इंदिरा और राजीव गांधी ने 10 साल तक बक्से में बंद रहने दी थी। अब राहुल गांधी अचानक जाति जनगणना और आरक्षण के चैम्पियन बनने लगे हैं। लेकिन अमेरिका में उनकी बातों से उनकी पार्टी का छिपा हुआ एजेंडा जाहिर हो गया। आरक्षण पर दिए उनके बयान का दूसरा पहलू यह था कि भारत एक फेयर प्लेसइ नहीं है। यहां भेदभाव होता है और समानता नहीं है। क्या यह भारत के समाज को बांटने वाली बात नहीं है ? क्या राहुल गांधी भारत के संविधान को नहीं मानते हैं ? भारत का संविधान नागरिकों के बीच समानता के सिद्धांत पर आधारित है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 20 सितम्बर, 2024



# सबके लिए आवास मद में दो करोड़ का आवंटन सरकार को वापस लौट जाना नगर निगम का बेघर गरीबों के साथ षड्यंत्र:गरिमा

- कुल 574 आवेदनों में से बचे हुए 139 स्वीकृत लाभुकों को वर्षों बाद भी प्रथम किश्त का भुगतान नहीं किए जाने पर बिफरी महापौर
- लाभुक गरीबों को देने के बजाय बीते 26 जुलाई को नगर आयुक्त की लापरवाही से सरकार को लौट गए प्रधानमंत्री आवास योजना मद में प्राप्त दो करोड़ का आवंटन

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति की बैठक गुरुवार को महापौर गरिमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
जहां सबके लिए आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के नगर निगम में क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अभिलेखों के अवलोकन से पाया गया कि इस योजना के लिए कुल 574 गरीब परिवारों का आवेदन सभापति काल में ही स्वीकृत हुए थे। इन आवेदनों में से 139 का वर्षों पूर्व स्वीकृत होने के बाद भी प्रथम किश्त का भी भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन स्वीकृति के वर्षों बाद भी गरीब लाभुक परिवारों को प्रथम किस्त का भी भुगतान
नहीं करने और इसके लिए प्राप्त राशि सरकार को वापस लौट जाने को ले महापौर श्रीमती सिकारिया आपे से बाहर हो गईं। उन्होंने कहा कि चयनित लाभुक गरीबों को उनका हक देने के बजाय इस मद में प्राप्त दो करोड़ का आवंटन सरकार को लौट जाना नगर आयुक्त शंभू कुमार की भारी अकर्मण्यता का बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बीते 26 जुलाई को ही नगर आयुक्त की लापरवाही एवं स्वेक्षाचारिता के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना मद में प्राप्त राशि को लौट जाना संपूर्ण नगर निगम के बेघर गरीबों के साथ षड्यंत्र और धोखा है। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन होर्डिंग के लिए प्राधिकृत संवेदक अमित कुमार के द्वारा अब तक अनुमानित दस लाख से भी अधिक की सरकारी राशि की हेराफेरी करार दिया गया। समिति के सदस्य मनोज कुमार, रोहित कुमार सिकारिया, दीपक कुमार ने बताया कि केवल प्रचार वाहनों से करीब दो लाख से ज्यादा की वसूली का साक्ष्य उपलब्ध हुआ है। बावजूद इसके संवेदक द्वारा मात्र 70 हजार की राशि ही निगम कार्यालय में जमा कराया गया है, जबकि एकरारनामा के अनुसार संवेदक को प्रत्येक सप्ताह वसूली गई राशि एवं उसकी विवरणी नगर निगम कार्यालय में जमा करनी है। वही पूरे नगर निगम क्षेत्र में लगे सैकड़ों विज्ञापन होर्डिंग को मिला कर आज तक कम से कम दस लाख से अधिक की देनदारी बनती है। बैठक में समिति के समक्ष बुलाने पर प्रस्तुत संवेदक अमित कुमार ने अगले 5 दिन में कुल वसूली का पूरा पैसा नगर निगम में जमा कराने की बात कही। तब महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि 23 सितंबर दोपहर तक अगर वसूली की पूरी राशि विवरणी के साथ जमा नहीं कराई जाती है तो संवेदक का अनुबंध रद्द कर इसके विरुद्ध सरकारी राशि के गबन के इस आपराधिक कृत्य के लिए एफआईआर के साथ वसूली की राशि के लिए नीलाम पत्र वाद की भी कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुपालन नहीं होने को लेकर सदस्यों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। वार्डों की सफाई हेतु आवश्यक उपकरण कुदाल, तगाड़ी, पंजा, गोइंता, झाड़ू, बेलचा, रमा आवश्यकता अनुसार बाजार मूल्य के अंतर्गत लिया जा सकता है। बैठक में उपनगर आयुक्त गोपाल कुमार, सशक्त स्थायी समिति सदस्य, अधिकारीगण एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान को तेज किया



प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : भारतीय जनता पार्टी , रोहतास का सदस्यता अभियान पूरे जिला के मंडलों में जोरों पर है ।इस क्रम में सासाराम नगर मंडल उत्तरी के अध्यक्ष संदीप सोनी की अध्यक्षता में सासाराम के तकिया ओवरब्रिज के पास सदस्यता अभियान का संचालन किया गया जिसमें सैकड़ों नगरवासियों को सदस्य बनाया गया ।इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी, विधानपार्षद जीवन कुमार, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, जिला महामंत्री विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष मंगलानंद पाठक,पंकज सिंह, डॉ. शिवनाथ चौधरी, सत्यनारायण पासवान, सुचित सिंह पप्पू प्रदेश महामंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा,गुप्तेश्वर गुप्ता,बनारसी सेठ, सुजीत कुमार गोंड, सुनील बालाजी, प्रकाश चंद्रा,गोपाल कृष्ण, कपिल देव चौधरी, राम अवधेश सिंह, सतीश कुमार, राजेंद्र चंद्रवंशी, कौशल कुशवाहा, सरदार हरदीप सिंह, राकेश श्रीवास्तव, सरदार दिलीप सिंह, राजेश सोनी, गीता पांडेय, सुनीता पांडेय, आदि उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) : थाना क्षेत्र के कोल्हा टोला के पास बिक्रमगंज-नटवार मुख्य सड़क पर गुरुवार की दोपहर विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी करते दो चोरों को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ा गया। इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई। स्थल पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने दोनों युवकों को ट्रांसफार्मर कर बताते हुए थाना को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। थाना अध्यक्ष ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र के बीलवाई निवासी हीरालाल यादव का पुत्र रोहित कुमार और जून ही महावीर टोला निवासी पिंटू शाह का पुत्र सूरज कुमार को स्थानीय लोगों ने 63 केवीए का ट्रांसफार्मर खोल कवाल निकाल कर टेंपो पर रखने का प्रयास किया जा रहा था। स्थानीय लोगों को पूछे जाने पर दोनों अपने को विद्युत विभाग का कमी बता रहे थे। परंतु संदेह होने पर इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई। कर्मियों ने पहचान कर उन्हें पुलिस के हवाले किया। बताते चलें कि इसके पूर्व में भी इन युवकों द्वारा कई ट्रांसफार्मर की चोरी की गई है।

### चोरी के सामान व तीन लाख नगद के साथ चोर गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने घघा रोड के रहने वाले भोलानाथ ज्ञानी के बंद घर में 23 अगस्त की रात हुई चोरी के मामले में उपलब्धि हासिल की है। दरअसल चोरों ने घर का ताला तोड़कर 30 लाख नगद और अन्य सम्मान की चोरी की थी।
पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपी को तीन लाख नगद और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर गुलबी घाट का रहने वाला अप्राथमिक अभियुक्त साहिल उर्फ टिलकू है।

## पुलिस ने चोरी की ऑल्टो कार को मध्य विद्यालय नटवार के कैम्पस से किया बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) : नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत मउ-डीहरा गांव से बीते दिन 17 सितंबर को अज्ञात चोरों के द्वारा ऑल्टो कार की चोरी कर ली गई थी । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत मउ-डीहरा निवासी श्रीराम ओझा अपने गांव के मुख्य सड़क पर 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा दिन पूजा करने के उपरांत अपनी कार को खड़ा कर घर चले गए । जब वे अपने घर से बिक्रमगंज लौटने के वास्ते अपनी गाड़ी के पास आये तो देखा कि उक्त स्थल पर उनकी ऑल्टो कार नही थी । उस वक्त घटना को देख श्री ओझा सन्न हो गए । उस वक्त श्री ओझा अपने सपरिवार के साथ अपनी गाड़ी की खोजबीन में जुट गए लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिला । तत्पश्चात उनके द्वारा गाड़ी चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को दूरभाष के माध्यम से दी गई । तत्पश्चात चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई । उक्त मामले में पीड़ित द्वारा गाड़ी चोरी की घटना के संदर्भ में एक लिखित आवेदन स्थानीय थाना में दी गई । जब इस घटना के संदर्भ में नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार से ली गई तो बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मउ-डीहरा गांव से श्रीराम ओझा के ऑल्टो कार को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है । जिस मामले में पीड़ित के द्वारा लिखित आवेदन थाना में दी गई है । थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की गई ऑल्टो कार को बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय नटवार कैंपस के अंदर से पुलिस ने बरामद कर लिया । उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोरों की वारदात कैद हो चुकी है ।बताया कि एक दो सीसीटीवी कैमरे की जांच स्थानीय पुलिस के द्वारा की गई लेकिन दोनों कैमरे में अज्ञात चोरों की तस्वीर स्पष्ट नहीं दिख रही है ।

## संस्कृत के प्रश्नों में उलझे रहे परीक्षार्थी

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर सूबे में शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित हो रही है। परीक्षा के दूसरे दिन के द्वितीय पाली की संस्कृत विषय के प्रश्नों में अधिकतर बच्चे उलझे रहे। बता दें कि राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए 26 सितंबर तक परीक्षा आयोजित होना है ।परीक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गयी है। प्रत्येक बेंच पर मात्र दो परीक्षार्थियों को बैठना है। बच्चे पालीवार परीक्षा में शामिल होंगें। वीक्षण कार्यों के लिए शिक्षकों को उनके पदस्थापित मूल विद्यालय से अन्यत्र प्रतिनियुक्त किया गया है ।उड़न दस्ते दल का गठन किया गया है। इधर छौड़ादानों प्रखंड क्षेत्र के दरपा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पीपरा पूर्वी में प्रथम पाली में राष्ट्रभाषा तो दूसरी पाली में संस्कृत की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में परीक्षार्थी रानी कुमारी,राधा कुमारी, वर्षा कुमारी, बब्लू कुमार आदि ने बताया कि संस्कृत के प्रश्न कठिन थे। उक्त बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि परीक्षा मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कदाचारमुक्त हो रही है। दूसरी पाली में 373 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं ।वर्ग 6-8 के लिए संस्कृत विषय की परीक्षा हुई। मौके पर वीक्षक शिव शंकर गिरि, प्रवेज आलम, मुंतजिर आलम, चन्दन कुमार, सद्दाम हुसैन ,सुषमा रंजना प्रसाद, वीरेंद्र राम,अंजु कुमारी,पंकज कुमार, प्रेम कुमार, विकास आनंद,अमन आनंद, जयपाल भगत,ऋताली शर्मा, निखिल विवेक, दिनेश कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता अभियान के तहत एसएसबी ने स्कूली बच्चों के बीच कराई प्रतियोगिता




प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।( नसीम खान क्या ) ।शुक्रवार को एसएसबी कैंप गंडक बैराज बी समवाय के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सेंटजेवियर्स स्कूल वाल्मीकिनगर में बच्चों के बीच निबंध,कविता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे स्कूल के करीब 75 बच्चे शामिल हुए और सबने एक से बढ़कर एक अपनी अपनी कलाओं को प्रस्तुत किया ।बतादें की 2 अक्टूबर तक चलने वाली स्वच्छता अभियान के तहत एसएसबी 21 वीं बटालियन द्वारा स्वच्छता जागरूकता के संदेश भरे कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में इंडो नेपाल सीमा पर स्थित गंडक बराज बी समवाय के द्वारा स्थानीय सेंटजेवीयर स्कूल में निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता की थीम स्वच्छता पर रखी गई थी।
इस अवसर पर एसएसबी के तरफ से निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, मुख्य आरक्षी पूर्ण चंद नायक, अमित, रंजीत, प्रेम ,राज कुमार , रविन्द्र तथा स्कूल के तरफ से अमरनाथ सिंह(प्रिंसिपल), अंकित, आकाश, फरहान ,धीरज और करीब 75 बच्चे उपस्थित रहे।

## सत्याग्रह एक्सप्रेस के टॉयलेट और कोच व्यवस्था में हुआ सुधार

- टॉयलेट और बेसिन के सभी त्रुटि वाले नलों को बदला गया
- साफ-सफाई और ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस के संवेदक भी बदले गए

प्रातः किरण संवाददाता




रक्सौल। शिक्षाविद डॉ. (प्रो.) स्वयंभू शलभ की शिकायत पर रेलवे द्वारा रक्सौल जं. और आनंदविहार टर्मिनल के बीच चलनेवाली सत्याग्रह एक्सप्रेस (गाड़ी सं. 15273) की टॉयलेट और कोच व्यवस्था में सुधार किया गया है। ट्रेन के सभी टॉयलेट और बेसिन के सभी त्रुटि वाले नलों को बदल दिया गया है। साथ ही रास्ते में टॉयलेट की साफ सफाई हेतु कोच मित्र कर्मचारी कार्यरत हैं। साफ सफाई की गुणवत्ता में सुधार हेतु साफ सफाई एवं ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस के संवेदक को बदल दिया गया है। महाप्रबंधक कार्यालय, पूर्व मध्य रेलवे के सचिव राजीव कुमार सिंह ने डॉ. शलभ को भेजे पत्र में बताया है कि इस आदेश पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है। इस पत्र की प्रति सहायक सम्पदा अधिकारी, पूर्व मध्य रेलवे को भेजी गई है।
गौरतलब है कि डॉ. शलभ ने सत्याग्रह एक्सप्रेस के कोच और टॉयलेट के मेंटेनेंस की ओर रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) का ध्यान आकृष्ट कराते हुए टॉयलेट और बेसिन के खराब पड़े नलों को दुरुस्त करने और कोच समेत टॉयलेट की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की मांग की थी।
डॉ. शलभ ने सत्याग्रह एक्सप्रेस की यात्रा अवधि कम करने की भी मांग रेल बोर्ड से की है जिस पर निर्णय आना बाकी है। बताया है कि यह ट्रेन मात्र 957 किमी दूरी तय करने में 24 घण्टे से अधिक समय लेती है। यह ट्रेन रक्सौल जं. से 8.40 बजे निकलकर दूसरे दिन सुबह 9.10 बजे आनंदविहार टर्मिनल पहुंचती है। वहीं आनंदविहार से शाम 5.30 बजे निकलकर रक्सौल जं. दूसरे दिन शाम 5.35 बजे पहुंचती है। बीच के स्टेशनों पर अक्सर ट्रेन निर्धारित समय से पहले पहुंच जाती है और वहाँ देर तक रुकने के बाद फिर अपने निर्धारित समय पर खुलती है। इससे यात्रा में अनावश्यक देरी होती है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। केवल 957 किमी की दूरी के लिए 24 घण्टे से अधिक का समय लगना अप्रत्याशित भी है और अनावश्यक भी। इस विंदु को संज्ञान में लेकर समय सारणी में यथोचित संशोधन कर यात्रा अवधि को कम करने की मांग की गई है।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मंडल कारा बेतिया का किया औचक निरीक्षण



- मंडल प्रशासन को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन द्वारा गुरुवार को मंडल कारा बेतिया का औचक निरीक्षण किया गया तथा मंडल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।
निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुरूप मंडल कारा में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि समूचे मंडल कारा में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मंडल कारा के बंदियों के संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित गति से सख्ती के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि बंदियों को निर्धारित समय एवं मेन्यू के अनुरूप भोजन की व्यवस्था सहित महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाय। सभी बंदियों विशेषकर महिला बंदियों एवं उनके बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जाँच सहित इम्यूनाइजेशन पर ध्यान दिया जाय।
इस अवसर पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन, अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में चल रहे अर्धवार्षिक मूल्यांकन 2024 का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



मोतिहारी। निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में पूर्वी चंपारण जिला के सभी 2847 सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग एक से वर्ग 8 तक के छात्र-छात्राओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन-2024 का आज पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण के द्वारा संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है। अर्धवार्षिक मूल्यांकन के अनुश्रवण के लिए जिलाधिकारी के द्वारा उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी जबकि स्थानीय थाना के प्रभारी पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति हैं। जिलाधिकारी के द्वारा जारी किए गए संयुक्त आदेश में उड़न दस्ता दल के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अर्धवार्षिक मूल्यांकन- 2024 के दौरान अपने-अपने प्रखंड के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि अर्धवार्षिक मूल्यांकन कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। अर्धवार्षिक मूल्यांकन 18.09.2024 से 26.09.2024 तक चलेगी। मूल्यांकन दो पाली में कराई जा रही है। प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराहन तक एवं द्वितीय पाली 1:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक चलेगी।आज प्रथम पाली में वर्ग 3 से लेकर वर्ग आठवीं तक के लिए पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान तथा द्वितीय पाली में वर्ग 6 से वर्ग 8 के लिए विज्ञान विषय की मूल्यांकन आयोजित की गई।
वर्ग 1 एवं 2 का मूल्यांकन लिखित न होकर केवल मौखिक होना है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा चकिया प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय चिंतामनपुर में चल रहे मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया।
जबकि चित्रकला में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के द्वारा एवं निबंध में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता के द्वारा प्रशस्ति-पत्र, उपहार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बच्चों के हौसला के अपने संबोधन द्वारा काफी बुलंद किया। उन्होंने मंच से ही नाबालिग बच्चों को बाईक आदि सवारी न चलाने एवं अपने अभिभावकों एवं परिजनों को बिना हेलमेट पहने बाहर न निकलने की सलाह देने को कहा और इसमें बच्चों ने अपनी सहमति दिखाई। वहीं डॉ. शलभ के साथ अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में इस कार्यक्रम की सराहना की। अंत में प्रतिभागी बच्चों द्वारा डॉ. सिकरी से शाकाहारी, मांसाहारी खाने से संबंधित एवं स्वास्थ्य संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब देकर उन्होंने सबको संतुष्ट किया।

## ईसीआरकेयू ने आरा स्टेशन पर शहीद रेलकर्मियों की याद में शहीद दिवस मनाया: मनोज पांडेय



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन दोनों 19 सितंबर 1068 के हड़ताल मे सरकार की दमनकारी नीतियों के कारण 08 रेलकर्मियों और एक रेलकर्मी के पुत्र सहित 09 लोगो की शहादत को शहीद दिवस के रूप मे प्रतिवर्ष मनाते है. उसी आलोक मे ईसीआरकेयू ने आज आरा रेलवे स्टेशन परिसर मे अपने कार्यकताओं के साथ शहीद दिवस मनाया, इस मौके पर सभी साथियों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित किया और शहीदों के लिए नारे लगाए ! उक्त अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कहा की 1968 मे एआईआरएफ ने 18 सितंबर से निम्न मांगों के लिए जिसमे जीवन यापन हेतु वेतन निर्धारण, महंगाई भत्ते का निर्धारण, काम के घंटों का निर्धारण, सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए निर्धारित घंटे से अधिक काम के लिए ओवरटाइम, रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए रात्रि भत्ता , बोनस आदि।*शामिल है हड़ताल पर जाना सुनिश्चित किया जिसमे ये घटनाएं घटी. शहीद वेदी पर पुष्प चढ़ाकर शहीदों को याद करने वालो मे केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, अशोक मिश्रा, बिंध्याचल शर्मा, संजय दुबे, समसाम अख्तर, अमित लाल, विभोर उपाध्याय, इ१ बहादुर सिंह, शैलेश कुमार,, नागेंद्र कुमार, कविंद्र कुमार, संजय कुमार के साथ कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।

## ग्रामीण इलाकों में लोगों की सुविधा के लिए दो टीका केंद्र का हुआ उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



तिलौथू (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को लेकर प्रभारिक प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर डी एन प्रसाद ने दो केंद्रों का उद्घाटन किया है। जिसमें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सरैया एवं हुरका शामिल है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डीएन प्रसाद ने बताया कि इन केंद्रों पर सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार व गुरुवार को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जहां गर्भवती महिलाएं एवं जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को सभी प्रकार के टीके दिए जाएंगे।
वही स्वास्थ्य प्रबंधक अमरेंद्र कुमार लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने परिवार व बच्चों के टीकाकरण के लिए इन दोनों केंद्र का अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास करें। इन जगहों पर आधुनिक सुविधाओं से लैस टीकाकरण केंद्र में बेहतर सेवा उपलब्ध होगी। मौके पर बीसीएम निक्की कुमारी, सीएचओ मनीषा किस्को, नेहा कुमारी, एएनएम कांति सिंह, बबिता कुमारी, श्रवण चौधरी आदि उपस्थित थे।

## काराकाट में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) । लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा और किरही पंचायत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जिसका नेतृत्व प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद ने किया । कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों के अलावा स्कूली बच्चों ने अभियान की शुरूआत विद्यालय, पंचायत भवन और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर किया । इस अवसर पर सोनवर्षा पंचायत भवन परिसर सहित चारों तरफ झाड़ू लगाकर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा परिसरों में श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों, कस्तूरबा गांधी एवं अन्य स्कूली छात्र- छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए रैली निकाली गई। एक किलोमीटर में ह्यूमन चैन बनाकर स्वच्छता ही सेवा है और बिना स्वच्छ कुछ भी स्वस्थ्य नहीं है जैसे नारे लगाते हुए स्कूली बच्चों के साथ रैली निकालकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद, स्वच्छता पर्यवेक्षक सोनवर्षा पंचायत कन्हैया सिंह, किरही पंचायत रविन्द्र कुमार, पंचायत सचिव रंजन कुमार, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित दोनो पंचायत के सफाई कर्मी शामिल थे ।

## सोन व गंगा का जलस्तर बढ़ा, ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के बिंदगांवा गाँव में जाने वाले एक मात्र रास्ते पर बाढ़ का पानी आ जाने से आवागमन बाधित हो गया है। सोन व गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गाँव के करीब 20 हजार आबादी प्रभावित हुई है। गाँव के चारो ओर पानी भर जाने के कारण गाँव के अधिकांश ग्रामीण ऊंचे स्थान पर जाने लगे हैं ।बाढ़ का पानी सड़क पर आने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सोन व गंगा में बढ़ी जलस्तर के कारण आयी बाढ़ ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। बिंदगांवा गाँव के घरों में बारिश का पानी घुस जाने से वहां रहने वाले लोगों के सामने बड़ी समस्या आ गई है। इस बाढ़ के कारण लोगों की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, और स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों की माने तो धीरे धीरे बढ़ते जलस्तर से हमलोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। हमारे यहाँ 2016 में इतना पानी आया था उसके बाद अभी इतना पानी आया है। एक दो दिनों में और पानी बढ़ने की उम्मीद है जिससे हमलोगों की परेशानी और बढ़ जायेगी। बाढ़ के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को उठानी पड़ती है 200 एकड़ में लगी फसल खराब होने से किसानों की कमर टूट जाती है। बाढ़ ले दौरान पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था नहीं हो पाती है। वही ज्ञानपुर गांव में कुम्हरी नदी का पानी चारो तरफ घिर जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे अब लोग बांध पर अपनी शरणस्थली बना लिए है। मवेशी को लेकर लोग बांध पर पहुंच गए है। ज्ञानपुर बांध पर बने दो साईफन की चौकसी ग्रामीण कर रहे है। बाढ़ की स्थिति इतनी भयावह हो गयी है कि कायमनगर में पटना-बक्सर फोरलेन हाईवे के सर्विस लेन पर तीन फीट पानी चढ़ गया है। जिससे सर्विस लेन से यातायात बंद हो गया है। ज्ञानपुर में प्रखण्ड प्रमुख मनोज कुमार सिंह बांध पर शरण लिए ग्रामीणों से मिल परेशानियों का जायजा लिया और जिला प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने के लिए आश्वस्त किया। वही कोइलवर सीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि ज्ञानपुर और बिंदगावा में दो-दो नाव की व्यवस्था की गई है। बांध पर आश्रय स्थल बनाया गया है। जहां प्रकाश के लिए जेनेरेटर की व्यवस्था की गयी है। दोनों जगहों पर बाढ़ पीड़ितों के आश्रय के एक-एक सौ तिरपाल दिया गया है।

## नगर निगम में साधारण बोर्ड की बैठक में सांसद, एमएलसी, विधायक,महापौर हुए शामिल

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। नगर निगम में साधारण बोर्ड की बैठक में पहली बार नगर निगम में आरा सांसद सुदामा प्रसाद, आरा बक्सर एमएलसी राधाचरण साह एवं आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह बैठक में शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने किया। जिसमें नगर निगम के नगर आयुक्त निरोज कुमार भगत पर जमकर वार्ड पार्षदों ने एक साथ सांसद, एमएलसी, विधायक से उनके तबादला को लेकर विधानसभा, लोकसभा में आवाज उठाने की बात कही गई। आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि देश का पहला नागरिक राष्ट्रपति राज्यपाल के बाद महापौर होती हैं जिसमें नगर आयुक्त को जमकर फटकार लगाया और कहा कि आप लोग संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
नगर निगम में साधारण बोर्ड की बैठक में गत बैठक के कार्यवाही की संपुष्टि की गई। मुख्य एजेंडा में शहर के दुकानदारों का किराया पर विचार किया गया, जिसमें अप्रैल 24 से पहले का एरियर माफ कर दिया जाएगा। इस साल के अप्रैल 24 से हर 3 साल पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।
इस योजनाओं पर विचार विमर्श में आरा संसद द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 और 24- 25 का लेखा जोखा किस वार्ड में कितना योजना गया और उसका हिसाब माँगा गया किस वार्ड में कितना योजना दिया गया, जिला परिषद की तरह नगर निगम में भी योजना लाने का प्रस्ताव सुदामा प्रसाद के द्वारा दिया गया। जैसा की जिला परिषद में हर एक वार्ड में दो-दो करोड़ रूपया देने का प्रस्ताव रखा गया।

## ज्ञान के मार्गपथ पर चलने वाले हर व्यक्ति को मिलती है कामयाबी: डीएम

प्रातः किरण संवाददाता




सासाराम (रोहतास) उन्होंने आज गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय स्टार्टअप कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में स्टार्टअप की बहुत सारी संभावनाएं हैं, जरूरत है एक सही दिशा निर्देश की और इस क्षेत्र में हमारे होनहार छात्रों को प्रवेश करने की। उन्होंने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आईआईटी मंडी के विद्वान उत्प्रेरकों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कदम है और उनके द्वारा भविष्य में जो यहां स्टार्टअप के प्रोजेक्ट हेतु कार्य किए जाने हैं , निश्चित रूप से बिहार के युवाओं को एक सही दिशा प्रदान करेगी एवं प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं डेहरी के अनुमंडल अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह,विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ,सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं हिमाचल प्रदेश आईआईटी मंडी के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती सिंह ने बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए स्टार्टअप से जुड़े लोगों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलपति महेंद्र कुमार सिंह, उप कुलपति प्रोफेसर जगदीश सिंह, विश्वविद्यालय की बोर्ड सदस्य मोनिका सिंह आदि भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के अध्यक्ष, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अवसर पर स्टार्टअप स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी ने उसकी काफी सराहना की। स्टार्टअप स्टॉल लगाने में तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक आशीष रंजन की भूमिका अहम रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य चलाने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। लोजपा रामविलास भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने बड़हरा के सोहरा सहित शाहपुर एवम अन्य बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में राहत कार्य चलाने की मांग की है।बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सोहरा पंचायत के मुखिया सह जिला अध्यक्ष पंचायती राज प्रकोष्ठ लोजपा रामविलास श्री मोहन शर्मा एवम उनके पुत्र सोनू शर्मा ने वीडियो कॉल के माध्यम लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान को बाढ़ से तबाह जनता को बांध पर सहारे लिए दिखाया है।आगे उन्होंने कहा कि हम लोग अपने राहत कार्य सामर्थ के अनुसार चला रहे है लेकिन अब जिला प्रशासन के द्वारा राहत कार्य की जरूरत है। राजेश्वर पासवान ने जिला पदाधिकारी भोजपुर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा संबंधित पदाधिकारी से करवाने तथा विस्थापित लोगो के बीच राहत कार्य चलाने की मांग की है।लोजपा का शिष्टमंडल भी आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर विस्थापित लोगो से मिलेंगे।

### मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर दो पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम-कर्मा मे गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार के नेतृत्व मे एक जाँच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। जेई सूर्यपुरा द्वारा बताया गया की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कर्मा निवासी रामदीप सिंह पर 25735 तथा सुजीत कुमार पर 21448 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी से आग्रह किया गया है की जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान बिजली चोरी पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और मुखिया के द्वारा आवास योजना स्वीकृती पत्र गर्मिणो को वितरण किया गया

कैमूर भभुआ । कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी भगवानपुर, उपेंद्र पांडेय मुखिया भगवानपुर , उमेश दुबे उर्फ मंटू दुबे मुखिया सरैया पंचायत,आवास पर्वेक्षक अनिमेष कुमार पांडेय, आवास टीवीस सहायक सौरभ जी, मनोज उपाध्याय,अजीत कुमार सिंह, श्याम कुमार रवि , लेखा साहयक सुधीर जी की गरिमामयी उपस्तिथि रही।अरुण कुमार शर्मा भगवानपुर पंचायत , संतोष कहार ,झरोखा मल्लाह, अशोक कुमार सिंह,अरुण कुमार शर्मा,संजय सिंह पंचायत टोडी कृष्णावती आदि थे।

# टीएसआई महिला कॉलेज आरा के शिक्षकों एवं कर्मियों ने वीकेएसयू में दिया धरना

## वीसी ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का दिया आश्वासन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सम्बद्ध डिग्री कॉलेज तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय आरा के सैकड़ो शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पुराने कैम्पस स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दिया और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की.
कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आंदोलन पर उतरे सैकड़ो शिक्षकों और कर्मियों ने कॉलेज की तदर्थ समिति की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय का अनुमोदन करने, अविलम्ब शासी निकाय का गठन कराने पिछले छः माह के बकाये वेतन का भुगतान करने और राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान की कई सत्रों की बकाया राशि का जल्द से जल्द वितरण कराने की मांग कर रहे थे.शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुँचने और पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आंदोलन की शुरूआत होते ही कुलपति डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय आरा के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के के एक शिष्टमंडल को बातचीत करने और समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यालय कक्ष में आमंत्रित किया.
कुलपति के बुलावे पर कॉलेज की शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. डॉ. सियामती राय,प्रो. डॉ. निभा परमार,प्रो. डॉ.अंजू कुमारी,प्रो. डॉ.शिव शक्ति कुमार,प्रो. डॉ.लालती कुमारी और सुनील कुमार सिंह कुलपति के कार्यालय कक्ष में पहुंचे जहां शिष्टमंडल ने अपनी मांगे रखी. कुलपति ने सभी मांगो को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि तीन दिनों के भीतर कॉलेज के तदर्थ समिति के लिए गए निर्णय का अनुमोदन कर दिया जायेगा. इस निर्णय के अनुमोदन के बाद खाता संचालन शुरू हो जायेगा और शिक्षकों एवं कर्मियों के पिछले छः माह के बकाये वेतन का भुगतान हो जायेगा. कुलपति डॉ. चतुर्वेदी ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही कॉलेज की शासी निकाय का गठन भी करा दिया जायेगा और राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली अनुदान की कई सत्रों की बकाया राशि को कॉलेज के शासी निकाय को वितरित करने का अधिकार प्रदान करते हुए अनुदान की राशि कॉलेज के खाते में भेज दी जाएगी.कुलपति ने शिक्षकों के शिष्टमंडल को भरोसा दिलाया कि शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के हित और कॉलेज के शैक्षणिक विकास में उनका हमेशा सकारात्मक सहयोग मिलता रहेगा। वीकेएसयू के पुराने कैम्पस स्थित प्रशासनिक भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना पर बैठने वाले शिक्षकों एवं कर्मियों में प्रो. डॉ.इन्द्राणी सिंह,प्रो. डॉ.विभा सिंह,प्रो. डॉ.रागिनी कुमारी, प्रो. डॉ.धर्मेन्द्र कुमार,प्रो. डॉ. आमिया रंजन,प्रो. डॉ.संदीप कुमार,प्रो. डॉ.शिला सिंह,प्रो. डॉ.उर्मिला सिंह,प्रो. डॉ.कुमारी माया,प्रो. मनोज कुमार, प्रो. सुरेश सिंह, प्रो.सीमा कुमारी, रीता सिंह, अखिलेश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, राकेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, शैलेश कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, उमा शंकर सिंह,अशोक सिंह समेत सैकड़ो लोग प्रमुख रूप से शामिल थे.

## नगर व्यवसाय संघ की इमामुद्दीन खान की अध्यक्षता में जगजीवन मार्केट में हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आराःनगर व्यवसाय संघ कि बैठक जगजीवन मार्केट में हुई जिसकी अध्यक्षता इमामुद्दीन खान ने किया बैठा का मुख्य मुद्दा आरा नगर निगम द्वारा कानून का उल्लंघन कर किराया वृद्धि का था बैठक में उपस्थित संघ के महामंत्री राजकिशोर शर्मा ने बताया की तत्काल नगर निगम किराया बृद्धि पर रोक लगाये और सिविल कोर्ट में चल रहे केस के निर्णय का इंतजार करें क्योंकि किराया का बिबाद मामला 2012 में आरा सिविल कोर्ट में है गलत होने से उसकी चुनौती दिया गया था अदालत की लेट लतीफ के कारण आज तक निर्णय नहीं आया।
इस हालत में किराया बढ़ाने का अधिकार नहीं रह जाता है ।
आरा नगर निगम को संविधान और कानून के दायरे में रहकर विवाद रहित काम करना चाहि । जो सर्व सहमति से हो आय बढ़ाने का अधिकार हर एक नागरिक को है मगर कानून का उल्लंघन कार आय बढ़ाने का अधिकार किसी को नहीं है नगर निगम इन बातों पर ध्यान नहीं देता है तो मामला रोड पर जन आंदोलन मे जायेगा और कोर्ट का भी सहारा लिया जायेगा भारतीय संविधान गलत करने का इजाजत किसी को नहीं देता है।
बैठक मे शामिल लोग मोहमद रिंकू मोहम्मद गबर अख्तर आलम मोहम्मद चुनु सोनू सिंह रमेश कुमार लाल बाबू पवन कुमार अनिल सिंह राम जी प्रसाद आदि थे।

## भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डींहा गांव में चंदा नहीं देने पर युवको ने ट्रक चालक की जमकर की पिटाई

- दुर्गा पूजा का चंदा नहीं देने पर ट्रक चालक को पीटा, जख्मी चालक (पश्चमी चंपारण) मोतिहारी जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के सुगौली गांव निवासी जयराम साहनी का 30 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार है
- जख्मी चालक का कोईलवर पीएचसी में कराया जा रहा इलाज
- कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डींहा गांव में गुरुवार की दोपहर हुई घटना

प्रातः किरण संवाददाता

आरा/कोईलवरः भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के धन्डींहा गांव में गुरुवार की दोपहर दुर्गा पूजा का चंदा नहीं देने पर युवको द्वारा एक ट्रक चालक की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके साथ रहे खलासी द्वारा उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया।
जानकारी के अनुसार जख्मी चालक (पश्चमी चंपारण) मोतिहारी जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के सुगौली गांव निवासी जयराम साहनी का 30 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार है।
वह पेशे से ट्रक चालक है। वही सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुड़ गई है।
इधर, जख्मी चालक के साथ रहे खलासी ने बताया कि वह (पश्चिमी चंपारण) मोतिहारी जिला के सुगोली गांव से ट्रक पर बालू लोड करने के लिए चांदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू घाट पर जा रहे थे। इसी क्रम में धन्डींहा गांव के समीप कुछ युवकों द्वारा उन्हें रोक कर चंदा मांगा जाने लगा। जब उसने चंदा देने से मना किया, तो उक्त युवकों द्वारा उसकी पिटाई कर दी गई।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत सखी वार्ता का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुरःमहिला एवं बाल विकास निगम, भोजपुर द्वारा कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कोईलवर में 100 ॐ८२ रस्त्रीं' उेंस्रॅल्ल एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत सखी वार्ता का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कोईलवर की सभी छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए केन्द्र प्रशासक, श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव ने 181 (महिला हेल्पलाईन) एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।
जिला मिशन समन्वयक, (ऊ्रएह) मो० तैयब अहमद ने कहा कि 100 ॐ८२ रस्त्रीं' उेंस्रॅल्ल एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के तहत सखी वार्ता का आयोजन करने आए है। उन्होंने बाल विवाह, गूड टच बैड टच, ढडउरड एवं केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य जेंडर पक्षपात लिंग चयन के उन्मूलन व रोकथाम, कन्या शिशुओं के जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, स्वालम्बन, स्वास्थ्य व शिक्षा की स्थिति को बेहतर किया जाना है।इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोईलवर, केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर, भोजपुर, महिला पर्यवेक्षिका एवं विद्यालय की शिक्षिकाएँ मौजुद थी।

## पुलिस बल के साथ आरा जेल में किया गया छापेमारी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा :सुबह में जिला पदाधिकारी भोजपुर, पुलिस अधीक्षक भोजपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक सदर, एसडीएम सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगदीशपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 और अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के साथ आरा जेल में छापेमारी की गई। छापेमारी का उद्देश्य जेल के अंदर किसी भी आपराधिक साजिश या अवैध गतिविधियों की जांच करना था। इस दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।

## ओबीसी मोर्चा द्वारा कलम कापी का किया गया वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुरःभारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा भोजपुर ने को संदेश विधानसभा के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलाडी में स्थित चंचल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितम्बर को भारत के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के जन्मदिवस से 02 अक्टुबर गाँधी जयंती तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत भाजपा ओबीसी मोर्चा भोजपुर के द्वारा सेवा पखवाड़ा एव स्वच्छता अभियान के तहत सैकड़ो छात्र के बीच कॉपी,कलम, रबड़ पेंसिल आदि वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिले के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष माननीय श्री ऋतुराज जी, ओबीसी जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी,संदेश मंडल अध्यक्ष लवकुश पंडित,ओबीसी मण्डल अध्यक्ष पिंटू सहनी, सरवन गुप्ता जी,जयप्रकाश केसरी, रिंकू देवी, सिंटू पंडित,अजीत कुमार, विश्वनाथ सिंह,विशाल जी,आलम जी इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने भारत माता कि जय, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे भी लगाया गया।वही उपरोक्त कार्यक्रम कि जानकारी जिला सह मिडिया प्रमुख सतीश गुप्ता ने दिया।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गड़हनी ने शोकाकुल शिक्षक के घर पहुँच व्यक्त किया संवेदना।

## प्रा० वि० रतनपुर के एचएम का हृदय गति रुकने से हुई थी मौत



प्रातः किरण संवाददाता

गड़हनी( भोजपुर ) ।नगर पंचायत के गड़हनी निवासी लालबहादुर पासवान के पुत्र मंतोष कुमार का बुधवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी,मंतोष रतनपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर थे।इस घटना की खबर सुन गुरुवार को गड़हनी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने शोकाकुल शिक्षक परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के आश्रितों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।मौके पर शिक्षक सर्वजीत सिंह अभिनव कुमार भीम सिंह संतोष कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।शिक्षक मंतोष बतौर प्रखण्ड शिक्षक के रूप में 2008 से शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे थे।बता दे कि मृत शिक्षक के पत्नी अनिता देवी भी प्राथमिक विद्यालय रतनपुर में ही शिक्षिका है।शिक्षक छोटा भाई सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पासवान ने बताया कि कल सुबह ठीक ठाक स्थिति में विद्यालय गए थे,कुछ देर बाद उनकी पत्नी ने फोन कर बताई की भईया का उल्टी हुआ और एकाएक तबियत बिगड़ गया है जल्दी गाड़ी लेकर आईए।आनन फानन में विद्यालय पहुँच गाड़ी से लेकर जीरो माइल एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि अब ये नही है। हमलोगों ने संतुष्टि को ले सदर अस्पताल ले गया लेकिन वहाँ भी डॉक्टर ने कहा कि इनकी हृदय गति रुकने से मौत हो गई है।वही मृत शिक्षक के पत्नी का रो रो कर बुरा हाल हैं,इनके एक पुत्र अमन कुमार व दो पुत्री रिचा एवं रीमा कुमारी हैं इन दोनों बेटियां की शादी हो चुकी हैं।

## महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स के छात्रों के बीच में स्वच्छता छात्र संवाद का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आराःस्वच्छता ही सेवा* कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति भोजपुर के तत्वधान में महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स के छात्रों के बीच में स्वच्छता छात्र संवाद का आयोजन किया गया।इस मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, बी सी ए समन्वयक डॉ शिखा अवस्थी, शिक्षक राघवेन्द्र नारायण, अमरजीत, डॉ अंजू, डॉ अमरेश, डॉ जुगल उपस्थित रहे । जिला परिषद अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा हैं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह की स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना।,समाज में स्वच्छता की स्थिति में सुधार करना।, कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना।,सार्वजनिक स्थलों और पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखना।,लोगों को स्वच्छता के लिए जिम्मेदार और सक्रिय बनाना स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान करना। ,स्वच्छता को एक सामाजिक आंदोलन बनाना जिसमें सभी लोग भाग ले सकें।और स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना।यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। समन्वयक डॉक्टर शिखा अवस्थी ने कहा कि जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता की सेवा के तहत छात्र संवाद एक दूरदर्शी कार्यक्रम है और हम सब जानते हैं कि जिस कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता बढ़ती है वह कार्यक्रम अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है आज इस कार्यक्रम में भाग ले रही सभी छात्राएं स्वच्छता ई सेवा की थीम को अपने व्यवहारिक जीवन में लाने का कार्य करेगी तो यह कार्यक्रम सफल होगा। उन्हीं कार्यक्रम में उपस्थिति सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई और आग्रह किया की आप सभी आपने व्यवहार परिवर्तन में से लाएं ।इस कार्यक्रम का संचालन बी सी ए के शिक्षक अमरजीत कुमार, और धन्यवाद ज्ञापन राघवेंद्र नारायण ने किया।

## आरा के वार्ड संख्या 04 बिन्द टोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा : भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा आरा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर आरा के वार्ड संख्या 04 बिन्द टोली मे जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आरा विधायक सह-पूर्व कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह जी ने पीसीसी गली का उद्घाटन किया। यशस्वी प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर सदस्यता अभियान भी चलाया गया जंहा पर सैकड़ो लोगो ने सदस्यता ग्रहण की। विधयाक जी ने अपने सम्बोधन मे कहा मोदी जी ने गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर हर वर्ग के लोगो के लिए लगातार मेहनत करते आ रहें हैं आज सरकार ने अनेको जनकल्याणकारी योजनाओं को चला रही हैं जिससे आमजन के जीवन मे तेजी से बदलाव देखा जा रहा हैं। जनधन योजना, पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी अनेको योजनाओं ने लोगो को सीधे लाभवान्वित किया हैं।
कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष लव पाण्डेय, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश बिन्द, गुड्डू पासवान, रंजीत सिंह, बलजीत सिंह, निशु वर्मा, सदस्यता प्रभारी विजय सिंह, मुन्ना सिंह के साथ कई लोग शामिल हुए।

## एक दिवसीय प्रवास पर आरा पहुंचे भोजपुरी पत्रिका अमन के संपादक,भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच का किया अवलोकन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा ( भोजपुर )19 सितंबर। भोजपुरी भाषा के प्रचार प्रसार एवं भोजपुरिया समाज द्वारा भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विवेचना करने हेतु भोजपुरी भाषा की मासिक पत्रिका ह्ल अमन ह्ल के संपादक देवरिया उत्तर प्रदेश के निवासी डॉ जनार्दन सिंह बुधवार को बुधवार को आरा पहुंचे।
विदित हो कि भोजपुरी भाषा के उत्थान को लेकर श्री सिंह द्वारा कई सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं जिनमे उनकी भोजपुरी भाषा में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिकाह्ल अमन ह्ल की भी भूमिका सराहनीय है।
बिहार और उत्तर प्रदेश में किए गए अपने कई प्रवासो के बाद डॉ जनार्दन सिंह ने आरा के कई साहित्यकारों और भोजपुरी प्रेमियों से मुलाकात की और भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर किए जा रहे उनके प्रयासों की जानकारी भी ली।इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से साहित्यकार रविंद्र शाहाबादी एवं भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह से मुलाकात की और स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर में स्तिथ भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच परिसर में स्थापित लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही परिसर में स्थापित भारत रत्न शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां और मृदंगवादक बाबू ललन जी की प्रतिमा का भी अवलोकन किया। उन्होंने भिखारी ठाकुर संस्थान के माध्यम से की जा रही भोजपुरी भाषा और लोक संस्कृति की रक्षा की सराहना करते हुए उक्त कार्यों के लिए संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनकी सराहना की।
साथ ही उन्होंने आगामी दिसंबर में होने वाले भिखारी ठाकुर लोकोत्सव 2024 में अपनी उपस्थिति हेतु सहमति प्रदान की। अपने इस प्रवास के दौरान डॉ सिंह ने अपनी मासिक पत्रिका ह्लअमनह्ल की प्रति पत्रकार नरेंद्र सिंह को भेंट स्वरूप दी।

# आरा सदर प्रखंड के 17 पंचायत को बाढ़ क्षेत्र घोषित कर बाढ़ राहत कार्य तेज करें : क्यामुद्दीन अंसारी

प्रातः किरण संवाददाता




आरा, भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाए कि आरा प्रखंड के 17 पंचायत बुरी तरह बाढ से घिर गये है.लोगों के भारी जान माल की तबाही हुई है.भाकपा माले नेता ने बाढ की विभिषिका को देखते हुए आरा सदर प्रखंड के 17 पंचायत को बाढ क्षेत्र घोषित करने की जिला प्रशासन से मांग की है.
भाकपा माले की टीम लगातार तीसरे दिन बाढ क्षेत्र के दौरा पर है.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बसंतपुर, धुधुआं, बलुआं,पिरौंटा,पिपरा जयपाल,जगवलिया,चौमुखा, देवढी, मोहनपुर,पवट,अगरसंडा, बाधाकोल तेतरिया, और बरजा तथा आरा शहर के मझौंआ और उजियार टोला मे यथाशीघ्र नाव,तिरपाल और खाने का प्रबंध किया जाय.
भाकपा माले नेता का कहना है कि सभी बाढ पीड़ितों के बीच बाढ राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जाय.भाकपा माले टीम की शुरूआत दौलतपुर मे डुब कर मर गये मो आफरीदी के घर पहुंच कर उनके श्रद्धांजलि से हुई.
क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाढ से डुबकर मरने वाले परिवार को मुआवजा शीघ्र देने की व्यवस्था की जाय.
क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसानों का कलेजा फट रहा है उनकी धान व मकई कि लाखो एकड़ फसल नष्ट हो गयी है तथा पशुओं के चारे का घोर अभाव है जिला प्रशासन इनकी व्यवस्था करे.
भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा शहर के निचले इलाके मझौंआ, बिन्दटोली, उजियार, तरी का इलाका ,बघवतपुर हमेशा बाढ से प्रभावित होता है इस लिए इस इलाके को भी बाढ क्षेत्र घोषित कर उनके बीच बाढ राहत कार्य तेज गति से चलाया जाय.
भाकपा माले की टीम मे सामिल प्रमुख लोगों मे क्यामुद्दीन अंसारी, मजहर हसनैन,विकास यादव, जनार्दन गोंड़, विजय यादव, हरिशंकर साह थे.
बलुआं,पिरौंटा,पिपरा जयपाल,जगवलिया,चौमुखा, देवढी, मोहनपुर,पवट,अगरसंडा, बाधाकोल तेतरिया, और बरजा तथा आरा शहर के मझौंआ और उजियार टोला मे यथाशीघ्र नाव,तिरपाल और खाने का प्रबंध किया जाय.
भाकपा माले नेता का कहना है कि सभी बाढ पीड़ितों के बीच बाढ राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जाय.भाकपा माले टीम की शुरूआत दौलतपुर मे डुब कर मर गये मो आफरीदी के घर पहुंच कर उनके श्रद्धांजलि से हुई.
क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाढ से डुबकर मरने वाले परिवार को मुआवजा शीघ्र देने की व्यवस्था की जाय.
क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसानों का कलेजा फट रहा है उनकी धान व मकई कि लाखो एकड़ फसल नष्ट हो गयी है तथा पशुओं के चारे का घोर अभाव है जिला प्रशासन इनकी व्यवस्था करे.

## नए जिलापदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त का अनुपमा मुखिया ने किया स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता

आराःजगदीशपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत दावा में पहली बार भोजपुर के नये जिलापदाधिकारी तनय सुल्तानिया ज का आगमन हुआ ग्राम पंचायत दावा के मुखिया सुषुमलता कुशवाह ने अंग वस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया साथ ही भोजपुर जिले के विकास आयुक्त अनुपमा सिंह का भी स्वागत किया गया जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट इकाई सुनील सिंह का निजी बृक्षा रोपण कार्य को देखे फिर पंचायत सरकार भवन का भ्रमण किए
जीविका दीदी द्वारा संचालित संगनी सनेतरी नेकिन प्लांट को देखकर महिलाओं को प्रोत्साहित करने की बात कहे साथ ही साथ ग्रामीण हाट बाजार का भ्रमण किए ग्रामीण हाट बाजार से पंचायत को राजस्व की वसूली होने से मुखिया जी को धन्यवाद दिए जीविका दीदी का बकरी पालन को देखे सरकारी तलब के किनारे लगे वृक्ष को देखे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी से भी मुलाकात किए पंचायत के छूटे हुए कार्य को पूरा करने का भी आश्वासन जिला पदाधिकारी ने मुखिया को । साथ मे जगदीशपुर अनुमंडाधिकारी सुमित कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सुदर्शन कुमार ु स्त्र १ राजेश कुमार प्रखंड सम्नवायक अनिल कुमार अशोक चौधरी अयोध्या सिंह अनीता देवी धनजी चौधरी हरिहर सिंह बंटी सिंह मिथुन कुमार आदि थे।

## सासाराम के नगर आयुक्त बने डीडीसी, लोगों ने दी बधाई



सासाराम (रोहतास) डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय ने सासाराम नगर निगम के आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। नगर निगम सासाराम में पहुंचे डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय को लोगों ने भव्य स्वागत किया। उप नगर आयुक्त मैमून निशा से डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय ने पदभार ग्रहण कर मौजूद लोगों से ससमय कार्य निपटारे हेतु निर्देश दिए। नगर आयुक्त के पदभार के साथ आयुक्त बिजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शहर में साफ-सफाई रौशनी जाम की समस्या से निजात दिलाना प्राथमिकता में शामिल हैं। इससे पहले मौजूद लोगों ने डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय को भव्य स्वागत किया। मौके पर पहुंचे अतेंद्र सिंह दिनेश सिह सरदार अजय सिंह श्याम चौरसिया गुलरेज अंसारी असलम अंसारी फूलन पांडेय और अन लोग मौजूद रहे। पदभार विजय कुमार पाण्डेय डीडीसी रोहतास सह नगर आयुक्त ने संभाला।

## बाढ़ के खतरे को देखकर 51 स्कूलों को अगले तीन दिन तक बंद करने का डीएम ने दिया आदेश

मुंगेर(बिहार)।जिले में बढ़ते गंगा के जल स्तर से संभावित बाढ़ के मद्देनजर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने सदर एवं बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित कुल 51 स्कूलों को अगले तीन दिनों तक बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बाढ़ प्रभावित सभी विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने कहा कि विगत तीन दिनों से गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण संभावित बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे सदर एवं बरियारपुर प्रखंड के कुल 51 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के दृष्टिगत इन सभी स्कूलों को 19 सितंबर से 21 सितंबर तक बंद करने का निर्देश दिया गया है। इन विद्यालयों में सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय तारापुर दियारा, मध्य विद्यालय महेशपुर, मध्य विद्यालय आदर्शग्राम टीकाराम पुर, मध्य विद्यालय हेरू दियारा नगर मुंगेर, मध्य विद्यालय दिवानी टोला आदि के नाम शामिल हैं।

# अर्श सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता



गया। आर्षेय अरिहंत फाउंडेशन के तहत संचालित अर्श सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा विश्व विख्यात पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गया शहर के विष्णुपद मंदिर के समीप नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ओर से लगाए गए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन गया नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी एवं पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, शांतिनिकेतन अकैडमी के प्रबंध निदेशक हरी प्रपन्न उर्फ पप्पू के साथ अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत निश्चल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मेयर गणेश पासवान का स्वागत डॉक्टर नवनीत निश्चल ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया गया है। इसके साथ ही पूर्व ड्यूटी मेंयर अखोरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव का भी स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया है। वही डिप्टी मेंयर का स्वागत मौके पर उपस्थित डॉक्टर निशि ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र लेकर किया है। इस मौके पर शांतिनिकेतन अकेडमी के प्रबंध निदेशक हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू का भी स्वागत डॉ नवनीत निश्चल ने अस्पताल की ओर से अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया है। इस मौके पर मेयर गणेश पासवान ने कहा कि पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से आए तीर्थ यात्रियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से अर्श हॉस्पिटल के द्वारा जो इस तरह का शिविर लगाकर इलाज यात्रियों को किया जाता है वह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर नवनीत निश्चल एवं उनके पूरे टीम के प्रति आभार प्रकट किया है ।

इस मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि बीते कई वर्षों से अर्श हॉस्पिटल के द्वारा मेला क्षेत्र में शिविर लगाकर तीर्थयार्थियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा किया जाता है यह एक बड़ी बात है क्योंकि देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को जिला प्रशासन की ओर से तो व्यवस्थाएं किया ही जाता है परंतु ऐसे में किसी प्राइवेट संस्था के द्वारा इस तरह का पहल किया जा रहा है तो देश-विदेश से आने वाले तीर्थयार्थियों के बीच एक अच्छा संदेश जाता है ।उन्होंने यह भी कहा कि बीते वर्षों में अर्श हॉस्पिटल के द्वारा कई तीर्थ यात्रियों को इलाज कर जान भी बचाई गई है जिसके लिए अर्श हॉस्पिटल के सभी टीम के प्रति आभार प्रकट करते हैं। इस मौके पर शांति निकेतन अकेडमी के प्रबंध निदेशक हरि प्रपन्न उर्फ पप्पू ने भी अर्श सुपर हॉस्पिटल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अर्श सुपर हॉस्पिटल के द्वारा बीते कई वर्षों से देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा की जा रही है ऐसे में सिर्फ परामर्श देना ही इस अस्पताल का उद्देश्य नहीं है परंतु कई सीरियस मरीजों का भी इलाज अर्श हॉस्पिटल में नि:शुल्क सेवा भाव से किया जाता है ।जिसके लिए शिविर में एम्बुलेंस, ऑक्सीजन के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

वही इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर नवनीत निश्चल ने कहा कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए खुशी होती है कि पितृपक्ष मेला के दौरान पूरे 17 दिनों तक यह कैंप में नि:शुल्क सेवा दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आए तीर्थयात्रियों को ज्यादा इलाज की आवश्यकता हो तो इसके लिए एक एंबुलेंस यहां पर उपलब्ध कराया गया है जो मरीज को लेकर अस्पताल तक आएगा जिसके बाद अस्पताल में सभी प्रकार के सुविधा नि:शुल्क दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य है कि देश विदेश से आए तीर्थ यात्रियों को अतिथि देवो भवः के तर्ज पर अर्श हॉस्पिटल के सभी टीम के लोगों के द्वारा सेवा किया जाए ।इस मौके पर डॉ टी शर्मा ,डॉक्टर क्रांति किशोर ,डॉ अबू हुरैरा, डॉक्टर राजेश्वर शर्मा,डॉ एस एन सिंह,डॉक्टर विकास कुमार सिंह ,पार्षद गजेंद्र सिंह ,अमर यादव पार्षद प्रतिनिधि ओम यादव ,उपेंद्र कुमार,गोपाल पासवान,अमर पांडे, अमित कुमार ,आदित्य कुमार, कमलेश कुमार ,मोहित कुमार के अलावे कई हॉस्पिटल कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद की वैश्विक बंधुत्व की संकल्पना विषय पर व्याख्यान का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय,गया और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा, गया के संयुक्त तत्त्वाधान में विश्व बंधुत्व दिवस समारोह के अंतर्गत शिकागो विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद की वैश्विक बंधुत्व की संकल्पना विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीना गुप्ता नगर प्रमुख, विवेकानंद केंद्र के द्वारा शांति पाठ कर किया गया है। इसके बाद भारतमाता और विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन किया गया। सेवानिवृत्त निरंजन बोरो द्वारा देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई है। केंद्र का परिचय तथा विषय प्रवेश श्री संजय किशोर, नगर संपर्क प्रमुख, विवेकानंद केंद्र द्वारा किया गया है। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद की शिक्षाओं को विद्यार्थियों को अपने जीवन में उतारकर अपने आप को सफल बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रंगनाथ दिवाकर, विद्या भारती विभाग संयोजक गया ने अपने उद्बोधन द्वारा भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक पक्षों का व्यावहारिक ढंग से उदाहरण सहित प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया है। सुधीर अम्बस्ट जी ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि छात्रों को निरंतर बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक, प्राणिक और आध्यात्मिक विकास पर ध्यान देना चाहिए ताकि भारत विश्व का नेतृत्व कर सके ।डॉ उमा शंकर सिंह, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग ने सभी के प्रति हृदय से कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन ही संपूर्ण मानवों के पथ प्रदर्शन में सबसे अधिक सक्षम है। इस कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में शांति मंत्र का पाठ सुनीता कन्हवे द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया है। डॉ श्वेता सिंह, सहायक प्राध्यापिका, दर्शन शास्त्र विभाग द्वारा मंच संचालन किया गया है। इस अवसर पर मीनाक्षी सेठ, धर्मदास, डॉ प्रवीण कुमार सिंह विभागाध्यक्ष जीव विज्ञान, डॉ राकेश राय समाजशास्त्र विभाग, डॉ मोहन सिंह मनोविज्ञान विभाग, समाजसेवी आनंद , बली बाबू, आरोही, गौतम, प्रिया, शीतल, शिवम, गौतम कार्तिक, गौरव इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत अरवल पुलिस ने 36 लोगों को उनके खोए या चोरी हुए मोबाइल वापस दिलाकर उनके चेहरे पर लाई मुस्कान

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अरवल पुलिस ने कई लोगों को उनके खोए या चोरी हुए मोबाइल वापस दिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई है इस अभियान के तहत, पुलिस ने कई जगहों से मोबाइल बरामद कर वास्तविक धारकों को लौटाया। इसी कड़ी में अरवल जिला अन्तर्गत मोबाईल फोन की गुमशुदगी की घटनाओं को देखते हुये चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुये कुल 36 मोबाईल फोन बरामद किया गया।स्वामित्व सत्यापन उपरान्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील द्वारा किया गया वितरण।अरवल जिला अन्तर्गत मोबाईल फोन की गुमशुदगी की घटनाओं को देखतें हुये अरवल पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सभी थाना में दर्ज इस तरह की घटनाओं की जानकारी एकत्रित कर तकनीकी अनुसंधान के जरिए कुल-36 मोबाइल फोन बरामद करते हुये मोबाइल के वास्तविक धारक को वितरण किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी जून 2023 से अगस्त 2024 तक कूल-100 मोबाइल फोन का वितरण किया जा चुका है। इस ऑपरेशन के तहत अरवल पुलिस आम जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। कुल बरामदगी 36 मोबाइल फोन है ,जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख रुपये की बताई जा रही है

# सांसद ने नवादा की घटना पर की निंदा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा के मुफस्सिल थाना अंतर्गत देदौर गांव के बस्ती में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगाने की घटना कि भर्त्सना की है और कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। पीड़ित परिवारजनों के प्रति उन्होंने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि इस घटना को लेकर लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में हूं। प्रशासन पूरी मुस्तैदी और तत्परता के साथ इस घटना पर कार्रवाई कर रही है। एसआईटी गठित कर लिया गया है। इसमें अभीतक 15 अपराधियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। शेष अपराधी भी जल्द गिरफ्त में होंगे। पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल भोजनादि और राहत सामग्री की व्यवस्था कर दी गई है।

विवेक ठाकुर ने कहा कि इस घटना पर राजनीति करने वालों को बताना चाहूंगा की यह मामला जमीन विवाद का है। पूर्व में भी इसको लेकर कई बार विवाद हो चुके हैं। इस जमीन के विवाद का केस 22/1995 नवादा व्यवहार न्यायालय में चल रहा है, जो लालू यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल का है। यह वही कालखंड है, जब इनके समर्थकों द्वारा जबरदस्ती जमीन कब्जा करना प्रचलन बन गया था। लेकिन आज का दौर बदल चुका है, घटना के तुरंत बाद लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी जारी है। क्या इस त्वरित कार्रवाई की कल्पना जंगलराज में कोई कर सकता था? विवेक ठाकुर ने कहा लालू परिवार का लॉ एंड ऑर्डर पर बोलते हुए सुनना हास्यास्पद लगता है।

# जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंडाल को संख्या बढ़ाए जिससे पिंडदानी को समस्या न हो

प्रात : किरण संवाददाता



गया। पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थाओ का जायजा लेने गुरुवार को जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया आशीष भारती ने देवघाट स्थित विष्णु पथ अप्रोच रोड का निरीक्षण किया गया है।

इस निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंडाल को संख्या बढ़ाए जिससे पिंडदानी को समस्या न हो। मेला क्षेत्र में बनाए गए सभी काउंटर का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी,कर्मचारी को सही से कार्य करने का निर्देश दिया है। किसी भी यात्री को कोई समस्या रहने पर उन्हें पूरी तरह सहयोग करें। यदि आसपास तीर्थयात्री आते हैं तो उनसे जानकारी लेने का प्रयास करें। विष्णुपद संवास सदन के समीप रुक रुक कर भीड़ प्रबंधन करने लगे, यात्रियों से अपील किये की कतारबद्ध तरीके से मंदिर में जाये। देवघाट नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया है। वहां उन्होंने निर्देश दिया कि यात्रियों के विभिन्न जानकारी लगातार माइक सिस्टम से करवाते रहें हैं। उन्होंने अपील किया है कि पूजन सामग्री नदी में न प्रवाहित करवाये, घाट पर पर्याप्त पीट बनवाये गए हैं। इसके साथ मे पर्याप्त डस्टबिन भी लगाए गए हैं।उसी में तर्पण सामग्री को प्रवाहित करें। नदी को स्वच्छ रखने में सहयोग करे। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, डीडीसी, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, वरीय उप समाहर्ता दिवाकर कुमार, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, राजीव कुमार, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला पदाधिकारी ने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ई रिक्शा के माध्यम से विष्णुपद क्षेत्र पहुंचे

प्रात : किरण संवाददाता



गया। देश विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों से पितृपक्ष मेला अवधि में विष्णुपद मंदिर के परिधि में काफी भीड़ बनी रहती है। तीर्थ यात्रियों को भारी जाम की समस्या से जूझना पड़ता है ।इस वर्ष तीर्थ यात्रियों की सुविधा तथा आम जनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विष्णुपद मंदिर के परिधि को नो हॉर्न, नो विकिल जोन तथा नो पॉल्यूशन जोन बनाया गया है।

विष्णुपद मेला क्षेत्र में आने वाले वाहनों को चांद चौरा मोड पर ही रोका जाएगा साथ ही बंगाली आश्रम से विष्णुपद मेला क्षेत्र में आने के लिए बंगाली आश्रम के पास ही वाहन को रोका जाएगा। तमाम पदाधिकारियों तथा आम श्रद्धालुओं को पैदल अथवा जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए पर्याप्त निशुल्क ई -रिक्शा के माध्यम से ही चांद चौरा से विष्णुपद तथा बंगाली आश्रम से विष्णुपद आ जा सकेंगे। यह व्यवस्था तीर्थ यात्रियों के हित में किया गया है ताकि तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना करना ना पड़े। विष्णुपद मंदिर के समीप वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंध रखा गया है ।जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम द्वारा आज स्वयं चांद चौरा से विष्णुपद मेला क्षेत्र से ई-रिक्शा के माध्यम से पहुंचे तथा वापस फिर ई-रिक्शा के माध्यम से ही विष्णुपद से चांद चौरा प्रस्थान किए हैं ।जिला पदाधिकारी ने उदाहरण प्रस्तुत करते यह बताया कि आप सभी अति विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति,वरीय पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी, व्यक्ति आप सभी तीर्थ यात्रियों के हित में तथा तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा ना हो इसे लेकर के विष्णुपद क्षेत्र में ई रिक्शा के माध्यम से अथवा पैदल आवागमन करे, ताकि विष्णुपद क्षेत्र का परिधि पूरी तरह नो हॉर्न, नो विकिल जोन तथा नो पॉल्यूशन जोन बना रहे हैं।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि चांद चौरा से विष्णुपद एवं विष्णुपद से बंगाली आश्रम तक तीन शिफ्ट में 60 निशुल्क ई रिक्सा रखा गया है। इसके अलावा प्रेतशिला पार्किंग पॉइंट्स से प्रेतशिला मंदिर तक अति बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के लिये भी पर्याप्त ई रिक्सा रखा गया है। इसके अलावा गया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन से किसी भी पिंड स्थल जाने के लिए ई रिक्शा जाहिर करेंगे तो उन्हें निशुल्क ई रिक्सा के माध्यम से परिवहन व्यवस्था दी जाएगी।

# जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान के तहत गया विधानसभा मे गुरुद्वारा रोड स्टेशन रोड गोल बगीचा पुरानी गोदाम मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता के द्वारा सदस्यता चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाना था। इस अभियान के दौरानभाजपाकीनीतियोंऔरयोजनाओं को विस्तार से बताया गया, जिससे लोगों को पार्टी के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश में कई अहम बदलाव हुए हैं। आर्थिक सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) का सफल क्रियान्वयन, नोटबंदी, और ह्ममेक इन इंडियाह्ल जैसी योजनाएँ शामिल हैं, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण रही हैं। आधारभूत ढांचे के विकास में मोदी सरकार ने तेज गति से काम किया है, जैसे कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में सड़कों का विस्तार, रेल और हवाई यातायात काआधुनिकीकरण, और बिजली की पहुँच को देश के हर कोने तक पहुँचाना। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के अंतर्गत भारत की वैश्विक स्थिति भी मजबूत हुई है। संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और अन्य वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका में वृद्धि हुई है, जिससे देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि इन 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के समग्र विकास और सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। इस प्रकार, भाजपा की सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी को और मजबूत बनाने का प्रयास किया गया। आज के सदस्यता अभियान में बिहार प्रदेश अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह नमामि गंगे के सह संयोजक धनंजय पांडे सिद्धिविनायक सार्थक कुमार रवि कुमार विनय कुमार श्रीवास्तव साहित अनलोग शामिल हुए हैं

# खुले में शौच से मुक्त के साथ कचरा मुक्त से किया गया प्रेरित

प्रात : किरण संवाददाता



जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के निदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा का उद्देश्य अधिकाधिक जन भागीदारी के साथ अपने घर, मोहल्ला, गाँव, शहर को खुले में शौच से मुक्त के साथ कचरा मुक्त किये जाने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं वार्ड स्तर पर स्वच्छता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर समुदाय को प्रेरित करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ्य वातावरण निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है। इस क्रम में सभी प्रखंडो में धार्मिक स्थल एवं जल स्त्रोतों के आस-पास समुदाय के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेर प्रखंड अंतर्गत मधुश्रववीं मंदिर के आस-पास, वंशी प्रखंड में पंतित धाम पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों एवं पर्यवेक्षक के द्वारा स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। इस अभियान की अवधि में सभी विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालय की सफाई, साबुन से हाथ धुलाई, स्वच्छता की कक्षा, स्वच्छता संवाद इत्यादि का आयोजन किया जाना है। इस अभियान के तहत समुदाय को अपने गाँव को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट का सही तरीके से प्रबंधन एवं उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से प्रेरित किया जाना है। साथ ही ह्यखुले में शौच वाले स्थल (डस्त्रील्ल ओींङ्गल्ल लङ्क३रस्त्रङ्क३२) पर सुबह-शाम निगरानी, छुटे हुए परिवारों को शौचालय की सुलभता, समुदाय को अपशिष्ट प्रबंधन में भागीदारी हेतु उत्प्रेरण गतिविधियों तथा संध्या चौपाल का आयोजन किया जाना है। धार्मिक स्थल एवं जल स्त्रोतों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# गुजरात के भुज से कुकू बेन दूसरी बार बिहार सरस मेला में आई

प्रात : किरण संवाददाता



**पटना**, अगर आप अपनी पुरानी हस्तशिल्प ,लोक कला, संस्कृति, हुनर , परंपरा से वाकिफ होना चाहते हैं या फिर देशी व्यंजनों का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो सरस मेला में आइये ' सरस मेला ज्ञान भवन में आयोजित है ' जहाँ शिल्प, संस्कृति, परम्पराएं एवं लोक कलायें अपने पुराने अंदाज में विभिन्न स्टॉल पर सुसज्जित हैं ' इसके साथ ही बिहार समेत देश के अन्य प्रदेशों के शुद्ध , पौष्टिक एवं पारम्परिक देशी व्यंजन एवं मिठाइयाँ आगंतुकों को लुभा रही हैं '

बिहार सरस मेला बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका द्वारा 18 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित है '

बिहार सरस मेला में देश भर के विभिन्न राज्यों से स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्धमी महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की नाजिर पेश कर रही हैं ' ग्रामीण क्षेत्र की महिला उधमियों द्वारा निर्मित हस्त शिल्प, कृत्रिम फूल, परिधान, गृह-सज्जा , चावल की कई प्रजातियाँ , खाद्य सामग्री एवं वाद्य यंत्रों की खरीद-बिक्री सह प्रदर्शनी लगी हुई है ' बिहार की टिकुली, सिक्की , मधुबनी कला , मणिपुर का शाल राजस्थान की सिंगानेरी प्रिंट, आसाम का बम्बू आर्ट , बेंत हस्तशिल्प, बेल मेटल हस्त शिल्प, शिप हस्त शिल्प , जुट हस्तशिल्प, कागज हस्तशिल्प गुजरात का अहीर एवं कुच्ची शिल्प, कृत्रिम फूल आदि की प्रदर्शनी सह खरीद-बिक्री हो रही है ' इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया जाता रहा है ' गरीबी उन्मूलन हेतु क्रमिक वृद्धि कार्यक्रम सतत जीविकोपार्जन योजना की सफलता को प्रदर्शित स्टॉल, जीविका दीदियों द्वारा संचालित जे.वायर्स पर सोल्स उत्पाद , शिल्प ग्राम महिला उत्पादक कंपनी लिमिटेड के स्टॉल पर खादी एवं शिल्क के परिधान, जुट से बने उत्पाद एवं सिक्की कला , मधुग्राम महिला उत्पादक कंपनी लिमिटेड के स्टॉल पर शुद्ध मध समेत कई उत्पाद सरकार की गरीबी उन्मूलन योजना की सफलता को परिलक्षित कर रहे हैं ' सरस मेला के माध्यम से जीविका दीदियाँ और ग्रामीण महिलायें आर्थिक एवं सामजिक रूप से सशक्त तो हो ही रही हैं दुसरे प्रदेश से आई महिलाए भी एक दुसरे के लोक कला, शिल्प और संस्कृति से अवगत होते हुए महिला स्वावलंबन की नाजिर पेश कर रही है '

गुजरात के भुज से कुकू बेन दूसरी बार सरस मेला में आई हैं ' पिछले पंद्रह साल से वो लक्ष्मी सखी मंडल के माध्यम से अपने हुनर को व्यवसाय में तब्दील करते हुए अपने गाँव की 60 से अधिक महिलाओं को रोजगार भी दे रखा है ' कुकू बेन कुच्ची और अहीर हस्तशिल्प के अंतर्गत निर्मित महिलाओं के परिधान यथा कुर्ती, ब्लाउज, गाउन , चादर, सलवार सूट, बंडी, झूमर आदि की बिक्री कर रही हैं ' इनके पास सौ रूपया के पर्स से लेकर 5 हजार रुपये के कीमत की ब्लाउज भी बिक्री के लिए है ' कुच्ची शिल्प के तहत हाथ से कढ़ाई की हुई ब्लाउज की मांग ज्यादा है ' दो दिन में उन्होंने 25 हजार से अधिक की राशि के परिधानों की बिक्री की है ' कुकू बेन को बिहार सरस मेला में आना अच्छा और फायदेमंद लगता है ' वो अपनी बेटी मिहिनी के साथ आई हैं ' बेटी ने उनके हुनर को आत्मसात करते हुए उसे आधुनिकता से भी जोड़ा है ' वो बताती हैं कि हस्तशिल्प की मांग बिहार में ज्यादा है साथ ही यहाँ आकर मान-सम्मान तो मिलता ही है हम सभी महिला उद्यमी एक - दुसरे के शिल्प से परिचित होते हैं '

आगंतुक सरस मेला में फूड जोन में दीदी की रसोई समेत कई स्टॉल पर शुद्ध, लजीज एवं पौष्टिक व्यंजनों एवं मिठाइयों का लुत्फ उठा रहे हैं '

महिला उद्योग संघ, महिला विकास निगम एवं शहरी आजीविका मिशन से भी जुडी महिला उद्यमी खुद के द्वारा उत्पादित उत्पादों एवं व्यंजनों की बिक्री कर रही हैं '

आगंतुकों एवं मेला में आई उद्धमियों के लिए ग्राहक सेवा केंद्र के भी स्टॉल उपलब्ध है ' इन स्टॉल से रुपये की जमा-निकासी हो रही है ' साथ ही स्टॉल्स पर कैशलेश खरीददारी की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है ' सरस मेला का शुभारंभ 18 सितंबर को हुआ ' पहले ही दिन 9 लाख 55 हजार से अधिक की राशी के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई ' लगभग 24 हजार लोग आये और खरीददारी की' बिहार सरस मेला 27 सितंबर 2024 तक चलेगा ' मेला का समय सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक निर्धारित '

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मधुश्रवां में चलाया गया स्वच्छता अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रखंड परियोजना अनुश्रवण इकाई कलेर के द्वारा मधुश्रवां मेला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अभियान में पहलेजा पंचायत मुखिया मुंद्रिका सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रजीत कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रकाश सिंह के साथ अलग- अलग पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मियों ने भाग लियो इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसकी थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता है

## जीपीडीपी के सफल क्रियान्यवन हेतु ग्राम पंचायत सभा आयोजित

अरवल। जीपीडीपी के सफल क्रियान्यवन हेतु पहलेजा पंचायत मुखिया मुंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में पहलेजा पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजित किया गयो मुखिया ने बताया कि इस दौरान पंचायत स्तर से आए हुए लोगों द्वारा कई मामले लाए गए थे, सभी मामले को ग्राम सभा के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया है सबंधित विभाग को दिया गया है विभाग द्वारा जल्दी ही कार्य किया जाएगा उनहोंने बताया कि ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीण आवास योजना ,समाजिक कल्याण, वृदा पेंशन, राशन कार्ड सहित कई प्रकार के योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया इस बैठक में पहलेजा पंचायत सचिव मनीष कुमार,पंचायत रोजगार सेवक शंभु प्रसाद, आवास सहायक राजकुमार गुप्ता, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रकाश सिंह, आशा के साथ कई विभाग के लोग उपस्थित थे

# हम पार्टी की सदस्यता अभियान शुरू

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गया में हम पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू ,अभियान के दौरान 253 लोगों ने हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कंडी नवादा के आजाद नगर महादलित टोला में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में गरीबों के नेता जीतन राम मांझी और डॉ. संतोष मांझी के नेतृत्व को स्वीकार किया है ।पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और सांसद प्रतिनिधि ई .नंदलाल मांझी प्रदेश महासचिव छोटू कुशवाहा, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिना मांझी, और श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश मांझी ने सदस्यता अभियान का नेतृत्व किया है।

आजाद नगर बस्ती के लोगों ने हम पार्टी की नीतियों और जीतन राम मांझी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ खड़े रहने और उनकी आवाज उठाने के लिए हम पार्टी के साथ हैं। इस मौके पर देवन मांझी, रोशन मांझी, उमेश दास, बोधगया दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष मानपुर के अध्यक्ष सिंटू कुमार, पवन दास, मिनता देवी, कारू मांझी, गौरी देवी, सरोज देवी, रिंकू देवी, समुंद्री देवी सहित सैकड़ों महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की।

# बोधगया के साहेब बने ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

गया, साहेब उद्दीन अंसारी के बढ़ते कदम.अब बने अंसारी समुदाय की बड़ी तंजीम ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के बिहार प्रदेश अध्यक्ष.मनोनयन पत्र में कहा गया है कि ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के उद्देश्य एवं सिद्धांतों के प्रति रुचि को देखते हुए बिहार प्रदेश का अध्यक्ष मनोनित किया जाता है. मालूम हो कि बोधगया के साहेब उद्दीन अंसारी अपने समाज के बड़े युवा चेहरा हैं.असद उद्दीन ओवैसी की पार्टी ने हाल में उन्हें अक्टक्ट का मगध प्रभारी बनाया है.गया की एक क्षेत्रीय पार्टी की स्थापना में भी उनकी महती भूमिका रही है.मगध की राजनीति में साहेब उद्दीन अंसारी एक स्थापित नाम बनते जा रहे हैं.

## सेवा पखवाड़ा सेवा सप्ताह अंतर्गत रक्तदान कार्यक्रम

गया ।भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ठंशील्लाि टङ्क के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे भाजपा गया जिला युवा मोर्चा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है इस रक्तदान कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि, भाजपा बागवानी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लोक प्रिय नेता डॉ० मनीष पंकज मिश्रा, एवं युवा मोर्चा क्षेत्रीय प्रभारी मुन्ना कुमार सिंह ।इस कार्यक्रम मे संयोजक महामंत्री, अमर शेखर, कौशल सिंह, सिकंदर चंद्रवंशी ।इस कार्यक्रम के प्रभारी आशीष पाठक, सह प्रभारी आशीष झा व्यवस्था प्रमुख, विवेक चंद्रवंशी, निखिल निशांत राज, रौनीत केशरी, मीडिया प्रभारी भाई राज पाण्डेय, उत्तरी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष, अनु वरनवाल, उपाध्यक्ष पम्मी सिंह, उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर के 67 वद्यालयों में तीन से आठ वर्ग की अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

गिद्धौर। स्थानीय गिद्धौर प्रखंड के 67 स्कूलों में तीन से आठ वर्ग के छात्र-छात्राओं का अर्धवार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू हुई जो यह 18 सितंबर से शुरू होकर 26 सितंबर तक चलेगा यह सभी अर्धवार्षिक परीक्षा दो पाली में अलग-अलग वर्ग का हुआ जिसमें बुधवार को परीक्षा का पहला दिन का पहला पाली में वर्ग 3 से 8 तक के छात्राओं का अर्धवार्षिक परीक्षा सामाजिक विज्ञान तथा दूसरी पाली में वर्ग 6 से 8 छात्र-ाओं का विज्ञान की परीक्षा हुई परीक्षा के दौरान के गिद्धौर प्रखंड संसाधन केंद्र तथा प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी तथा पदाधिकारी गण परीक्षा के दौरान उड़न दस्ता जांच दल के साथ सभी विद्यालय में अनुश्रवण किया गया जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समशुल हौदा मध्य विद्यालय गोनाडीह जांच किया जहां पाया की परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण रूप से चल रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा अन्य पर्यवेक्षक द्वारा विभिन्न विद्यालय में अनुश्रवण किया गया जिसमें मध्य विद्यालय गोनाडीह और कई अन्य सहित विद्यालय शामिल है प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड संसाधन केंद्र गिदौर से आदेशित पत्र के अनुसार गिद्धौर प्रखंड के सभी विद्यालय को एक दूसरे विद्यालय से टेक कर दिया गया है विद्यालय प्रधान को आदेशित की भी किया गया है कि वे अपने विद्यालय के शिक्षकों को ट्रैक किए गए विद्यालय में वीक्षण कार्य हेतु विर्मित करें अर्थात एक विद्यालय के शिक्षक अपने विद्यालय में बीक्षण का कार्य नहीं करके ट्रैक किए गए दूसरे विद्यालय में बीक्षण का कार्य करेंगे जिससे परीक्षा पारदर्शी और कदाचार मुक्त रहे।

### कचरा संग्रहण वाहन को झंडी दिखाकर किया गया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर) स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति स्वच्छता ही स-ेवा के अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव और उपलब्धियां को उत्सव के रूप में मनाने का कार्यक्रम किया जा र-हा हैं। जिसके तहत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय से प्रखंड विक-ास पदाधिकारी अनीश रंजन, अंचल अधिकारी निशीथ नंदन, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमरजीत कुमार साबरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ऋषि कपूर सहित स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के कचरा संग्रहण वाहन को ह-री झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता को लेकर संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। जिसके तहत प्रखंड परिसर की साफ सफाई, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की सफाई, पंचायत में निर्मित सीएससी की साफ सफाई, खुले में शौच से मु-क्ति सहित लोगों को अपने आसपास के साफ-सफाई को लेकर जागरूकता के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम सहित कई स्वच्छता को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम की जा रही है। वही कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य ीवन में स्वच्छता लाना है।

# पोषण को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी जमुई ने कराया बच्चे का अन्नप्राशन

प्रातः किरण संवाददाता





जमुई :-जिले के सदर प्रखंड जमुई अंतर्गत ग्राम पंचायत राज थेगुआ अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 179 हरनारायणपुर चौक में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा महिलाओं की गोद भराई कराई गई '

जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में हर माह 19 तारीख को अन्नप्राशन दिवस मनाया जाता है। आज सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 6 माह के शिश-ुओं का अन्नप्राशन कराया जा रहा है ' उन्होंने वहाँ मौजूद लोगों से बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर भेजने और गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों में टीकाकरण करने के लिए लोगों को प्रेरित किया '

इस दौरान वहां लगे स्टॉलों का बारी बारी से निरीक्षण किया गया ' जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने कहा कि बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए उन्हें सही पोषण दिया जाना जरूरी है।. पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए पूरे सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर लोगों में भी पोषण के प्रति जागरूकता लाई जा रही है। सामान्य दिनों में भी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा शिशुओं को पोषण की जानकारी दी जाती है। लोगों को अपने बच्चों के सही स्वास्थ्य के लिए उसका उपयोग करना चाहिए. इसके साथ ही जिलाधिकारी ने लोगों को एनीमिया जाँच तथा हैंड वॉश के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ' इस मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत लाभुक को दो हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नजरुल हक, डीपीओ आ-ईसीडीएस जमुई , पोषण अभियान की जिला समन्वयक, सीडीपीओ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 29 को झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह को ले हुआ बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

पटना/रांची । गुरूवार झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने होटल बुलूम (पुराना नाम होटल पिनाकल) के बेंकट हॉल कचहरी परिसर में सबकी उपस्थिति में प्रदेश संगठन द्वारा 29 सितंबर दिन रविवार को अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन वेंकट हाल में होने वाली झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का पोस्टर निमंत्रण पत्र का विमोचन हमारे संगठन के मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद , संरक्षक अरूण गुप्ता, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्र-वक्ता बीरेंद्र साहु, कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, कोशाध्यक्ष निसांत गुप्ता, कुणाल कुमार बंटी, मुकेश साहु, अरूण देव, मुकेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, बिद्याधर प्रसाद, उपेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, कपिल साहु, हरी नारायण हरि केटरर, जैसे अनेक पदाधिकारियो एवम गण मान्य लोगों की गरिमामई उपस्थिति में प्रेस मीडिया प्रतिनिधियों के बीच किया गया। कार्यक्रम का पोस्टर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों, विशेष रूप से रांची महानगर के मुख्य चौक चौराहों पर आम लोगों के बीच प्रचार प्रसार के लिए विधिवत रूप से लगाया जाएगा। जैसे जैसे कार्यक्रम का समय नजदीक आते ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथिगणों का नाम उनकी सहमति मिलते ही प्रेस मीडिया व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

## खजौली प्रखंड सभागार में मिशन गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




मधुबनी । खजौली प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस के अवसर पर बीड-ीओ लवली कुमारी के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024 - 025 मिशन गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर बीडीओ लवली कुमारी सीओ डेजी सिंह प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा आवास पर्यवेक्षक मुखिया अर्जुन सिंह अशोक कुमार सिंह अजय कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्रीनाथ नाग मणि ललन कुमार सिंह उप मुखिया सुबोध कुमार श्रीवास्तव सोनू कुमार सिंह सहित अन्य लोगो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस कार्यक्रम उद्घाटन के बाद बीडीओ लवली कुमारी एवं प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा, उप मुखिया सुबोध कुमार श्रीवास्तव, आवास पर्यवेक्षक द्वा-रा संयुक्त से प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायत में प्रथम फेज में 42 लाभार्थियो के बीच मिशन गृह प्रवेश प्रतीकात्मक चाभी स्वीकृति पत्र लाभार्थी के हाथो वितरण किया गया.साथ ही पर्यावरण सुरक्षित बढ़ावा को लेकर सभी प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी को एक एक फलदार पौधा का वितरण किया गया. इस दौरान बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना वित्तीय वर्ष 2024 - 025 में कुल 42 लाभार्थियो को मिशन गृह प्रवेश प्रतीकात्मक चाभी स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया.

उन्होंने कहा कि सभी प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी को प्रथम किस्त 40 हजार रुपए लाभार्थी के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया. उन्होंने सभी आवास योजना लाभार्थी से कहा कि प्रथम किस्त की राशि से अविलंब भवन साम्रगी समान खर-ीदकर भवन निर्माण शुरू करने पर ही दूसरी किस्त की राशि खाता पर भुगतान होगी.वही बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जन्म दिवस पर सभी प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थियों के हाथों एक एक फलदार वृक्ष की वितरण किया गया.वही प्र-खंड प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की जन्म दिवस पर मिशन गृह प्रवेश पर्यावरण को सुक्षित मिशन को लेकर पौधा वितरण किया गया.उन्होंने कहा कि भारत के यशशवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संयुक्त सरकार से बिहार देश आजादी के बाद अब विकास की गंगा बह रही है.इस मौके पर मुखिया छठु पासवान मोहन झा विनीता कुमारी पंसस मनोज झा,ललन कुमार सिंह पी आवास पर्यवेक्षक एवं पंचायत के सभी आवास सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

## जिलाधिकारी ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय में पठन- पाठन का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



जमुईः- जिलाधिकारी सह चेयरमैन सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रबंध समिति श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार 19 सितम्बर को सिमुलतला आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां की पठन-पाठन का जायजा लिया एवं वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा। इस क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने विद्यालय के क्लासरूम, लाइब्रेरी, साइंस लैबोरेट्री, कम्प्यूटर रूम आदि का निरीक्षण कर प्राचार्य एवं शिक्षकों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही, जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार से विद्यालय की कमियों से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का समूल विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने रूटीन के मुताबिक पढ़ाई कराये जाने के साथ अनुशासन बनाये रखने पर बल देते हुए कहा कि यहां की छात्र-छात्राएं काफी प्रतिभावान हैं। इनकी प्रतिभाओं को निखारना शिक्षकों का दायित्व है। जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान पर प्रफुल्लित होकर कहा कि यहां के विद्यार्थी काफी प्रतिभावान और मेहनती हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने सिमुलतला आवासीय विद्यालय में जो कमी है उसे दूर करते हुए पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने की बात कही।

एडीएम सुभाष चंद्र मंडल, डीडीसी सुमित कुमार , एसडीएम अभय कुमार तिवारी , नजारत उप समाहर्ता अमु अमला , डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार , जिला जनसंपर्क अधिकारी मो. नजरूल हक समेत कई संबंधित अधिकारी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## 90 वर्षीय बृद्ध हत्या मामले में नामजद अभियुक्त गोरेलाल यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज, बीते 12 सितंबर को दोपहर करीब 02:30 बजे सिकंदरा थानान्तर्गत मिजार्गंज इलाके में एक व्यक्ति प्रह्लाद यादव पिता स्व प्रयाग यादव ग्राम मिजार्गंज थाना सिकंदरा की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के परिजनों द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस द्वारा अनुसंधान के क्रम में उसी दिन नामजद अभियुक्त गोरेलाल यादव पिता स्व कपिल यादव, ग्राम मिजार्गंज, थाना सिकंदरा के घर मे खून लगा कुदाल बरामद कर सम्पूर्ण घटना का उद्भेदन कर लिया गया था।
< घटना का कारण मृतक एवं अभियुक्त के बीच जमीन बँटवारे को लेकर वि-वाद था। मृतक और अभियुक्त आपस में चाचा-भतीजा हैं तथा अभियुक्त द्वारा जमीन बेचने के प्रस्ताव पर मृतक अपनी सहमति नहीं दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश द्वारा इस हत्याकांड में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एसडीपीओ सदर सतीश सुमन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी एवं इसकी प्रगति का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा था। इस कांड के अनुसंधान क्रम में कल दिनांक 18.09.2024 को सिकंदरा पुलिस द्वारा अभियुक्त गोरेलाल यादव पिता स्व कपिल यादव ग्राम मिजार्गंज थाना सिकंदरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस द्वारा हत्या में प्रयुक्त कुदाल को वैज्ञानिक जाँच हेतु एफ एस एल भेजा गया है। जमुई पुलिस द्वारा जल्द ही इस पूरे मामलें में एक सशक्त आरोप पत्र विद्वान न्यायालय में दायर किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र के नए युग का सूत्रपात : विजय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के साथ ही भारतीय लोकतंत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है। जिस जम्मू-कश्मीर के लोग बीते वर्षों में आतंकवाद और कट्टरवाद के साये में जीने को अभिशप्त थे वहां आज प्रजातंत्र का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद राज्य के समेकित विकास के लिए केंद्र सरकार के सतत प्रयासों का नतीजा है कि 35 वर्षों में पहली बार विधानसभा चुनाव में आम जनता की भयमुक्त भागीदारी देखने को मिल रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान भी जम्मू-कश्मीर की जनता का उत्साह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यापक रूप से दिखा था। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में 58.46 फीसदी मतदाताओं ने भाग लिया था। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राज्य में देर रात तक रैलियों का आयोजन हुआ है, अलगाववाद की भाषा बोलने वाले लोगों ने भी लोकतंत्र का दामन थामा है, उसे देख कर उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर की जनता इस बार मतदान के दौरान रिकॉर्डतोड़ भागीदारी करने जा रही है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी जी के सरकार के प्रयासों के कारण अपने नागरिक अधिकारों से वंचित रहे गोरखा, वाल्मीकि सहित अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित हुई है। बड़ी संख्या में जम्मू और कश्मीर घाटी की महिलाओं और युवाओं की शिरकत भी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल रही है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर ट्रांजिशन के दौर में नहीं है बल्कि पूरी तरह ट्रांसफॉर्म हो चुका है। निश्चित रूप से इस बदलाव में वहां के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी की भी सराहनीय भूमिका रही है।

श्री सिन्हा ने कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया था उस समय तुष्टिकरण और अवसरवादी राजनीति के पुरोधाओं ने तरह तरह की आशंक-ाएं जतायी थीं । आज केंद्र सरकार के प्रयासों से जम्मू और कश्मीर घाटी में बदले माहौल ने उनकी बोलती बंद कर दी है । जो जगह आतंकी घटनाओं और प्रायोजित पत्थरबाजों से त्रस्त थी आज वहां विकास, शिक्षा और निवेश को लेकर अनुकूल परिवेश तैयार हुआ है। इसीलिए इसबार की जनता गांधी, मुफ़्ती और अब्दुल्ला परिवार की वंशवादी तिकड़ी के इरादों को पहचानते हुए पूरे उत्साह के साथ विधानसभा के चुनाव को उत्सव की तरह मनाने के लिए उत्सुक नजर आ रही है।

## सीएम साइंस कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




दरभंगा।सीएम साइंस कॉलेज, दरभंगा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत वृहस्पतिवार को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार चौधरी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है। क्योंकि यह न केवल हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करता है अपितु इसका संबंध हमारी नैतिकता से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और साफ वातावरण से हमारी सोच भी सकारात्मक होती है और हमारे नैतिक मूल्यों का विकास भी होता है।इसके बाद महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थलों की साफ सफाई की गयी। इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। जिसमें हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. दिनेश प्रसाद साह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. युगेश्वर साह सहित स्वयंसेवकों क्रमशः पंकज कुमार, सानिया परवीन, वैष्णवी कुमारी, इकरा, आफिया आरजू, नरेश कुमार, विष्णु कुमार, केशव कुमार, सोनू कुमार, मो. युसूफ, बसंत कुमार आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सत्येन्द्र कुमार झा ने किया।

## पुलिस के काम में हस्तक्षेप बंद करे नेता : जितेंद्र चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता



समस्तीपुर । राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने राजनीतिक दलों के नेताओं पर जिले व राज्य में अराजकता, भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि यह नेता लोग ही पुलिस के काम बेवजह हस्तक्षेप करते हैं, जिस कारण को पुलिस ठीक ढंग से काम नहीं कर पाती है। उन्होंने समस्तीपुर के एसपी अशोक मिश्रा व एएसपी संजय कुमार पांडे की तारीफ करते हुए कहा कि इन कर्तव्यनिष्ट पुलिस पदाधिकारियों की वजह से पुलिस ने एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर पुलिस के काम में अड़ंगा लगाते हैं। जिससे पुलिस के कार्य में बाधा पहुंचती है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं की वजह से ही कई आईपीएस पुलिस सेवा से इस्तीफा देने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी नेताओं के विरुद्ध वह चरणबद्ध आंदोलन चलाएंगे और ऐसे नेताओं को वह बेनकाब करने का काम करेंगे।

## लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास)संसदीय बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक में हुआ संगठन विस्तार



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई/ ई०अलीगंज लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) संसदीय बोर्ड जमुई का समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को द्वारिका विवाह भवन में किया गया।

उक्त बैठक की अध्यक्षता संसदीय बोर्ड जमुई के जिलाध्यक्ष वाई0 पी0 सुमन एवं मुख्य अतिथि प्रदेश संसदीय बोर्ड के कार्यकरणी सदस्य एवं मुंगेर प्रमंडलीय प्रभारी सुभाष पासवान उपस्थित हुए, सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष वाई0 पी0 सुमन एवं सभी संसदीय बोर्ड कार्यकर्ता द्वारा प्रभारी महोदय को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, बैठक में संसदीय बोर्ड के बैठक में संगठन बिस्तार किया गया। जिसमें 1.संजीत कुमार पासवान को जमुई प्रखंड के संसदीय बोर्ड अध्यक्ष,2.चन्द्रशेखर सिंह उर्फ रूपेश सिंह को जमुई नगर अध्यक्ष,3.मुरलीधर गुप्ता को लक्ष्मीपुर प्रखंड अध्यक्ष ,4.विकाश कु0 मंडल को बरहट प्रखंड अध्यक्ष,5.जितेंद कुमार को खैरा प्रखंड अध्यक्ष,6.पवन रावत को गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए,कहा की बिहार संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे के निर्देशानुसार संगठन मजबूत करने के लिए पंचायत एवं बूथ स्तर तक कमिटी बनानें की बात कही गई,उन्होंने कहा की लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास)के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जमुई के लोकप्रिय सांसद श्री अरुण भारती के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया, मौके पर संसदीय बोर्ड के सभी पदाधिकारी एवं लोजपा संसदीय बोर्ड के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सिकंदराबाद-दानापुर तथा हैदराबाद/सिकंदराबाद -रक्सौल के बीच परिचालित की जा रही, स्पेशल के फेरों में वृद्धि

- **अगामी पर्व-त्यौहरों के मद्देनजर अब चलेगी दिसम्बर, 2024 तक**
- **साथ ही मुजफ्फरपुर, दानापुर एवं पटना जं. से सिकंदराबाद के लिए 01-01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा दिसंबर, 2024 तक**

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा दानापुर और सिकंदराबाद तथा रक्सौल और हैदराबाद/सिकंदराबाद के बीच स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । अगामी पर्व-त्यौहारों के दौरान यात्री की संभावित भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा इनके परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

### दानापुर-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते चलायी जा रही स्पेशल

1. गाड़ी संख्या 07647 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल सिकंदराबाद से अब 12.10.2024 से 28.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।
2. गाड़ी संख्या 07648 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल दानापुर से अब 14.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।
3. गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल सिकंदराबाद से अब 12.10.2024 से 28.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।
4. गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल दानापुर से अब 14.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।
5. गाड़ी संख्या 07021 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल सिकंदराबाद से अब 10.10.2024 से 26.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी ।
6. गाड़ी संख्या 07022 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल दानापुर से अब 11.10.2024 से 27.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।
7. गाड़ी संख्या 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल सिकंदराबाद से अब 09.10.2024 से 25.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को परिचालित की जायेगी ।
8. गाड़ी संख्या 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल रक्सौल से 11.10.2024 से 27.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।

दर भंगा-बरौनी-झाझा-धनबाद-बोकोरो-रांची-राउरकेला-बिलासपुर-दुर्ग के रास्ते -

9. गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल हैदराबाद से अब 12.10.2024 से 28.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।
10. गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल रक्सौल से अब 15.10.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।
11. गाड़ी संख्या 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल सिकंदराबाद से अब 07.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी ।
12. गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल रक्सौल से 10.10.2024 से 02.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी ।

इसके साथ ही मुजफ्फरपुर, पटना एवं दानापुर से भी सिकंदराबाद के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

दानापुर-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते -

13. गाड़ी संख्या 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद स्पेशल - यह स्पेशल 15.10.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को मुजफ्फरपुर से 10.45 बजे खुलकर बुधवार को 23.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।
14. गाड़ी संख्या 05294 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर स्पेशल - यह स्पेशल 17.10.2024 से 02.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को सिकंदराबाद से 03.55 बजे खुलकर शुक्रवार को 16.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।
15. गाड़ी संख्या 03225 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल - यह स्पेशल 17.10.2024 से 26.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को दानापुर से 20.50 बजे खुलकर शनिवार को 04.40 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।
16. गाड़ी संख्या 03226 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल - यह स्पेशल 20.10.2024 से 29.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को सिकंदराबाद से 10.00 बजे खुलकर सोमवार को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी ।

गया-कोडरमा-नेसुब गोमो-बोकोरो-रांची-राउरकेला-बिलासपुर-दुर्ग-नागपुर के रास्ते -

17. गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल - यह स्पेशल 14.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से 15.00 बजे खुलकर क्रमशः बुधवार एवं शुक्रवार को 03.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।
18. गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल - यह स्पेशल 16.10.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को हैदराबाद से 22.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 11.30 बजे पटना पहुंचेगी ।
19.गाड़ी संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल - यह स्पेशल 18 अक्टूबर से 27 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को सिकंदराबाद से 21 बजे खुलेगी।

## राष्ट्रव्यापी काला दिवस का संयुक्त किसान मोर्चा का समर्थन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। 23 सितम्बर को मजदूर-विरोधी चार श्रम-संहिताओं के पारित किए जाने के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर केन्द्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी काला दिवस के आह्वान को संयुक्त किसान मोर्चा ने समर्थन देने का फैसला किया है। संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 17 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक में चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण, रोजगार के ठेकाकरण और भर्ती नीति पर प्रतिबंध के खिलाफ 23 सितंबर को काला दिवस मनाने के केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान को समर्थन जारी किया गया। जैसा कि सर्वविदित है, 2020 में कोविड महामारी और राष्ट्रीय तालाबंदी के बीच भाजपा सरकार ने किसान-विरोधी और मजदूर-विरोधी काले कानून पारित किए। ये तीन किसान-विरोधी कानून और चार मजदूर-विरोधी श्रम-संहिता पूँजीपतियों के साथ मिलकर कृषि और उद्योग में कॉर्पोरेट के कब्जे और किसान और मजदूर के शोषण के लिए लाए गए थे। देश के किसानों और मजदूरों ने इन काले-कानूनों के खिलाफ लम्बी लड़ाई लड़ी। इस संघर्ष में किसानों और मजदूरों की ऐतिहासिक एकजुटता भी देखने को मिली। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने इन चार श्रम-संहिताओं को वापस नहीं लिया। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने 23 सितम्बर को मजदूर-विरोधी चार श्रम-संहिताओं के पारित किए जाने के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर केन्द्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी काला दिवस के आह्वान को समर्थन जारी करता है।

## जीविका दीदीयों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

बरियारपुर (मुंगेर)। जिविका दीदीयों ने अपने दस सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर कार्यालय में ताला बन्दी करते हुए प्रबंधन के मनमानी के विरुद्ध ताला जड़ दिया।अपनी दस सूत्री मांग को लेकर जिविका दीदीयों ने कार्यालय में जमा कर हंगामा किया। सभी कार्यकताओं को नियुक्ति सहित पहचान पत्र उपलब्ध करायी जाय। मानदेय कंन्ट्रीव्युशने पर रोक लगाने। सभी जिविका दीदीयों का मानदेय 25 हजार रुपए किये जाने और काम से हटाने की धमकी पर रोक लगाई जाय। सभी कार्यकताओं को क्षेत्र भ्रमण भत्ता 3000 किया जाय। सभी जिविका दीदीयों अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को मानदेय दिया जाय। परियोजना में शामिल तीन साल पुरा करने पर स्थायी किया जाय। महिला कार्यकर्ता को विशेष अवकाश दिया जाय। मझ मातृत्व क्लेम दो लाख रुपये किया जाय।

भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट



# आर अश्विन ने जड़ा टेस्ट करियर का छठवां शतक

## भारत ने की मजबूत वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वापसी कर ली है। चेन्नई में खेले जा रहे इस मुकाबले के पहले दिन तीसरे सेशन में भारतीय टीम 6 विकेट पर 321 रन बना चुकी है। रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर हैं। अश्विन ने अपनी सेंचुरी पूरी की। वहीं जडेजा फिफ्टी लगाकर नाबाद हैं। दोनों ने 7वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली है। एक समय टीम इंडिया ने 144 पर 6 विकेट विकेट गंवा दिए थे। इससे पहले, ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन की पारी खेली। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने 4 विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने 1-1 विकेट लिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेशी पेसर्स ने शुरुआत से भारतीय पारी को दबाव में रखा। कप्तान रोहित शर्मा 6, शुभमन गिल 0 और विराट कोहली 6 रन बनाकर आउट हुए। इन तीनों का विकेट हसन ने लिया। यहां से जायसवाल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। हसन ने पंत को आउट कर इस पार्टनरशिप को तोड़ा। राहुल का विकेट मिराज ने और जायसवाल का विकेट नाहिद ने लिया।



### भारत का स्कोर 300 पार

भारत का स्कोर 300 पार हो गया है। रविचंद्रन अश्विन ने मेहदी हसन मिराज की बॉल पर 6 लगाकर टीम के 300 रन पूरे किए।

# आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा मारे छक्के

## सीपीएल 2024 में 240 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 गेंदों में जिताया...

**गयाना, एजेंसी।** आंद्रे रसेल का नाम भी सुना होगा और उनके काम के बारे में भी जानते होंगे. बिल्कुल वैसा ही वो सीपीएल 2024 में 18 सितंबर को खेले मुकाबले में करते दिखे हैं. त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए रसेल ने सिर्फ 15 गेंदों पर मैच जिताने वाली पारी खेली. गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रसेल आखिर तक नाबाद रहे. 240 की स्ट्राइक रेट से खेली अपनी इनिंग के बाद वो ना सिर्फ अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे बल्कि सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए.



**रसेल ने खेली मैच पलटने वाली पारी** - गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. उसके टॉप के 5 विकेट सिर्फ 89 रन पर गिर गए. लेकिन, उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे आंद्रे रसेल ने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के साथ मिलकर मैच को पलटने वाली इनिंग खेली.

**टिम डेविड के साथ रसेल ने जोड़े 60 रन** - रसेल और डेविड के बीच छठे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई, जिसने त्रिनिदाद नाइट राइडर्स के लिए मैच जीतने का काम किया. बल्ले से रंग जमाकर इन दो बल्लेबाजों ने मैच में एक वक्त लड़खड़ाती त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की पारी को 4 गेंद पहले ही जीत के दर्शन करा दिए. 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स ने ये मुकाबला 19.2 ओवर में 5 विकेट से जीता ।

श्रीलंका-न्यूज़ीलैंड टेस्ट

# श्रीलंका पहली पारी में 305 रन पर ऑलआउट

## कमिंडू का शतक, कुसल की फिफ्टी ; विलियम ओरूर्के ने 5 विकेट झटके

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका पहले टेस्ट के पहली पारी में दूसरे दिन 305 रन पर ऑलआउट हो गई। गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका ने दूसरे दिन गुरुवार को 302/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 3 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। पहले दिन बुधवार को श्रीलंका ने कमिंडू और कुसल की पारियों के सहारे 7 विकेट पर 302 रन बनाए। कमिंडू मेंडिस ने 114 रन की पारी खेली। उन्होंने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 50 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से विलियम ओरूर्के ने 5 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स और एजाज पटेल ने 2-2 विकेट लिए। यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

कमिंडू मेंडिस का शतक बुधवार को पहले सेशन में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर पथुम निसांका 27 रन और दिमुथ करुणारत्ने 2 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को विलियम ओरूर्के ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने 30 और एंजेलो मैथ्यूज ने 36 रन की पारी खेली। चांदीमल को साउथी और मैथ्यूज को विलियम ओरूर्के ने आउट किया। कप्तान धनंजय डी सिल्वा को 11 रन पर ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया।



दूसरी छोर से विकेट गिरने के बावजूद कमिंडू मेंडिस ने इंग्लैंड के अपने अच्छे परफॉरमेंस को जारी रखा और अपने करियर का चौथा शतक लगाया। उन्हें 114 रन पर एजाज पटेल ने आउट किया। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 50 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की तरफ से विलियम ओरूर्के ने सबसे ज्यादा 5 और ग्लेन फिलिप्स-एजाज पटेल ने 2-2 विकेट लिए। टिम साउथी को 1 विकेट मिला।

**कमिंडू मेंडिस ने अपने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई** - दोनों टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरीं गॉल की पिच पर दोनों ही टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरी हैं। टिम साउदी ने कहा कि हम भी बैटिंग करना चाहते थे। उम्मीद है कि इस पिच पर 5 दिनों का मुकाबला होगा। हम भी 2 तेज गेंदबाज और 2 स्पिनर्स के साथ उतर रहे हैं। हमारे पास कुछ पार्ट टाइम ऑप्शन भी हैं।



# 634 दिन बार टेस्ट में वापसी कर ऋषभ पंत ने टेस्ट में हासिल किया खास मुकाम

## धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने

**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के जरिए ऋषभ पंत ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 634 दिन के बाद वापसी की। टेस्ट में वापसी से पहले पंत ने दलीप ट्रॉफी 2024 में भी अपना हाथ आजमाया था और अच्छा प्रदर्शन किया था। पंत को पहले टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया और उन्होंने पहली पारी में कठिन परिस्थिति में भारत के लिए संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि पंत अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन प्रभावी साबित हुए। अपनी इस पारी के जरिए पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर 4000 रन पूरे किए और एमएस धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने।

### पंत ने पूरे किए 4000 रन

ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन की पारी खेली और बतौर विकेटकीपर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले पंत दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत का बतौर विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में अब टोटल स्कोर 4014 रन हो गया। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 4000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज एमएस धोनी थे। पंत अब धोनी की लिस्ट में शामिल हो गए।

# संग्राम सिंह MMA में डेब्यू के लिए तैयार

## पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ पहला मुकाबला

**त्बिलिसी (जॉर्जिया), एजेंसी।** जाने-माने पहलवान और कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यहां यूरोपियन यूनिवर्सिटी में होने वाले गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित मिक्स्ड मार्शल आर्ट पदार्पण के लिए तैयार हैं। अपने पहले स्क्रू मुकाबले की मांगों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 2-3 किलोग्राम वजन बढ़ाने के प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए संग्राम सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि तैयारी का हर पल मायने रखता है। मैं इस मुकाबले के लिए सर्वोत्तम संभव आकार में रहना चाहता हूं। हालांकि, यह नई चुनौती अपने साथ कुछ भावनाएं लेकर आई है। उन्होंने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है। अपने पहले स्क्रू मुकाबले को लेकर अपनी घबराहट के बारे में बात करते हुए संग्राम ने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता मैं परिणाम की परवाह किए बिना शानदार प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं नर्वस हूं और मैं चाहता हूं कि मेरा डेब्यू एक यादगार मैच हो। मैं जीतने के बारे में इतना जुनूनी नहीं हूं, बल्कि अपने साथियों और प्रशंसकों का सम्मान पाने की उम्मीद कर रहा हूं।



संग्राम व्रक्रू में मुख्य फाइट कार्ड के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ 93 किलोग्राम वर्ग की स्क्रू फाइट में अपनी पहली भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि आप वैश्विक आयोजनों में भाग लेते समय अपने देश को नहीं देखते हैं, तो कुछ कमी है। मैं इस पद पर पहला भारतीय पुरुष पहलवान बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मेरा लक्ष्य अपने देश को गौरवान्वित करना है। जॉर्जिया में होने वाली चैंपियनशिप में जॉर्जिया, आर्मेनिया, अजरबैजान, पाकिस्तान और यूक्रेन सहित 5 अन्य देश भाग लेंगे। व्यक्तिगत सफलता के अलावा, संग्राम को उम्मीद है कि स्क्रू में उनकी यात्रा भारत के युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, यह खेल उन युवाओं के लिए है जो अपने जुनून को आगे बढ़ाने और सक्रिय रहने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने स्क्रू को युवाओं का खेल बताते हुए कहा, इसमें अनुशासन, फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना समाहित है। मुझे उम्मीद है कि मेरी लड़ाई भविष्य में उनके लिए हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# नवदीप सिंह, क्यों ये नाम बना हुआ है सोशल मीडिया सेंसेशन?



**नई दिल्ली ।** कद छोटा है, पर काम बड़े होंगे, ये शब्द नवदीप सिंह के हैं जिन्होंने पेरिस पैरालंपिक में जैवलिन थ्रो (एफ41 इवेंट) में गोल्ड जीता। देश के इस एथलीट का हौसला देख पीएम मोदी भी खुशी से गदगद हुए। पेरिस पैरालंपिक से पहले जो नाम गुमनाम था, आज वही सोशल मीडिया सेंसेशन बना हुआ है। टीवी-अखबार से लेकर पॉडकास्ट तक नवदीप सिंह का जलवा है। गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन इस एथलीट का सफर बेहद मुश्किलों से भरा रहा है। टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप का लक्ष्य पेरिस में सिर्फ मेडल था। यहां वो केवल भारतीय जर्सी में नजर आने वाले एक एथलीट थे, लेकिन अब वो भारत समेत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गए। इस एथलीट को अपनी छोटी हाइट (बौनेपन) के लिए ताना मारा जाता था। इन तमाम चुनौतियों से परेशान होकर एक समय ऐसा था जब वो आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगे थे। लेकिन हर ताने को उन्होंने मोटिवेशन में बदला और खुद को साबित करने की ठानी।

# शतरंज ओलंपियाडः गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी)** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की। जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे। ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की। ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। चीनी टीम ने इस राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन को आराम दिया और यह एक समझदारी भरा कदम लगा, खासकर तब जब डिंग लिरेन छठे राउंड में वियतनाम के ले क्वांग लिम से हार गए थे।

महिला टीम जॉर्जिया को हराकर अजेय रही



हालांकि उनका सामना विश्व चैंपियन से नहीं हुआ, लेकिन गुकेश फिर भी भारत के लिए स्टार परफॉर्मर रहे क्योंकि उन्होंने पहले बोर्ड पर शीर्ष चीनी ग्रैंडमास्टर वेई यी को हराया। लगभग समान रेटिंग वाले दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में, गुकेश एक ऐसे खेल में विजेता बनकर उभरे जिसमें शुरुआत में उन्हें थोड़ी बढ़त मिली थी, लेकिन चीनी जीएम ने बहादुरी से वापसी की और बढ़त हासिल की।

हालांकि, गुकेश ने बढ़त हासिल करने के लिए कुछ सटीक चालें चलीं और अंततः चीनी खिलाड़ियों की कुछ ढीली चालों का फायदा उठाते हुए 80 चालों में मैच जीत लिया। भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर यह रही कि इस दौर में अर्जुन एरिगैसी का 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड समाप्त हो गया, हालांकि वह एक समय शीर्ष-10 खिलाड़ी रहे बु जियांगझी के साथ ड्रॉ के बाद अपराजित रहे। आर प्रग्नानंदा ने यू यांगी के साथ ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती की जगह आए पेंटला हरिकृष्णा को कम रेटिंग वाले वांग यू ने ड्रॉ पर रोका।

महिला वर्ग में, भारतीय टीम ने मजबूत जॉर्जिया टीम को हराकर लगातार सातवीं जीत के साथ अपना अपराजित क्रम बरकरार रखा।

वैशाली ने काले मोहरों से इंटरनेशनल मास्टर लेला जावाखिशविली को हराया जबकि वंतिका अग्रवाल ने उच्च श्रेणी की बेला खोतेनाश्विली को हराया। पहले बोर्ड पर द्रोणवल्ली हरिका ने नाना दजाग्निडेज़ के साथ ड्रा खेला जबकि तीसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख को नीनो बत्सियाश्विली ने ड्रा कराया। लेकिन वैशाली और वर्तिका की जीत ने सुनिश्चित किया कि भारतीय महिलाओं का अपराजित क्रम बना रहे।

## नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक जंगलराज का प्रमाण: मल्लिकार्जुन खड़गे

**नवादा, एजेंसी।**
बिहार के नवादा में महादलित टोला में दबंगों द्वारा फायरिंग के बाद 80 घरों में आग लगाने कि घटना को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जंगलराज का नाम दिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अंधेरे में गरीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुंह में दही जम गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर



लिखा, नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम ग्रामीण-गरीब असुरक्षा और खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। हमारी राज्य सरकार से मांग है कि ऐसा अन्याय करने वाले दबंगों पर सख्त कार्रवाई हो और सभी पीड़ितों का समुचित पुनर्वास किया जाए।

दरअसल यह घटना नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देदौर कृष्णा नगर टोले की है। इस महादलित टोला में लगभग 100 घरों से अधिक महादलित परिवार रहते है। ग्रामीणों के मुताबिक अचानक हुई घटना की वजह से लोग कुछ समझ नहीं पाए। दनादन गोलियों की आवाज सुनकर बस्ती में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह घटना बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे की है, जब महादलित बस्ती में कई घरों में महिलाएं खाना बना रही थी। इस घटना में घर के जरूरी सामान जलकर खाक हो गए, वहीं इस आगजनी में कई मवेशियों के जलकर मरने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पंहुची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से टोला में पीड़ित परिवारों को खाने की सामग्री वितरित की गई।

घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि, घटना के बाद 10 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस घटना की जांच पड़ताल जारी है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

## सलमान खान के घर गोलीबारी के आरोपी का दावा-जेल के डॉक्टर ने मांगे 10 हजार रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के एक आरोपी ने बुधवार को आरोप लगाया कि जेल के एक डॉक्टर ने उसकी टूटी हुई उंगली के इलाज के लिए पैसे मांगे। अप्रैल में गोलीबारी की घटना में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किए गए हरपाल सिंह ने न्यायाधीश बीडी शेल्के के समक्ष यह आरोप लगाया, जब उसे वीडियो लिंक के जरिये मुंबई में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की विशेष अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने तलोजा जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सिंह इसी जेल में बंद है। अदालत ने जेल अधिकारियों से आरोपी को आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए भी कहा।

बांद्रा में 14 अप्रैल की सुबह सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने पांच राउंड गोलीबारी की थी। पुलिस ने दावा किया था कि हमले के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ है। अब तक इस मामले में छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

सिंह ने बुधवार को अदालत को बताया कि पिछले आठ महीने से उनके दाहिने हाथ की एक उंगली चोटिल है। उसने आरोप लगाया कि सीएमओ ने उसे अस्पताल भेजने के लिए 10,000 रुपये की मांग की। अदालत ने मामले में सात अक्टूबर तक रिपोर्ट मांगी है।

## गुरुग्राम में बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़, भीख मंगवाने के लिए उठाया था 5 साल का मासूम

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के चंगुल से 5 साल के एक बच्चे को भी बचाया गया है। बच्चे का मंगलवार को अपहरण किया गया था। गुरुग्राम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम को बेहरामपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि जब उसका पांच वर्षीय बेटा खेल रहा था उसी दौरान एक अज्ञात महिला आई और उसे उठाकर ले गई। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। बच्चे की तलाश के लिए आनन-फानन में पुलिस की दो स्पेशल टीमें गठित की गईं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार देर रात को बताया कि सेक्टर 52 इलाके से दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान वर्षा (27), आशा उर्फ ??सपना (23) और उसके पति मुकुल (27) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हैरान करने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि दोनों महिलाएं मंगलवार को बच्चे का अपहरण करने के लिए बेहरामपुर गांव आई थीं। जब बच्चा सड़क पर खेल रहा था उस दौरान वर्षा ने उसका अपहरण किया। वह बच्चे को घाटा गांव ले आई, जहां मुकुल और सपना बच्चे को अपने किराए के कमरे में ले आए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने बच्चे को बिहार ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे बचा लिया। अधिकारी ने यह भी बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने बच्चे को सड़कों पर भीख मांगवाने के लिए अगवा किया था।

### संक्षिप्त समाचार

## ऋतिका सिंह ने कहा, "मनासा शर्मा मेरे किरदार मीनाक्षी का जीता-जागता उदाहरण है

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई सीरीज बेंच लाइफ में एक कर्मचारी की कॉर्पोरेट जिंदगी को एक नए अंदाज में दिखाया गया है। इसमें आईटी की दुनिया का वह सच सामने आता है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। जब किसी कर्मचारी के पास काम नहीं होता, तो उसे 'बेंच्ड' कहा जाता है। इस शो में एक मजेदार दोस्तों का ग्रुप है, जो कॉर्पोरेट कल्चर के उतार-चढ़ावों का सामना करते हुए बेंच्ड होने का भी अपना ही मजा लेते हैं।बालू, मीनाक्षी, ईशा और रवि के किरदार इस शो में अपनी-अपनी खासियतें लेकर आते हैं। वे कभी महत्वाकांक्षी होते हैं, तो कभी आराम की तलाश में। इस अनोखी कहानी में ये चारों दोस्त मिलकर जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं का सामना करते हैं, जिससे दर्शकों को एक अलग ही नजरिया देखने को मिलता है।इस शो में मीनाक्षी का किरदार भी बहुत खास है, जो डायरेक्टर बनना चाहती है, लेकिन कॉर्पोरेट दुनिया की उलझनों में फंसी हुई है। इस किरदार को एक्ट्रेस ऋतिका सिंह ने निभाया है। हाल ही में उन्होंने अपने किरदार के पीछे की असल प्रेरणा के बारे में बात की और बताया, बेंच लाइफ में मेरा किरदार हमारी निर्देशक मनासा शर्मा की असल जिंदगी पर आधारित है। उनके सफर को देखना मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक था। उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम किया और अब अपनी खुद की सीरीज का निर्देशन कर रही हैं। यह देखना वाकई खुशी की बात है कि महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने जुनून को बनाए रखती हैं, अपने दिल की बात सुनती हैं, और पूरी मेहनत से उस पर काम करती हैं। समाज की उम्मीदों और नियमों के बीच अपने पसंदीदा काम को करने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। बेंच लाइफ में ऐसे किरदार को निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूँ। सोनी लिव की सीरीज बेंच लाइफ का निर्देशन मनासा शर्मा ने किया है और इसका निर्माण पिंक एलीफैंट पिक्चर्स के तहत निहारिका कोनिडेला ने किया है।

## पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों को चाकू मारा, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के चेन्नम्मा सर्कल में मंगलवार आधी रात को तीन युवकों को चाकू मारने की घटना हुई. पुलिस ने बताया कि घटना में दर्शन पाटिल, सतीश पुजारी और प्रवीण गुंडियागोला घायल हो गए. युवक के पेट में चाकू घोंपकर पांच आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, घायलों को इलाज के लिए बेलगावी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने जिला अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली. मामले पर टिप्पणी करते हुए सिटी पुलिस कमिश्नर इडा मार्टिन मार्बनियांग ने मीडिया से कहा, यह घटना चेनम्मा सर्किल में हुई. गणेश विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी नहीं हुई, यह सिर्फ एक झगड़ा था. पुलिस ने झगड़ा रुकवाया और युवकों को वापस भेज दिया.उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि दोनों समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी थी. जुलूस के दौरान नाचते समय सभी एक-दूसरे को छू रहे थे.

## देश में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि, यूएई से केरल लौटा शख्स पाया गया पॉजिटिव

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है। केरल सरकार ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से हाल ही में लौटे 38 वर्षीय शख्स इस संक्रमण से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम के 38 वर्षीय व्यक्ति का संयुक्त अरब अमीरात से लौटने के बाद परीक्षण कराया गया था, जो पॉजिटिव आया है। फेसबुक पर एक पोस्ट में जॉर्ज ने लोगों से उपचार लेने और बीमारी से संबंधित कोई भी ज्ञात लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि एमपॉक्स के मरीज को अलग कर दिया गया है और मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार उसका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि 9 दिन पहले देश में पहले मंकीपॉक्स केस की पुष्टि हुई थी। पीड़ित शख्स ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी।

## नोएडा में नौवीं क्लास का छात्र चला रहा था वाहन चोरी का गैंग

### एनसीआर में अलग-अलग जगह मिलीं गायब गाड़ियां

**नोएडा एजेंसी।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में बाइक चलाने और अन्य शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी करने वाले 9वीं कक्षा के नाबालिग छात्र समेत दो लोगों को थाना फेज-वन पुलिस ने दबोचा है। आरोपियों के पास से अलग-अलग स्थान से चोरी की गई पांच बाइक बरामद हुई हैं। गैंग के फरार चल रहे साथियों को पुलिस खोज रही है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार रात थाना फेज-वन पुलिस को सूचना मिली थी। बताया गया कि टकसाल के पास दो लोग खड़े हैं। दोनों लोग दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने निखिल शर्मा और एक बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने एनसीआर के विभिन्न जगहों से चोरी की गई पांच बाइक बरामद हुई हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि निगरानी में लिया गया बाल अपचारी 9वीं कक्षा में फेल हो चुका है। पुलिस ने आगे बताया कि नाबालिग पिछले दो माह से सेक्टर-15 में कम्प्यूटर कोचिंग कर रहा है।

आरोपी की मित्रता आरोपी निखिल शर्मा उर्फ सॉफ्टवेयर से हुई जो डिलीवरी ब्वाय का काम करता है तथा 9वीं तक पढ़ा है। दोनों बाइक चलाने व अन्य शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी करते थे। साथ ही बदल बदलकर कभी पार्किंग में तो कभी मैट्रो स्टेशन के आस पास अन्य बाइक के साथ खड़ी कर दिया करते थे। मौका पाकर बाइक को बेच देते थे। आरोपी बेची गई बाइक से मिली धनराशि से अपना खर्चा चलाते थे और अपने शौक पूरे करते थे। पूछताछ में यह भी पुलिस को पता चला है कि आरोपी घटनाओं का मास्टरमाइंड बाल अपचारी है। उसके शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों से जन्मतिथि भिन्न भिन्न हैं। इसके संबंध में जांच की जा रही है।

## गुरुग्राम में 555 जर्जर इमारतें, दिल्ली जैसे हादसे का बढ़ा खतरा

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम में भी दिल्ली के करोलबाग जैसा हादसा कभी हो सकता है। यहां नगर निगम ने 555 जर्जर इमारतों को तीन साल पहले चिह्नित किया था। इसके बाद से इन पर निगम की तरफ से न तो सील करने की कार्रवाई की गई और न ही इनमें रह रहे लोगों से खाली करवाई गई है।

इन जर्जर इमारतों में रहने वाले लोग अब भी अपनी जान को जोखिम में डाल कर रह रहे हैं। वहीं, इनसे हादसे का भी खतरा है। बता दें कि दिल्ली के करोलबाग में बुधवार की सुबह एक मकान भरभरा कर गिर गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। वहीं, गुरुग्राम में जर्जर इमारतों को चिह्नित किए नगर निगम को तीन साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई कदम उठाया नहीं गया। निगम अधिकारियों ने इन इमारतों के मालिकों को सिर्फ नोटिस देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। मानसून के मौसम के दौरान लगातार बारिश होने और गलियों



में जलभराव होने से पानी जर्जर इमारतों की नींव में चला जाता है। जिस कारण यह जर्जर इमारतें भरभरा कर गिर जाने का हर समय खतरा रहता है। दिल्ली से पहले ऐसा ही एक हादसा यूपी के मेरठ शहर में भी हुआ था, जिसमें एक ही परिवार चार से ज्यादा लोगों की दबने से मौत हो गई थी। अब दिल्ली के करोल बाग में भी यह हादसा हो गया है। ऐसे में गुरुग्राम में भी ऐसा हादसा नहीं हो इसके लिए निगम की तरफ से जर्जर इमारतों का सर्वे तो करवा लिया है, लेकिन इनके खिलाफ आज कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डिविजन अनुसार कार्यकारी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जर्जर इमारतों की रिपोर्ट तैयार करनी होती है। इसके बाद निगम की तरफ से इन भवन मालिकों को नोटिस दिया जाता है, अगर जवाब संतोषजनक नहीं मिलता है तो उसे खाली करने के लिए बोला जाता है या फिर मकान को तोड़ने के निर्देश दिए जाते हैं। अगर मकान मालिक यह कहता है कि उन्हें मकान से कोई खतरा नहीं है तो उसे खुद अपने भवन को ऑडिट करवाना होता है। ऑडिट रिपोर्ट निगम में जमा करवानी होती है। अभी तक न तो किसी भवन मालिक ने ऑडिट करवाकर निगम को रिपोर्ट दी है और न ही निगम ने किसी पुरानी इमारत को तोड़ा है। निगम की तरफ से करवाए गए सर्वे में भीमनगर, जैकबपुर, सुभाष नगर, नया बाजार, गोपाल नगर, नई बस्ती, चक्करपुर, सिंकदरपुर, राजेंद्रा पार्क, लक्ष्मण विहार, कृष्णा कॉलोनी, भीम नगर, शिवाजी नगर, मियां वाली कॉलोनी, पटेल नगर, दयानंद कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, गांव झाड़सा समेत दर्जनों स्थानों पर अवैध और असुरक्षित भवन बने हुए हैं। शहर के सबसे पुराने और सबसे बड़े सदर बाजार में मस्जिद के पास एक दुकान काफी पुरानी है। भवन जर्जर होने के बाद भी यहां होटल चलाया जा रहा है। दुकान मुख्य गली में होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का अवागमन होता है। वहीं, इस दुकान से आगे एक बहुत बड़ी जर्जर इमारत बनी हुई है।

## हमास के युद्ध के बीच जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकी, रिपोर्ट्स में दावा

**बर्लिन , एजेंसी।** इस्राइल इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े संघर्षों में से एक में उलझा हुआ है और ऐसे वक्त में जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में जर्मनी के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के हवाले से यह दावा किया गया है। बीते साल जर्मनी ने इस्राइल को करीब 36 करोड़ डॉलर के हथियार सप्लाई किए थे, यह साल 2022 की तुलना में 10 गुना ज्यादा थे। हालांकि इस साल जर्मनी से इस्राइल को हथियारों की सप्लाई में गिरावट आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी ने इस साल इस्राइल को सिर्फ एक करोड़ साठ लाख डॉलर के ही हथियार भेजने की ही मंजूरी दी है। जर्मनी की संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में ये आंकड़े अर्थव्यवस्था मंत्रालय द्वारा दिए गए हैं। जर्मनी के अधिकारियों का कहना है कि इस्राइल के खिलाफ मानवाधिकार संबंधी कानूनी मामले चल रहे हैं। यही वजह है कि इन मानवाधिकार संबंधी कानूनों का उल्लंघन न हो, इसलिए जर्मनी ने इस्राइल को हथियारों



की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। हालांकि अभी तक जर्मनी की सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस्राइल के खिलाफ गाजा में जारी नरसंहार के खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में चल रहा है। साथ ही इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की मांग करते हुए एक केस यूरोपीयन सेंटर फॉर कॉन्स्टिट्यूशनल एंड ह्युमन राइट्स द्वारा बर्लिन में दर्ज कराया गया है। इन्हीं मामलों में जर्मनी सरकार ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है।

## तालिबान के राजदूत ने कर दिया पाकिस्तान के राष्ट्रगान का अपमान, भड़क गई शहबाज सरकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत में एक बार फिर ठन गई है। मामला पाकिस्तान के पेशावर में एक कार्यक्रम से जुड़ा है। जब कार्यक्रम की शुरुआत में पाकिस्तान का राष्ट्रीय गान चलाया गया तो उपस्थित अपगान राजदूत अपनी कुर्सी पर ही बैठे थे। इस मामले को पाकिस्तान सरकार ने गंभीरता से लिया है। अफगान राजदूत की तालिबान से शिकायत की है। विदेश मंत्रालय ने मामले में अफगान के प्रभारी राजदूत को भी तलब किया। अफगान दूतावास की तरफ से अजीबो-गरीब दलील आई है। पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शहबाज शरीफ सरकार ने तालिबान से शिकायत की है कि देश के उत्तर-पश्चिम में एक कार्यक्रम के दौरान जब पाकिस्तानी राष्ट्रगान गाया गया तो एक अफगान राजनयिक खड़ा नहीं हुआ। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर विरोध



जताते हुए अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत और इस्लामाबाद में अपने सबसे वरिष्ठ राजनयिक अहमद शाकिब को तलब किया। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, पेशावर में अफगान वाणिज्य दूत मोहिबुल्लाह शाकिर एक आधिकारिक समारोह के दौरान जब राष्ट्रगान गाया गया तो वे अपनी सीट पर ही बैठे रहे। मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा कि मेजबान देश के राष्ट्रगान का ऐसा अनादर कूटनीतिक मानदंडों के खिलाफ है।

**अफगान दूतावास की अजीबो-गरीब दलील:** पेशावर में अफ़गान वाणिज्य दूतावास ने इस मामले में बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि शाकिर इसलिए खड़े नहीं हुए क्योंकि राष्ट्रगान संगीत के साथ चल रहा था। अगर राष्ट्रगान बिना संगीत के गाया जाता तो शाकिर सम्मान में खड़े हो जाते। उन्होंने कहा कि शाकिर को यह जानकारी थी कि अगर राष्ट्रगान संगीत के साथ चले तो खड़े होने की जरूरत नहीं है, वरना वो राष्ट्रगान को सम्मान जरूर देते।

## श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एनपीपी नेता दिसानायके का बड़ा दावा

**कोलंबो, एजेंसी।**
श्रीलंका में अगले हफ्ते राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इसी को लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। इस बीच, नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अनुरा कुमार दिसानायके ने आगामी चुनाव के लिए अपना अभियान पूरा कर लिया है। उन्होंने दावा किया है कि वह इस साल का चुनाव जीतने जा रहे हैं।

बता दें, श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के लिए 21 सितंबर को मतदान होना है। ऐसे में 48 घंटे पहले यानी बुधवार को प्रचार अभियानों पर रोक लगा दी गई है। मतदान शनिवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 13,400 से अधिक मतदान केंद्रों पर होगा। यहां 1.7 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के नेता दिसानायके ने कोलंबो के घनी आबादी वाले नुगेगोडा में अपनी अंतिम रैली की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। हम 22 सितंबर की सुबह राष्ट्रपति पद पर जीत हासिल कर निश्चित रूप से सरकार बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी एनपीपी जीत के बाद संपूर्ण शासन और सामाजिक परिवर्तन लाएगी। उन्होंने यह भी कहा, हमारे पास तमिल और मुस्लिम अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के लोगों का अविश्वसनीय समर्थन है। हमारी सरकार एक सच्ची श्रीलंकाई सरकार होगी, जो कठिन संघर्षों के वर्षों के दौरान केवल एक सपना ही रह गई थी।

गौरतलब है, दिसानायके नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के प्रमुख हैं, जो



समान विचारधारा वाले समूहों का गठबंधन है। लेकिन वह मुख्य रूप से 2014 से जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता हैं, जो श्रीलंका का सबसे प्रभावशाली मार्क्सवादी संगठन है, जिसने 1971 और 1987-90 में राज्य की सत्ता पर कब्जा करने के लिए खूनी विद्रोह किए थे। उत्तर कोरिया ने 1971 के विद्रोह का सक्रिय रूप से समर्थन किया था, जिसे भारत सहित कई देशों की मदद से श्रीलंकाई सुरक्षा बलों ने कुचल दिया था, जिससे दोनों पक्षों में हजारों लोग मारे गए थे।

देश में शनिवार को होने वाले चुनाव से पहले जमकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। आज और कल चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं है। ऐसे में पहले ही प्रचार अभियान को पूरा कर लिया गया। श्रीलंका में एक नया राष्ट्रपति पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना जाएगा, जो 73 वर्षों में आए सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद पहला चुनाव होगा।

तीन प्रमुख उम्मीदवारों में से एक, वर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को अपनी रैली के दौरान कहा कि आईएमएफ सुधार के तहत आर्थिक सुधार का वर्तमान कार्यक्रम देश को एक और दिवालियापन में जाने से बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 75 साल के नेता ने कहा, मैं युवा पीढ़ी के लिए एक भविष्य बनाना चाहता हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि श्रीलंका कर्ज लेने और कर्ज में डूबने पर निर्भर नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि दिसानायके और साजित प्रेमदासा की नीतियों से एक और आर्थिक मंदी आएगी। लोगों को आर्थिक सुधार को बनाए रखने के लिए बुद्धिमानी से मतदान करना चाहिए। वहीं, प्रेमदासा ने अपनी अंतिम रैली में कहा कि वह 20 लाख से अधिक मतों के बहुमत से जीतेंगे। वह आर्थिक समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेंगे। साथ ही आर्थिक संकट से प्रभावित लोगों को रियायतें देंगे।

## पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग: हम अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस गठबंधन के साथ, रक्षा मंत्री का बेतुका बयान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उनका देश जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर कांग्रेस गठबंधन के रुख से सहमत है। हालांकि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की बात है, लेकिन अनुच्छेद 370 पर पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। बुधवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान हुआ। मतदान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जिससे पाकिस्तान का चिंतित होना स्वभाविक है।

पाकिस्तान के एक टीवी कार्यक्रम में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ शामिल हुए। इस दौरान एंकर ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किया और कहा कि जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए जब लागू किया गया था तो उस वक्त केंद्र में कांग्रेस क पंडित नेहरू और जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला सत्ता में थे। अब एक बार फिर दोनों साथ आए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129